रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 1 अप्रैल 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 217 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मोदी ने की पोप फ्रांसिस के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पोप फ्रांसिस के अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मोदी ने पोप के ट्वीट के जवाब में रिट्वीट किया, पोप फ्रांसिस के अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पोप फ्रांसिस ने अपने ट्वीट में कहा मैं पिछले कुछ घंटों में प्राप्त कई संदेशों से अभिभूत हूं और मैं संवदेना एवं प्रार्थना के लिए अपना आभार व्यक्त करता हूं। पोप फ्रांसिस को बुधवार को श्वसन संक्रमण का पता चलने के बाद कुछ दिनों के लिए रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### मुख्यमंत्री ने बिसाहू दास महंत की जयंती पर उन्हें किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने लोकप्रिय राजनेता स्वर्गीय बिसाहू दास महन्त को स्मरण करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन जनसेवा से जुड़ा रहा। महन्त ने अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक तथा मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए अपनी अमूल्य सेवाएं दी। हसदेव बांगो सिंचाई परियोजना उनके सपनों का साकार रूप है।

# ईडी की कार्रवाई शुक्रवार को भी रही जारी भिलाई में कोल ट्रांसपोर्टर के यहां छापा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रही। भिलाई के ट्रांसपोर्टर अचल भाटिया के यहां ईडी ने दबिश दी है। भटिया कोल परिवहन से जुड़े हुए कारोबारी बताये जा रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार दोपहर को ईडी की टीम भाटिया के यहां पहुंची जहां कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तारी की अफवाह**

पिछले तीन दिन से चल रही ईडी की कार्रवाई के बाद उद्योगपतियों तथा अधिकारियों को हिरासत में लनें की अफवाह सोसल मीडिया में उडती रही। कुछ व्यापारियों तथा अफसरों को ईडी ने बयान देने के लिए अपने कार्यालय बुलाया था जिसको लेकर गिरफ्तारी का हल्ला उड़ रहा था। शुक्रवार शाम तक कोई गिरफ्तारी की बात सामने नहीं आई है। न ही ईडी द्वारा कोई अधिकृत रुप से जानकारी सार्वजनिक की गई है। ईडी ने उद्योगपति कमल सारडा, आईएएस अनिल टूटेजा, केडी कुंजाम, अबकारी विभाग के संचालक एपी त्रिपाठी, उद्योग विभाग के अफसर प्रवीण शुक्ला, शराब कारोबारी अमोलक भाटिया, पप्पू भाटिया, नवीन केड़िया तथा कांग्रेस से जुडे नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई है। सूत्र बताते है कि कुछ का बयान लिया गया है। तथा कुछ लोगों को अलग-अलग दिन ईडी दफ्तर बयान के लिए बुलाया गया है।



## उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति-2021-22 में कथित अनियमितताओं के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज प्राथमिकी में पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। राउस एवेन्यू स्थित एम. के. नागपाल की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद 51 वर्षीय सिसोदिया की जमानत याचिका अस्वीकार कर दी। सीबीआई ने लंबी पूछताछ के बाद 26 फरवरी को गिरफ्तार सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। बाद में सिसोदिया को विशेष अदालत में पेश किया गया था, जहां उन्हें सीबीआई के अनुरोध पर सिसोदिया को चार मार्च तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा था, जिसकी अवधि समाप्त होने पर दो दिनों की और सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। सीबीआई हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

## बावड़ी हादसे में 36 की मौत 18 सुरक्षित निकाले गए

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के इंदौर के बेलेश्वर मंदिर परिसर में रामनवमी के दिन बावड़ी की छत गिरने के कारण हुए हादसे में 36 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गयी और 18 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घायलों से मुलाकात करने के साथ ही घटनास्थल का मुआयना किया। स्थानीय स्नेह नगर क्षेत्र के बेलेश्वर मंदिर में रामनवमी के दिन श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए एकत्रित हुए थे। मंदिर परिसर में एक पुरानी बावड़ी थी, जिसे छत बनाकर ढक दिया गया था। गुरुवार को दिन में लगभग 12 बजे अचानक छत भरभराकर गिर गयी और उस पर खड़े लोग बावड़ी में गिर गए। सूचना मिलने पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू हुए और कल रात तक 13 लोगों के शव निकाले गए। वहीं 18 लोगों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राहत एवं बचाव कार्य में सेना के जवानों की भी मदद ली गयी और शुक्रवार सुबह तक शेष 23 लोगों के शव और निकाले गए। इसके साथ ही राहत एवं बचाव कार्य पूरा हो गया। कुल 36 लोगों की मृत्यु दर्ज की गयी। जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घायलों की स्थिति खतरे के बाहर बतायी गयी है। हालाकि कुछ घायलों का गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में इलाज चल रहा है।

## राज्य के कई आईएएस अफसर लम्बी छुट्टी में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



वित्त विभाग की सचिव डी. अमरमेलमंगई 2 माह की लम्बी छुट्टी पर चली गई है। मिली जानकारी अनुसार स्वास्थगत कारणों से डी. अमरमेलमंगई 30 जून तक छुट्टी पर रहेगी। वही उत्तरप्रदेश से प्रतिन्युक्ति के बाद वापस लौटी आईएएस श्रुति सिंह भी 2 माह के अवकाश पर चली गई है। 2005 बैच की आईएएस संगीता आर भी जून माह में ज्वाईन करेंगी। 2001 बैच की अफसर शहला निगार भी अवकाश पर है।

### अधिवक्ता अनिमेष तिवारी एडिशनल एडवोकेट जनरल नियुक्त

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा अधिवक्ता अनिमेष तिवारी को छत्तीसगढ़ शासन की ओर से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में पैरवी करने के लिए एडिशनल एडवोकेट जनरल नियुक्त किया गया है। तिवारी को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन से आदेश जारी किया गया है।

## शाह ने किया माणसा नगरपालिका के विकास कार्यों का शिलान्यास

वार्ता ◄ गांधीनगर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से गुजरात की माणसा नगरपालिका के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। शाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तब से आज भूपेन्द्र पटेल तक सबने गुजरात में विकास को सबसे ज्यादा अहमियत दी है और गुजरात को देश में सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की नींव डालने का काम किया है। उनके विद्यार्थी जीवन की शुरुआत में माणसा की समृद्ध लायब्रेरी ने बहुत बडा योगदान दिया है और इस लायब्रेरी ने अनेक लोगों के जीवन में उजाला बिखेरा है। माणसा में कुल 56 करोड रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ है। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों में भूगर्भ सीवर गटर लाईन योजना और उसके साथ लगभग 22 करोड रूपए की लागत से चंद्रासण और अन्य तालाबों को जोड़कर उन्हें नर्मदा और गटर के साफ किए हुए पानी से भरकर सिंचाई और पर्यटनस्थल पर इस्तेमाल करने और जलस्तर को ऊपर लाने की एक अत्याधुनिक व्यवस्था करना है।

## दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत, दो घायल

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के शास्त्री पार्क इलाके में शुक्रवार सुबह एक घर में आग लगने से बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य झुलस गये। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुबह नौ शास्त्री पार्क पुलिस थाने को मछली बाजार के पास मजार वाला मार्ग पर एक घर में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर में झुलसे और बेहोशी की हालत में पड़े नौ लोगों को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल भिजवाया। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इनमें से छह लोगों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया और दो व्यक्तियों का उपचार जारी है जबकि एक अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। प्रारंभिक जांच में संदेह जताया गया है कि जलती हुई मच्छर कॉइल रात के समय गद्दे पर गिर गयी थी, जिससे फर्श के चारों ओर जहरीला धुआं पैदा हो गया और इसके असर से घर के लोग बेहोश गये और बाद में दम घुटने से उनकी मौत हो गयी।

## अमन सिंह की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच का सामना कर रहे अमन सिंह को हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। अमन सिंह की ओर से दायर की गई अग्रिम जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने मंजूर कर लिया है। फिलहाल कोर्ट के इस आदेश के बाद अब अमन सिंह को ईओडबल्यू गिरफ्तार नहीं कर सकती है। जस्टिस राकेश मोहन की बेंच ने पहले ही इस मामले में सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसले को सुरक्षित रखा था, शुक्रवार को उन्होंने ने इस मामले में फैसला सुनाया।



# राम नवमी के शोभायात्रा में 18 झांकियों का दल हुआ शामिल

## बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता बना आकर्षण का केंद्र

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा नवरात्रि के अवसर पर क्रमानुसार विविध धार्मिक आयोजन सम्पन्न कराया गया, जिसमें प्रमुख रूप से रामानुजगंज शहर के अधिकाधिक घरों में हनुमत ध्वजा लगाने के साथ-साथ श्री राम मंदिर में भव्य संध्या आरती की गई तथा रामनवमी को कन्हर तट स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में प्रातःकाल से भजन-कीर्तन एवं दोपहर के समय में निर्धारित शुभ मूर्हत में श्रीराम जन्मोत्सव तदोपरांत भण्डारे के बाद मध्य बाजार स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर से विभिन्न झांकियो के माध्यम से गाजे-बाजे और भव्य आतिशबाजी के साथ श्रीराम दरबार की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रीराम भक्त महिला-पुरुष, बच्चे सभी शामिल हुए। रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में समिति द्वारा की गई व्यापक तैयारियों के परिणाम स्वरूप रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा के दरिम्यान श्रीराम भक्तो का ऐतिहासिक जनसैलाब देखने को मिला तथा देर रात तक चले शोभा यात्रा में अंतिम समय तक डटे रहे जनसैलाब ने सभी का मनोबल बढाया। श्रीराम दरबार की शोभा यात्रा में उमड़े जन सैलाब के मद्देनजर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किए गए थे।

रामनवमी के अवसर पर आयोजित श्रीराम दरबार की शोभा यात्रा में शामिल होने शहर के विभिन्न वार्डो से बडी संख्या में श्रीराम दरबार की दर्जनों मनमोहक झांकियां केशरिया ध्वज एवं गाजे-बाजे के साथ जैसे ही मध्य बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर पहुंची वैसे ही सडको पर पूरे शहर के श्रीराम भक्तो का जन सैलाब उमड़ पड़ा। नगर में पहली बार 18 झांकी दलो ने श्रीराम भक्तों की टोली के साथ श्रीराम दरबार की शोभा यात्रा में भाग लिया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रही। चैत्र नवरात्रि के अंतिम तिथि रामनवमी को प्राचीन श्रीराम मंदिर में दोपहर में शुभ मुहूत में ठीक 1 बजे श्रीराम जन्मोत्सव पश्चात महाप्रसाद का आयोजन संपन्न हुआ। तदोपरान्त साम 4 बजे से प्राचीन हनुमान मंदिर से गाजे बाजे और भव्य आतिशबाजी के साथ श्रीराम दरबार की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। मध्य बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से दर्जनों झांकियों के साथ निकली भव्य शोभा यात्रा पीपल चौक, अग्रवाल मोहल्ला, पवार हाउस रोड, अग्रसेन चौक, पहाड़ी मंदिर चौक, आढत रोड, भारत माता चौक, लरंगसाय चौक, बस स्टैंड, रेस्ट हाउस रोड, महामाया चौक सहित अन्य प्रमुख मार्गो से होते श्रीराम मंदिर पहुंची जहा पुजारी यशपाल दुबे के द्वारा बाल कलाकारों से सुस्जिजत श्रीराम दरबार की आरती की गई तदोपरांत सभी झांकी टोलिया गांधी मैदान के मंच पर पहुंची जहां आर.एस.एस के जिला संचालक सुभाष जायसवाल, न.पं. उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद अशोक जैसवाल, सुभाष केशरी, कन्हैया लाल अग्रवाल, अरुण केशरी, अजय केशरी, महेश अग्रवाल, पार्षद मुकेश जायसवाल, राजेश सोनी, विजय रावत, अजय गुप्ता, कौशल जायसवाल,अविनाश गुप्ता, विनय पाण्डेय एवं श्रीमती ललीता कश्यप,श्वेता दास के द्वारा श्रीराम दरबार की झांकी का स्वागत् कर एवं श्रीराम चन्द्र कृपालु भजुमन गीत के साथ भव्य आरती एवं पूजन किया गया। कार्यक्रम के दरिम्यान उपस्थित वरिष्ठजनो के हाथो झांकी दलों के मध्य प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला संघचालक सुभाष जायसवाल, वरिष्ठ पार्षद अशोक जायसवाल ने नगर वासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए भव्य एवं वृहद आयोजन के लिए रामनवमी महोत्सव आयोजन समिति को धन्यवाद दिया।

# चैत्र नवरात्र की महाष्टमी पर महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर में हवन पूर्णाहुति संम्पन्न

■ मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के परिवार ने की महामाया माता की पूजा अर्चना

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



बुधवार को महाष्टमी पर मां महामाया मंदिर एवं माता शीतला मंदिर में हवन पूजन सम्पन्न हुआ। हवन का कार्यक्रम संध्या 5 बजे प्रारम्भ हुआ। नवरात्रि में अष्टमी का विशेष महत्व होता है, नौ दिन उपवास रहने वाले व्रती विशेष रूप से अष्टमी के हवन में सम्मिलित होते हैं। ऐसा मानना है कि तभी व्रतियों के नवरात्र के व्रत पूर्ण होते हैं। मुख्य मंत्री भूपेश बघेल की धर्मपत्नी, पुत्री, सुपुत्र, पोते एवं बहू ने भी सप्तमी, अष्टमी में मन्दिर आकर महामाया माता की पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। महाष्टमी में ऊषा काल से ही मंदिर में माता के दर्शन पूजन हेतु भक्तों का तांता लगा हुआ था। अन्य दिनों की अपेक्षा मंदिर में आज तीन गुना अधिक भीड़ दिखाई दी। सायं पांच बजे रायपुर से पधारे डॉ. आचार्य यशवंत शर्मा द्वारा हवन कर्म संम्पन्न कराया गया। सायं 7 बजे पूणार्हुति दी गई। हवन में स्थानीय लोगों के अतिरिक्त आसपास के ग्रामों से ग्रामीणजन भी भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में महामाया मंदिर में 1946 ज्योत जलाए गए थे जिनमे विदेशों से भी लोगों ने अपने व परिवार की मंगल कामना के लिए माता के दरबार में आस्था के ज्योत प्रज्वलित कराए। ज्ञातव्य हो कि गत वर्ष लगभग 1806 ज्योति कलश स्थापित कर प्रज्वलित किया गया था। सम्पूर्ण कुम्हारी नगर भक्तिमय भावपूर्ण वातावरण में डूबे दृष्टि गोचर हुए। महाष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भोग वितरण भी किया गया। व्यक्तिगत एवं कई संस्थाओं ने भी मंदिर परिसर में भोग वितरित किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाष्टमी के इस पावन अवसर पर माता के दर्शन हेतु अन्य दिनों की अपेक्षा श्रद्धालु भक्त जनों की कहीं अधिक भीड़ थी।

# विस्फोटक सहित दो माओवादी गिरफ्तार



■ नक्ससलियों ने पुलिस पार्टी को क्षति पहुचाने के लिये लागए थे आईईडी

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

डी आर जी थाना मिरतुर एवं छसबल कैम्प तिमेनार की सयुंक्त पार्टी माओवादी विरोधी अभियान मे हुर्रेपाल, की ओर निकली थी । अभियान के दौरान हुर्रेपाल पटेलपारा मार्ग पर टेकरी के पास आई ई डी प्लांट कर बैठे 02 माओवादि पकड़ा गए । जिनके शिनाख्त पर टेकरी से 05 किग्रा का टीफिन बम, डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक तार, बैटरी एवं स्वीच बरामद किया गया । पूछताछ पर अपना नाम कोरसा मंगलू पिता रघू कोरसा उम्र 20 वर्ष निवासी हपकापारा एटेपाल थाना मिरतुर, देवा मुचाकी पिता कोसा मुचाकी उम्र 21 वर्ष निवासी पटेलपारा हुर्रेपाल थाना मिरतुर का होना बताये । पकड़े गये माओवादी संगठन में आई ई डी टीम के सदस्य है । इसके पूर्व दिनांक 27 मार्च 2023 को एटेपाल कैंप के समीप टेकरी मे हुये आई ई डी विस्फोट की घटना में शामिल थे जिसमें ए पी सी शहीद हुए थे । घटना में शामिल 02 अन्य लोगो के नाम भी पूछताछ के दौरान इनके द्वारा बताया गया है जिनकी पतातलाश की जा रही है । उपरोक्त के विरूद्ध थाना मिरतुर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

# नपा. में शहर विकास पर 96. 58 का बजट हुआ पेश...

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



नोक झोंक के बीच नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का नगर विकास पर आय व्यय का अनुमानित लाभ का बजट पेश किया गया है। 96 करोड़ 58 लाख 52 हजार रुपए का फायदे का बजट आज नगर पालिका में पेश हुआ। बजट में 96 करोड़ 3 लाख 51 हजार रुपए का व्यय बताया गया। वहीं 55 लाख एक हजार रुपए का लाभ का बजट प्रस्तुत किया गया।

अध्यक्ष सभाकक्ष में शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग छत्तीसगढ़ी वेषभूषा में उपाध्यक्ष व सभापति कृष्ण कुमार चंद्राकर और सीएमओ डी एल वर्मन के साथ छत्तीसगढ़ी महतारी की पूजा अर्चना व राजकीय गीत से बजट भाषण की शुरुआत की। गोबर से निर्मित ब्रीफकेस में नगर पालिका परिषद की आमसभा में वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पटल पर रखा गया। आमसभा की बैठक में नपाध्यक्ष महिलांग ने 96 करोड़ 55 लाख 51 हजार रुपए का लाभ का बजट पेश करते हुए बताया कि 96 करोड़ 3 लाख 51 हजार रुपए का व्यय बताया है। उन्होंने आमसभा में उपस्थित उपाध्यक्ष, सभापति, पार्षदों को बजट की प्रति का पठन करते हुए बताया कि 55 लाख एक हजार रुपए का फायदे का बजट है। इस बीच पीआईसी के 6 एजेंडे को नपाध्यक्ष महिलांग ने आमसभा में रखा तो पार्षद महेन्द्र जैन ने अपनी बजट पर अपनी आपत्ति जताते हुए कहा कि, बजट को लेकर पार्षदों से अभिमत नहीं लिया गया। मांगों जाते तो बहुत से पार्षद शहर विकास की आवश्यकताओं पर अपना अभिमत देते। इस दौरान श्री जैन ने अध्यक्ष से कहा पालिका भवन के पीछे स्थित महावीर कॉर्नर पिछले 13 सालों से लंबित है। इस बीच पार्षद देवीचंद राठी ने गरीबों के मुद्दे पर कहा कि, शहर में ऐसे भी गरीब परिवार है जिनके पास भूमि तक नहीं है। ऐसे गरीबों के लिए इस बजट में कोई भी प्रावधान नहीं किया गया। जबकि गरीबों को न्यूनतम शुल्क में आवास उपलब्ध कराना चाहिए था। आमसभा की बैठक में सभी सभापति, पार्षद, एल्डरमेन, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

**बजट से पहले टेका मत्था :** नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने बजट प्रस्तुत करने से पहले नगर के सभी आस्था केंद्रों में पहुंचकर मत्था टेका और नगर तथा नगर वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की जिसके बाद में बजट प्रस्तुत करने नगर पालिका कार्यालय पहुंची।

**बजट में यह कार्य हैं प्रस्तावित :** मिनी स्टेडियम मे विभिन्न उन्नयन कार्य 1 करोड़, संजय कानन उन्नयन कार्य 1 करोड़, मोती गार्डन में सुव्यवस्थित पेंशनरों हेतु बैठक, बच्चो के हेतु उन्नयन कार्य 50 लाख, सभी उद्यानो का सौदर्यीकरण कार्य 1 करोड़, आक्सीजोन निर्माण कार्य 3 करोड़, नवीन नगर पालिका भवन निर्माण कार्य 3.33 करोड़, महिला बाजार निर्माण कार्य ( 03 स्थानो पर ) 50 लाख, व्यापारियों के लिए दुकान निर्माण कार्य 3 करोड़, ईमली भाठा मुक्ति धाम उन्नयन कार्य 25 लाख, नयापारा मुक्ति धाम उन्नयन कार्य 25 लाख, नयापारा में मल्टी जीम व भवन निर्माण कार्य 50 लाख, तुमगांव रोड क्रासिंग मे दोरो ओर शेड निर्माण कार्य 30 लाख, वार्ड क्र. 24 मे स्थित तालाब मे सौदर्यीकरण 70 लाख, दो स्थानो पर मल्टी लेबल सिटी पार्किंग 2 करोड़, बंधवा तालाब सौदर्यीकरण कार्य 2 करोड़, सभी तालाबों का सफाई एवं सौदर्यीकरण कार्य 2 करोड़, महाराणा प्रताप चैक निर्माण लाख, रायपुर रोड मे विद्युतीकरण कार्य (टयूबलर पोल) 50 लाख , जगत विहार कालोनी मे ओपन जीम निर्माण कार्य 10 लाख, गोकूल नगर 1 करोड़, शहर के विभिन्न स्थानों में दुकान, काम्पलेक्स का निर्माण 1 करोड़, ई लायब्रेरी निर्माण 1 करोड़, तीन स्थानों में सिवेज टीटमेंट प्लांट स्थापना कार्य 7.25 करोड़, दो स्थानों पर चैक निर्माण कार्य 50 लाख, ईमली भाठा बांध के शहरी क्षेत्रों में सौन्दकरण 1 करोड़, मृत नहर को लिंक रोड बनाने हेतु प्रस्ताव 12 करोड़, नया बस स्टॅण्ड निर्माण ग्राम मचेवा 4.40 करोड़, थोक सब्जी बाजार निर्माण 1 करोड़, शहर में स्थित सभी छोडी बडी नालियों में कवर लगाना 1 करोड़, एकता चैक से लेकर नहर तक डामरीकरण 20 लाख, गुलशन चैक से लेकर श्रीराम वाटिका गेट तक डामरीकरण कार्य 20 लाख, आलोक पांडे घर से विनय बंसपाल टाप निर्माण कार्य 20 लाख, निर्मलकर घर से शंकर ठाकुर घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 20 लाख, पाल पानी फै क्ट्री से चंचल दूबे घर तक सीसी रोड निर्माण।

# ग्राम पंचायत कुकानार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राम नवमी का पर्व




**सुकमा।** ग्राम पंचायत कुकानार मे दिनांक 30 मार्च 2023 को श्री राम नवमी का पर्व बहुत हि हरसोल्लास के साथ मनाया गया। इस पूरे कार्य म के दौरान सभी लोगों का आपसी तालमेल देखते हि बनता है। छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी लोगों ने अपना भरपुर समय इस दौरान दिया। दिन की शुरुआत श्री राम मानस मंडली के द्वारा सुंदर कांड के से की गई, जिसकी अगुवाई अध्यक्ष भानु भदौरिया के द्वारा की गई। इस दौरान उनका साथ देने के लिए रज्जूलाल चौहान, जयपाल चौहान, नितेश राजावत, गुलशन राठौर,राजू चौहान आदि लोग उपस्थित रहे। सुंदर कांड के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसकी बागडोर साकेश भदौरिया, आकाश भदौरिया, देवेश चौहान, शेखर पासवान के हाथ मे थी। भंडारे के दौरान किशोर पासवान के द्वारा किसी भी खाद्यान सामग्री की कमी नहीं हुई। भंडारे के बाद विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, और पुरा गाँव जय श्री राम के नारों से गुंजता रहा, शोभायत्रा की पुरी जिम्मेदारी अज्जू चौहान, बीजी चौहान, गुलशन राठौर, मोहित भदौरिया और उनके साथियों की रही जिसे उन लोगों ने भरपुर तरीके से निभाया। इस सफल कार्य म के लिए गाँव के बुजुर्गो ने भी भर भर हाथों से युवापीढ़ी को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं।

# पुलिस की मुस्तैदी से एक घंटे में हाफ मर्डर करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



डॉक्टर द्वारा हालत नाजुक होने से किया रायपुर रिफर पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के दिशा निर्देशन में तथा अति पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा द्वारा किसी भी गंभीर मामले में तत्परता से कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया है। आज प्रार्थी तरनेस सिह पिता गुरदीप सिह उम्र 41 साल साकिन वार्ड क्रमांक 06 शंकर नगर सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. 31 मार्च को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि सतनाम सिंग के मकान व दुकान तरफ आरोपी मार्शल फिलीप हमेशा आना जाना करता था जिसे सतनाम सिंग ने बार बार इधर क्यों आते कहकर पूर्व में मना किया था एवं मना करने पर रजिस रखा था कि आज दिनांक 31 मार्च के सुबह करीबन 06.30 बजे सतनाम सिंग जय स्तंभ चैक सिमगा तरफ घुमने गया था तभी जय स्तंभ चैक में मार्शल फिलीप ने सतनाम सिंग को देखकर रंजिस गुस्सा से उत्तेजित होकर अपने हाथ में रखे चाकू से हत्या करने की नियत से सतनाम सिंग को 07-08 बार चाकू से मारा है। जिससे सतनाम सिंग के सिर, गला के नीचे पीठ, दाहिने पसली के पास एवं कुल्हे में 03-04 जगह, जाघ मे चोटे आई है चुन निकला है तत्काल उसे इलाज हेतू सरकारी अस्पताल सिमगा ले गये जिसे इलाज हेतू डाक्टर द्वारा रायपुर रिफर किया गया है की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 137/2023 धारा 307 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया है। थाना सिमगा प्राभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी द्वारा प्रकरण के गंभीरता को देखते हुए आरोपी के घर में दबिश दिया गया आरोपी फरार होने की फिराक में था जिसे पुलिस द्वारा तुरंत दर दबोचा गया। आरोपी मार्शल नीरज फिलीप पिता नीरज एडिशन फिलीप उम्र 20 साल साकिन वार्ड क्रमांक 11 सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकु एवं खुन सना कपडा जप्त किया गया है। आरोपी मार्शल नीरज फिलीप पिता नीरज एडिशन फिलीप उम्र 20 साल साकिन वार्ड क्रमांक 11 सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को 31 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है उक्त कार्यवाही में सउनि विष्णु नारायण सिह, मनोहर सिह राजपुत, प्रआर चन्द्रभान पाण्डेय राम नारायण वर्मा, आरक्षक अरविंद कौसिक, विजय टोप्पो का विशेष योगदान रहा है

# बिरकोनी में रामनवमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा, आकर्षण का केंद्र बनी झांकी



पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

ग्राम बिरकोनी में राम नवमी के अवसर पर गुरुवार को रामजानकी मंदिर से विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया।शोभायात्रा से पूर्व भगवान श्रीराम की शुभमहूर्त पर आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने शाही स्नान कर पूजा अर्चना की।ग्राम के मुख्य मार्ग से श्रीराम भगवान के प्रतिमा की झांकी को विराजित कर यात्रा प्रारम्भ किया।शोभायात्रा राम मंदिर चौक से साहू पारा, चण्डी गेट,बरबसपुर रोड़, भाटापारा, गौरागौरी चौक, सरस्वती चौक, सुभाष चौक, बाजार चौक से भक्ति मय वातावरण के साथ बेंड बाजे की धुन पर लोग जय श्रीराम के नारे और हिंदू एकता की जय की नारे लगाते हुए।बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, महिलाएं शामिल रहे। शोभायात्रा में भगवान श्री राम की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही।इस दरमियान श्रद्धालु पैदल हाथों में भगवा झंडा के साथ शोभायात्रा में चले। वहीं बैंड बाजे की धुनों पर भगवा वस्त्रों में बालिकाएं व युवा झूमते नाचते नजर आएं। शोभायात्रा पर जगह-जगह स्वागत द्वारा बनाकर पूजा अर्चना किया। फाटकों से अतिशबाजी की गई।सनातन सेवा समिति के सदस्यों ने विशाल भगवा झंडा लहराकर समापन राम जानकी मंदिर में किया गया।

# सुकमा, छिंदगढ, दोरनापाल, कोंटा, कूकानार, तोंगपाल में रही रामनवमी की धूम

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



रामनवमी के पहले धार्मिक झंडे व पोस्टर को लेकर उपजे विवाद के बावजूद सम्पूर्ण सुकमा जिले में रामनवमी की धूम रही जिला मुख्यालय में रामनवमी के अवसर पर निकली शोभायात्रा में लगभग 5 हजार सनातनियों ने भाग लिया डीजे की धुन पे नाचते गाते रामजी के जयकारे लगाते जब उत्साहपूर्ण यह शोभायात्रा निकल रही थी ऐसा लग रहा था मानो पूरा सुकमा भगवामय हो गया इस शोभायात्रा में आसपास के गांव से भी लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया इस शोभायात्रा में प्रमुख रूप से जिले के व्यापारी, कर्मचारी, विभिन हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता व पत्रकारों के साथ साथ प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम व विहिप के जिलाध्यक्ष लच्छुराम व अन्य उपस्थित रहे।

**छिंदगढ में भी रही रामनवमी की धूम :** सुकमा जिले के विखासखण्ड छिंदगढ में भी रामनवमी की धूम रही स्थानीय शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर राम मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई डीजे पर भक्ति गीतों में नृत्य करते हुए राम जी व भारत माता की जयकारे लगाते हुए सनातनी माता बहनों व अन्य लोगों को लगभग डेढ़ किमी का यह सफर तय करने में चार घण्टे लग गए छिंदगढ में पहली दफा हो रहे इतने भव्य शोभायात्रा में सनातनियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया।

**भंडारे का भी किया आयोजन :** शोभायात्रा निकालने से पूर्व छिंदगढ में भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें राहगीरों एवं ग्रामीणों को प्रसादी वितरण किया गया

**मुस्लिम समाज ने की शीतल पेय की व्यवस्था :** राम नवमीं के पावन अवसर पर हिन्दू धर्म के लोगों द्वारा नगर में निकले जुलूस में एक बार फिर छिंदगढ़ में धार्मिक सौहार्द का नज़ारा देखने को मिला जब अंजुमन इस्लामिया कमेटी छिंदगढ़ के तरफ से खुद रोज़ा रख कर मुस्लिम समुदाय के द्वारा हिन्दू भाइयों को शीतल पेय पिलाते नज़र आए। जिसमे कमेटी के सदर जनाब नसीब खान सेकेट्री जावेद बाशा व सभी जमात के लोग मौजूद रहे। इस पूरे शोभायात्रा के दौरान छिंदगढ में भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी,हूँगाराम मरकाम के अलावा पत्रकार सोनू तिवारी व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**कूकानार व तोंगपाल में भी निकली शोभायात्रा :** जिले के कूकानार व तोंगपाल में भी इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई कूकानार में शोभायात्रा के साथ साथ भंडारा,सुंदरकांड,महिला मंडली के द्वारा कीर्तन का भी आयोजन किया गया था जिसमें गाँव के बड़े,बुजुर्ग व बच्चों ने भी भाग लिया तोंगपाल में भी पूरे नगर में शोभायात्रा की फेरी लगाई गई। कूकानार में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भानु भदौरिया के अलावा अमित,रोशन, राजकुमार, कुलदीप व छोटे छोटे बच्चे सिद्धि, सिद्धांत, अदयुत, चंदू, लड्डू व अन्य उपस्थित रहे।

**दोरनापाल व कोंटा में निकली भव्य शोभायात्रा :** जिले के आंध्र व तेलंगाना से लगे हुए सीमा पर बसे हुए कोंटा व दोरनापाल में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों सनातनी ने भाग लिया।

**भारी सुरक्षा के बीच निकली शोभायात्रा :** जिले के समस्त स्थानों पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए थे जिला मुख्यालय को पुलिस की छावनी के रूप में तब्दील कर दिया गया था।

# मुख्यमंत्री बघेल ने 'कका जिन्दा हे' छत्तीसगढ़ी गीत आडियो का किया विमोचन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 'कका जिन्दा हे' छत्तीसगढ़ी गीत आडियो का विमोचन किया। उन्होंने इस मौके पर आडियो के माध्यम से शासकीय योजनाओं को गीत के तर्ज पर पिरोए जाने पर इसके रचयिता प्रधान आरक्षक दिलीप ताम्रकार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



**महासमुंद।** राहुल गांधी का लोकसभा की सदस्यता समाप्त मामले में खाद्य मंत्री अमरजीत भगत महासमुंद पत्रकार वार्ता के लिए पहुंचे। वहीं नगर पालिका के पेश होने वाले बजट से पहले भगत नगर पालिका परिषद पहुंचे। जहां नपाध्यक्ष राशि महिलांग एवं पार्षदों ने भगत का भव्य स्वागत किया। इस दौरान भगत ने नपा अध्यक्ष से नगर पालिका के कामकाज को लेकर चर्चा की। इस मौके पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, प्रदेश महामंत्री अमरजीत चावला सहित कार्यकर्तागण मौजूद थे।

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण : ओरछा एवं नारायणपुर ब्लॉक सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

## जिला स्तर के अधिकारी करेंगे मैदानी निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विगत दिनों जिला पंचायत के सभा कक्ष में कलेक्टर अजीत वसन्त के मार्गदर्शन में विकासखण्ड नारायणपुर एवं ओरछा के सुपरवाइजरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा दो चरणों में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रशिक्षण के पश्चात एक अप्रैल से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया जाना है, सर्वेक्षण का उद्देश्य विगत वर्षो में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनसामान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आंकलन कर प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा नई योजनाओं के निर्माण हेतु उपयोग किया जाना है। विकासखंड में निवासरत ग्रामीण परिवारों का सर्वेक्षण कार्य राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाना है। इसके लिए प्रत्येक ग्राम के परिवार संख्या के आधार पर एक प्रगणक दल का गठन किया गया है, जिसमें एक महिला सदस्य एवं एक पुरुष सदस्य शामिल किया गया है। ग्राम पंचायत जहां परिवारों की संख्या अधिक हो वहां आवश्यकता अनुसार एक से अधिक दलों का गठन भी किया जा सकता है। इस अवसर पर एसईसीसी-2011 की सूची, प्रधानमंत्री आवास स्थाई व प्रतीक्षा सूची, आवास प्लस सूची, राशन कार्ड धारी परिवारों की सूची, धान विक्रय के किसान पंजीयन सूची एवं मनरेगा जॉब कार्ड सूची ग्राम पंचायत में नियुक्त प्रगणको की संख्या के आधार पर आवश्यक संख्या में उपलब्ध कराई जाएगी। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि सर्वे के दौरान मकान, शौचालय एवं परिवार के प्रत्येक सदस्य के आधार कार्ड का फोटो अपलोड किया जाएगा। इस प्रकार यह ऑफलाइन व हार्ड कॉपी में किया जाने वाला सर्वे है। ग्राम सभा के अनुमोदन के पश्चात यह अंतिम सूची जारी किया जाएगा। ट्रेनर द्वारा सर्वे के महत्व को समझाते हए पूर्ण ईमानदारी व वास्तविक जानकारी देने की बात कही गयी। साथ ही समस्त प्रगणकों, सुपरवाइजरों के एंड्रॉइड मोबाइल में सर्वे हेतु एप्प डाउनलोड कराया गया। इस क्रम में आज जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण जिला कार्यालय के सभागार में भी आयोजित किया गया था। ये सभी जिला अधिकारी अपने आबंटित संकुलों में चल रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का निरंतर निरीक्षण कर सुपरवाइजरों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ देवेश कुमार ध्रुव सहित जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

# बेरोजगारी भत्ता योजनान्तर्गत आज से बेरोजगारों का होगा पंजीयन

## जिले के ग्रामीण व नगरीय ईलाकों में बनाए गए हैं पंजीयन केन्द्र

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



राज्य शासन की बेरोजगारी भत्ता योजनान्तर्गत जिले में 1 अप्रैल से बेरोजगारों का पंजीयन किया जाएगा। बेरोजगारों के पंजीयन हेतु जिले के ग्रामीण और नगरीय ईलाकों में कलस्टर गठित कर पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। जिसके तहत जिले के कोंडागांव ब्लॉक में 25, माकड़ी में 10, फरसगांव में 12, केशकाल में 13 और बड़ेराजपुर में 7 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारों की सुविधा के मद्देनजर 5 से 7 ग्राम पंचायतों के बीच एक पंजीयन केन्द्र बनाया गया हैं। वहीं नगर पालिका परिषद कोंडागांव में 4, नगर पंचायत फरसगांव में 3 और नगर पंचायत केशकाल में 3 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं, प्रत्येक पंजीयन केन्द्र में पंजीयन के लिए दलों को नियुक्त किया गया हैं। बेरोजगारी भत्ता योजनान्तर्गत पात्रता के तहत आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए, आवेदन किये जाने वाले वर्ष की 1 अप्रैल को आवेदक की आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष तक होना चाहिए। आवेदक मान्यताप्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकेंडरी परीक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदक की स्वयं का आय का कोई स्त्रोत न हो और आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोंतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदक को जिला रोजगार और मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत हो व आवेदन के वर्ष की 1 अप्रैल को हायर सेकेंडरी अथवा उससे अधिक योग्यता से उसका पंजीयन न्यूनतम 2 वर्ष पुराना होना चाहिए। नवीन रोजगार पंजीयन अर्थात 1 अप्रैल 2021 के बाद के नये रोजगार पंजीयन वाले आवेदक पात्र नहीं होंगे। आवेदक बेरोजगारी भत्ता के लिए निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर ऑनलाइन पंजीयन करवा सकते हैं, इसके अलावा वेबसाइट पर स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में बेरोजगारी भत्ता योजनान्तर्गत बेरोजगारों के पंजीयन के लिए तैयारी की समीक्षा करते हुए इस दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रत्येक पंजीयन केन्द्र में पंजीयन दलों की ड्यूटी सहित विद्युत, इंटरनेट, पेयजल, छाया, आवेदकों के बैठने इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पंजीयन दलों को समुचित प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए हुआ भाषण प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नेहरू युवा केंद्र कांकेर भारत सरकार के युवा मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्था हैं इसके कार्यक्षेत्र अंतर्गत राजस्व जिला कोंडागांव भी समाहित हैं, के द्वारा जिला स्तरीय पने आस-पड़ोस में युवा सांसद विषय आधारित भाषण प्रतियोगिता जिसकी मौलिक अभिव्यक्ति 'वसुधैव कुटुंबकं' रही। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर प्रांगण में भारत मंडावी, व्याख्याता व सूत्रधार द्वारा एक दिवसीय भाषण प्रतियोगिता आयोजन हर्ष उल्लास और गौरवपूर्ण माहौल में 28 मार्च को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला युवा अधिकारी कांकेर अभिषेक आनंद सिंह, अधयक्ष सुरंजन आचार्य समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि हितेंद्र कुमार श्रीवास, प्रधान अध्यापक बालक आश्रम करिया कांटा और गणमान्य अतिथि गण अनूप कुमार विश्वास प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर, उप प्राचार्य श्यामलाल नेताम, रम्मी चंद्रवंशी व्याख्याता, राजेश नेताम शिक्षक, बाबूलाल दीवान लेखापाल, संदीप मरकाम वरिष्ठ लिपिक, कमल पोयाम कनिष्ठ लिपिक, तिलक पटेल, जानकी मंडावी, पटेल और विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थिति रहें। अतिथिगणों का पुष्पगुच्छ भेंट कर और लाली टीका लगाकर अभिवादन कर व सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुति के द्वारा भारतीय परंपरा अनुसार अभिनंदन किया गया। स्वागत उद्बोधन जिला युवा अधिकारी कांकेर ने आयोजन के थीम वसुधैव कुटुंबकम के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए किया। इसके पश्चात प्रतियोगिता प्रतिभागियों में से निहारिका कौशिक ने वैश्विक समूह पर केंद्रित अपना महत्वपूर्ण भाषण प्रस्तुत किया गया। हितेंद्र कुमार श्रीवास के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 विषय गर्भित विस्तृत जानकारियां बस्तर संभाग की आदिम जीवनशैली में समाहित हैं। अगले क्रम पर प्रतिभागी छात्र दीपक मुकाम ने अपना भाषण पारस्तु किया, प्रभारी प्राचार्य अनूप विश्वास ने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए इंग्लिश भाषा से सराबोर अपने भाषण में विद्यार्थियों के जीवन लक्ष्य निर्धारण के सूत्र दिए जबकि प्रतिभागियों के अवसरों और अतिथियों के उद्गारों का एक के बाद एक सिलसिला ने उपस्थित सभी विद्यार्थीगणों में अभूतपूर्व उत्साह तथा रोमांच भर दिया।

# बांदे बीएसएफ के 132वी सीमा सुरक्षा बल ने अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र गत्तापल्ली में लगाया सिविक एक्शन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◂ पखांजूर
www.dailypioneer.com





30 मार्च को गांव गत्तापल्ली में सिविक एक्शन प्रोग्राम वा मेडिकल कैंप का आयोजन 132 बटालियन सीमा सुरक्षा बल के द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर. रहित कुमार, चीफ मेडिकल ऑफिसर,जी बी एस भट्टी कार्यवाहक कमान्डेंट, बी के राय सी ओ बी कुर्रेनार, देवी दुर्गा अधिकारी, सरपंच गांव पी वी 86, साधु अचला पटेल गांव गत्तापल्ली, पद्दुराम पोटाई पटेल गांव मरकनर, गंदू राम अचला पटेल गांव पड़ेंगे, साहू बोघा पटेल गांव मेखावाही, गंगूराम पडा गांव तिरलगांव, उत्तम बिस्वास अध्यापक मिडल स्कूल पी वी 86, सीमा बारोई अध्यापिका आंगनवाड़ी गांव गत्तापल्ली, बिजन, सचिव पंचायत पड़ेंगे , के द्वारा फीता काटकर शुभ आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान गांव वाला का जरूरत का सामान वितरित की जाने वाली सामग्री में मुख्यत सीन टैक्स,पतीला, कंबल,चटाई दुपट्टा,लूंगी,धोती, गमछा, पम्प मशीन, सोलर लाइट ,बच्चे के लिए स्टेशनरी का सामान, ट्रैकसूट, खेलकूद का सामान जैसे फुटबॉल,वालीबाल क्रिकेट बैट, टेनिस बॉल ,बैडमिंटन रैकेट, सेटल का वितरित किया गया। इसके साथ ही आसपास के गांव के बीमार व्यक्तियों के लिए मेडिकल कैंप से फ्री में इलाज तथा दवाइयों का वितरण किया गया। आज के इस कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर रहित कुमार, चीफ मेडिकल ऑफिसर,जी बी एस भाटी, कार्यवाहक कमान्डेंट, निरक्षक बी के राय , निरक्षक मुकेश कुमार मीणा, सामान्य शाखा । हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, सर्तक शाखा एफटीआर भिलाई । आसपास के ग्राम पड़ेंगे, गत्तापल्ली, मेखावही, मरकानर, पी वी 86, मिडिल स्कूल के गांव वासियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चे महिलाएं बुजुर्ग सहित लगभग 696 लोगों ने हिस्सा लिया और साथ ही सभी को दोपहर का भोजन भी करवाया।

# नगर में रामनवमी के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, आतिशबाजी ढोल बाजे के धूम से झूमे भक्त



पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव नगर मे आज रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा सर्व हिन्दू समाज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा मर्दापाल के हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाला गया, जो नगर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए पूरे शहर में भ्रमण किया। आपको बता दे कि, इस शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए कई दिनों से तैयारी चल रही थी जो कि, बहुत ही अच्छे तरीके से सफल हूई। इस भव्य शोभायात्रा मे जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया गया और राम मंदिर समिति के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस रामनवमी को लेकर कोंडागांव वासियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया, जहां नगर के राम मंदिर में भी भक्तों के द्वारा रामनवमी पर्व को मनाने हेतु तैयारियां की जा रही थी और साथ ही राम मंदिर में पूजा अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया।

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के लिए सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com







शनिवार 1 एक अप्रैल से प्रारंभ हो रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के लिए सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। वीर सावरकर सभागार में शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने सभी के टीम भावना के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने कहा कि सर्वेक्षण हेतु सुपरवाइजरों को महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। आपका दायित्व है कि प्रगणकों के समूह के साथ उचित समन्वय स्थापित कर उनकी आवश्यकता अनुसार आवश्यक सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच सचिवों के सहयोग से संपूर्ण सर्वेक्षण कार्य को पूर्ण कराएं। पूरे प्रदेश में एक अप्रैल से एक साथ सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ होगा। बस्तर जिले में इसके लिए 456 प्रगणक दल नियुक्त किए गए हैं। साथ ही तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग के लिए जिला और जनपद स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। सर्वेक्षण कार्य में जानकारी गुणवत्तायुक्त हो, ताकि शासन को आगामी योजना के निर्माण में सहुलियत हो। सर्वेक्षण हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक दल के तौर पर ग्राम सचिव, रोजगार सहायक व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के दल को भी तैयार रखने के निर्देश दिए।प्रशिक्षण कार्यशाला को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे ने सर्वेक्षण कार्य की गुणवत्ता को परखने के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और पर्यवेक्षकों को भी मैदानी भ्रमण करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य से कोई भी व्यक्ति न छूटे, इस उद्देश्य के साथ कार्य को पूर्ण करना है। मास्टर ट्रेनर के तौर पर महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के संजय त्रिवेदी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# 1 अप्रैल से जिले में लागू होगी बेरोजगारी भत्ता योजना

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा संपूण छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू की जा रही है। इस योजना के तहत् पारिवारिक आय (आवेदक के परिवार के समस्त स्त्रोतों से प्राप्त वार्शिक आय), परिवार (पति-पत्नि, 18 वर्श से कम आयु के आश्रित बच्चें) आय एवं निवास प्रमाण पत्र (जो तहसीलदा व उच्च राजस्व अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो) को परिभाशित किया गया है। पात्रता अनुसार आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना, 1 अप्रैल को आवेदक की आयु 18 से 35 वर्श का होना, मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के अलावा राज्य के जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत होना (पंजीयन 1 अप्रैल से 2 वर्श पुराना होना अनिवार्य) तथा परिवार के वार्शिक आय 2 लाख 50 हजार से अधिक न होना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही अपात्रता की शर्ते भी जारी की गई है। इसके अनुसार यदि किसी परिवार के एक से अधिक सदस्य बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्रता की शर्तो को पूर्ण करते हैं तो परिवार के एक ही सदस्य को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा। ऐसी स्थिति में बेरोजगारी भत्ता उसी सदस्य को स्वीकृत होगा जिसकी उम्र अधिक हो। उम्र समान होने की स्थिति में रोजगार कार्यालय में पहले पंजीयन कराये गये सदस्य को बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र किया जाएगा। इसके अलावा आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य केन्द्र अथवा राज्य सरकार की किसी भी संस्था अथवा स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या ग्रुप डी को छोड़कर अन्य किसी भी श्रेणी की नौकरी में होने पर अपात्र होंगे। साथ ही पूर्व एवं वर्तमान मंत्रियो, राज्य मंत्रियों और संसद या विधानसभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्य, नगरनिगम के पूर्व एवं वर्तमान महापौर, जिला पंचायतों के पूर्व एवं वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होंगे।

## राम-सीता की विधिवत पूजा-अर्चना आरती के बाद सम्पन्न हुई शोभायात्रा

# राममवमीं के पावन अवसर पर किरन्दुल में निकली राम दरबार की भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com



हिन्दू नववर्ष एवं श्री रामनवमी के पावन अवसर पर किरंदुल नगर में गुरुवार शाम को श्री राम दरबार की विराट एवं भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।शाम 5 बजे ग्राम पंचायत कोड़ेनार रिंग रोड नम्बर 4 दुर्गा मंडप परिसर से भगवान श्रीराम जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो बंगाली कैम्प लक्ष्मणपुर कैंप रामपुर कैंप बस स्टैंड एवं अन्य मुख्य मार्गो से परिक्रमा करते हुए रात 10:30 बजे गांधीनगर पहुंची जहां रामसीता की विधिवत पूजा अर्चना आरती के बाद शोभायात्रा सम्पन्न हुई।बता दें शोभायात्रा के अवसर पर राम जी के दरबार को जगह-जगह आरती की गई।बच्चों द्वारा श्री राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, सुग्रीव, जाम्बवत आदि का वेश धारण किया गया।जगह जगह आतिशबाजी की गई।राम भक्त माथे पर तिलक एवं सर पर भगवा साफा बांधे हुए बच्चे,बुजुर्ग,युवा,महिलायें सभी ''रामजी की निकली सवारी'' ''घर-घर भगवा छायेगा'' ''बजरंगबली बजरंगबली'' जैसी ओजपूर्ण गीतों की डीजे के धुन पर जमकर थिरकते रहे, वहीं पूरी लौहनगरी ''जय जय श्री राम'' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रही व चारों ओर भगवा ध्वज के रूप में हिंदुत्व का परचम लहराया।श्रीरामचंद्र जी की झांकी का जगह-जगह पर लोगों ने आरती उतारी तथा पुष्पवर्षा से स्वागत किया।विभिन्न समाज के महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना कर शंखनाद किया गया तथा धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया।मौके पर हज़ारों की संख्या में रामभक्त उपस्थित थे तथा रामदरबार के दर्शन हेतु सड़क के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थीं।

# 10 साल से फरार था हत्या का आरोपी, गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के आदेश से भेजा जेल



पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के आदेश से एडिशनल एसपी शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के स्थाई वारंटी के गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी तारतम्य 29 मार्च को डीएसपी सतीश भार्गव के पर्यवेक्षण में थाना मर्दापाल द्वारा 10 साल पुराने मर्डर के स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हैं। यह घटना हैं 6 जुलाई दरम्यानी रात पोहमार निवासी गागरा कश्यप, पिता काण्डे कश्यप द्वारा संतुराम पिता सोनूराम, उम्र 22 वर्ष, निवासी पोहमार के साथ मिलकर ढालुराम पिता स्व. लखमूराम उम्र 45 वर्ष, निवासी पोहमार, पटेलपारा को धारदार हथियार से जान से मारकर हत्या कर दिया था। जिस पर थाना मदार्पाल में अपराध क्रमांक 7, धारा 302, 34 कायम कर विवेचना के दौरान आरोपी संतुराम पिता सोनूराम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, परन्तु आरोपी गागरा कश्यप पिता काण्डे कश्यप करीबन 10 वर्ष से फरार था। जिससे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोंडागांव न्यायालय से आरोपी गागरा कश्यप का स्थाई वारंट प्राप्त होने से वारंटी की गिरफ्तारी हेतु पतासाजी की जा रही थी।

# दो साल पुराने पंजीयन वाले ही बेरोजगारी भत्ता के लिए भरें आवेदन : कलेक्टर

## दफ्तर में भीड़ न बढ़ाएं

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




बेरोजगारी भत्ते की घोषणा के बाद रोजगार एवं अन्य कार्यालयों में अचानक भीड़ से प्रशासन चिंतित है।कलेक्टर रजत बंसल ने कहा है रोजगार कार्यालय में दो वर्ष पहले पंजीकृत युवाओं को ही भत्ते की पात्रता है। उन्हें नया पंजीयन कराने या कार्ड के नवीनीकरण की अभी जरूरत नहीं है। बेरोजगारी भत्ते के आवेदन के लिए कोई अंतिम तिथि नहीं है, इसलिए हड़बड़ी न करें आवेदन का पोर्टल लगातार खुला रहेगा और ऑनलाइन आवेदन कभी किया जा सकता है। कलेक्टर ने 1 अप्रैल से भत्ता के लिए आवेदन पोर्टल खोलने व तैयारी के लिए अफसरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र में आवेदक के बैंक खाते की जानकारी ली जा रही है,जिसका सत्यापन बैंक मेनेजर से कराने के बाद बेरोज़गारी भत्ते की राशि आवेदक के बैंक खाते में प्रतिमाह सीधे भेजी जायेगी। आवेदक कृपया ध्यान रखकर अपने बैंक खाते की सही जानकारी भरें, जिससे उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिलने में कोई कठिनाई न हो। आवेदक को अपने ही बैंक खाते की जानकारी भरनी है, किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते की नहीं,अन्यथा बैंक मेनेजर सत्यापन के समय बैंक खाते को गलत बतायेगा और बेरोज़गारी भत्ते की राशि उस खाते में अंतरित नही होगी। कलेक्टर बंसल ने बताया कि आवेदन के बाद सभी आवेदकों को दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के लिए पहले से समय देकर बुलाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 3-5 पंचायतों व नगरीय क्षेत्रों में 3-4 वार्डो के समूह के क्लस्टर बनाए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन इन क्लस्टरों में होगा, जिससे किसी भी आवेदक को दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने घर से दूर न जाना पड़े। सत्यापन स्थल पर आवेदकों के बैठने आदि की अच्छी व्यवस्था होगी। सत्यापन के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की टीमें उपलब्ध रहेंगी।

### घर बैठें करें पंजीयन

कलेक्टर बंसल ने कहा कि पंजीयन पंजीयन पोर्टल पर घर बैठे हो सकेगा। पोर्टल का यूआरएल 3 वर्ष पुराने पंजीयन का नवीनीकरण अंतिम तारीख बीतने के 2 माह के भीतर हो सकेगा इसलिए जल्दीबाजी न करें। चॉइस सेंटरों पर भी आवेदन हो सकेंगे। फार्म भरने के पूर्व वे एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र,कक्षा 10 वीं की मार्कशीट जिसमें जन्मतिथि लिखी हो। कक्षा 12 वीं की मार्कशीट,आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड को आवेदन फार्म में अपलोड करना होगा।

# शिवसैनिकों ने निकाली भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



शिव सेना उध्दव बाला साहब ठाकरे के जिला ईकाई प्रमुख जिलाध्यक्ष अशोक जगत कार्यकारी अध्यक्ष गोकुल पटेल के नेतृत्व में जिले भर के शिवसैनिकों ने गुरुवार रामनवमी को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव राम नवमी का पर्व गरियाबंद में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया । रथ मे सवार भगवान राम और माता सीता एवं हनुमान जी के विशाल प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। भगवान राम की एक झलक पाने लोग उमड़ पडे जिस जिस मार्ग से शोभायात्रा गुजरी वहां आरती सजाये भगवान की पूरी श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना किया । वहीं पूरा नगर व क्षेत्र आज भगवान श्री राम की जय जयकारो से गुंज उठा। शिव सेना के कार्यकर्ता गरियाबंद में रामनवमी का पर्व मनाने जोरशोर से तैयारी किया गया था । सुबह नगर के हनुमान मंदिर मे विशेष पूजा अर्चना किया गया। क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना किया गया और गांधी मैदान से विशाल शोभा यात्रा शाम 4 बजे से प्रारंभ हुई आकर्षक रथ मे भगवान राम की विशाल प्रतिमा के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा गांधी मैदान से प्रारंभ होकर तिरंगा चौंक , बाजार चौंक , सुभाष चौंक , यादव पारा , बजरंग चौंक होते वापस गांधी मैदान पर समापन हुआ । वहीं नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन और उसकी टीम द्वारा तिरंगा चौंक पर भगवान श्रीराम के शोभायात्रा पर फुलो की बारिश कर स्वागत किया गया । शोभायात्रा में प्रदेश प्रमुख आनंद मल्होत्रा , सुनील कुकरेजा , सनी देशमुख युवा सेना उद्धव बाला साहब ठाकरे , मुकेश पांडे प्रदेश सचिव जिला उपाध्यक्ष विष्णु साहू सहित जिले भर के शिवसैनिक सम्मिलित हुए ।

# अंबुजा सीमेंट संयंत्र से सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने की पेंशन वृद्धि की मांग को लेकर बैठक



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अंबुजा सीमेंट से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों ने इपीएस पेंशन स्कीम के तहत जन चौपाल कक्ष कलेक्टर ऑफिस में बैठक संपन्न हुई जिसमें पी एफ कमिश्नर रायपुर से विनोद कौर लीना एवं अंबुजा से रिटायर्ड कर्मचारी गण उपस्थित हुए विनोद कौर ने बताया हायर पेंशन के बारे में विस्तृत रूप से सभी कर्मचारियों को समझाया तथा उस से होने वाले फायदे को भी बताया एवं पोर्टल ओपन करके ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं बैठक में अंबुजा सीमेंट रवान के रिटायर कर्मचारी प्रमुख रूप से हेमंत जायसवाल रमाशंकर सोनी मनजीत सिंह टीआर बघेल चोवावर्मा अरुण महेश्वरी श्रीकांत शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित हुए।

# एक साथ एक घण्टे तक पांच हजार लोगों ने किया हनुमान चालीसा जाप

## राम जन्मोत्सव पर हुई आतिशबाजी

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com

रामनवमीं के अवसर पर गुरूवार को सिद्ध संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर कचहरी चौक में सवा करोड़ हनुमान चालीसा जाप का आयोजन किया गया। भव्य पंडाल में बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप के गायकों के साथ पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने एक घण्टे तक श्री हनुमान चालीसा का जाप किया।

गुरुवार प्रातः आठ बजेमंदिर में हवन-पूजन आरती की गई। पश्चात दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया।जन्मोत्सव के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ करने भव्य पंडाल लगाया गया था। बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप महासमुंद के गायक शाम।सात बजते ही जाप शुरू किए। इससे पहले ही यहां पंडाल भर चुका था। बाद में आने वाले लोगों के लिए पंडाल के पीछे हिस्से में दरी लगाकर जगह बनाई गई। 8 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति के सदस्य संतोष शुक्ला, गंगाधर पदमवार, सुरेंद्र स्वामी, चंद्रशेखर साहू, सुशील चंद्राकर, सत्यनारायण तिवारी, भूपेंद्र चंद्राकर, भरत सिंह ठाकुर, अनूप उपासे, प्रशांत श्रीवास्तव, कुलवंत बंटी, मदन महाराज आदि तैयारी में डटे रहे।



### पुलिस ने किया रूट डायवर्ट

इस दौरान मुख्य मार्ग पर नेहरू चौक से लेकर कचहरी शिवाजी चौक तक सड़क पर वन वे आवाजाही रही। बागबाहरा की ओर से आने वाले वाहनों को पुराना सिविल लाइन मार्ग से रवाना किया गया। भारी वाहनों को शहर के बाद दोनों छोर पर रोक कर रखा गया। यातायात जवानों ने मजबूती से ड्यूटी की। जिससे लोगों को परेशानी नहीं हुई। रूट डायवर्ट से आवाजाही होती रही, वहीं आयोजन निर्बाध से होता रहा।

### आरती पश्चात पंजरी प्रसाद का वितरण किया गया

गुरूवार शाम सात से आठ बजे तक श्री हनुमान चालीसा का सवा करोंड पाठ किया गया। मंदिर समिति के सचिव अधिवक्त ा भरत ठाकुर सिंह ठाकुर सहित आयोजक सदस्य तैयारी में डटे रहे। बताया गया कि विगत वर्षो से रामनवमीं पर भारत ही नहीं आपितु संपूर्ण विश्व में एक ही तिथि व एक ही समय श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ आयोजन किया जाता रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में सिध्द संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर कचहरी चौक महासमुंद में प्रति वर्ष आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति का यह 15 वें वर्ष का 15 वां अनुष्ठान है।

# राजासेवैय्या में आयोजित ठाकुर देव विवाह में शामिल हुए भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ पिथौरा
www.dailypioneer.com



ग्राम राजासेवैय्या खुर्द में भव्य ठाकुर देव विवाह समारोह का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम ग्रामवासियों ने भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल का भव्य स्वागत किया। उसके बाद परम्परागत ठाकुर देव विवाह समारोह के लिए सभी ठाकुर देव की प्रतिमा के पास पहुंचे व पूजा अर्चना कर विधिवत विवाह कराया गया। सभी को बधाई देकर क्षेत्र की सुख समृद्धि और उन्नति की कामना की।

उल्लेखनीय है कि आज ग्राम में ठाकुर देव भगवान की विवाह समारोह को लेकर पूरे गांव में उत्सव का माहौल था और परम्परा को विधी विधान से निभाया गया। इस अवसर नीलांचल सेवा समिति लाखागढ़ सेक्टर प्रभारी बालमुकुंद साहू, सरपंच कुलेश्वर नायक, बाबूराम पटेल, यादराम साहू, दिनेश बरिहा, रामसाय, चैतु साहू, परसराम पटेल, ताराचंद बरिहा, चिंता राम पटेल, नरेश नायक, जगन्नाथ पटेल, गंगाराम साहू ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

# 170 नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मी 10 अप्रैल को देंगे धरना

## नियमितिकरण संबंधी मांगों के साथ एक दिवसीय धरना व रैली निकालेंगें

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के सभी 170 नगरीय निकायों में आगामी 10 अप्रैल को एक दिन के लिए सफाई, पानी, बिजली आपूर्ति सहित अन्य प्रशासनिक कार्य बाधित रह सकता है। क्योंकि नगरीय निकायों में प्लेसमेंट पर तैनात सभी कर्मचारी ठेका प्रथा बंद कर नियमितीकरण की मांग को लेकर एक दिन का महाधरना देने जा रहे हैं। यह जानकारी छग नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे ने दी है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ने कहा है कि शासन द्वारा नियमितीकरण की प्रक्रिया अपनाई गई है, जिसमें नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों की जानकारी अभी तक नहीं गई है। मंत्रालय से जो जानकारी देने के लिए फार्मेट अन्य विभागों में भेजा गया है, वह अभी निकायों में नहीं आया है। वहीं शासन ने करीब 45 हजार अनियमित मांग पत्र कर्मचारियों को नियमित करने के लिए सूची तैयार कर लिया है। इसमें निकायों के एक भी कर्मचारी शामिल नहीं है। बता दें कि प्रदेशभर के 170 निकायों में करीब 25 हजार कर्मचारी प्लेसमेंट पर तैनात है। इनमें से अधिकांश ऐसे हैं जो 10-15 साल से प्लेसमेंट पर ही काम कर रहे हैं। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय ऐडे ने बताया कि ठेका प्रथा बंद कर नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सहित समस्त विभागीय मंत्री व तीन केबिनेट मंत्रियों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। आदिवासी इलाका बस्तर और जशपुर के नगरीय निकायों में तैनात प्लेसमेंट कर्मचारियों में सबसे ज्यादा आक्रोश है। इन इलाकों के निकायों में सफाई, पानी, बिजली सहित अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए प्लेसमेंट पर बड़ी संख्या में कर्मचारी तैनात किए गए हैं। इसी तरह रायपुर नगर निगम सहित पूरे छ.ग. में करीब 25000 हजार कर्मचारी प्लेसमेंट पर तैनात हैं। सफाई व्यवस्था, पानी आपूर्ति, बिजली और कम्प्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस कार्य का काम शत प्रतिशत यही लोग संभाल रहे हैं।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्यो में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की निर्मित सड़कों के नवीनीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा नियमित रूप से बजट उपलब्ध कराने से मिली है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य शासन से इस योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण के लिए सर्वाधिक 700 करोड़ रूपए का बजट मिला। वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 6000 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5436 किलोमीटर के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौबे ने इस संबंध में बताया कि प्रदेश के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्य में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बस्तर संभाग की अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र की 231 किलोमीटर लम्बी 75 सड़कों का 37 करोड़ रूपए की लागत से संधारण किया गया। इसी तरह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा संभाग की 146 सड़कें, जिनकी लम्बाई 560 किलोमीटर है, उनका संधारण 90 करोड़ रूपए की लागत से किया गया। अति नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिला अंतर्गत पूर्व में कोई भी नवीनीकरण के कार्य नहीं हुए थे, वहां भी सड़क निर्माण पश्चात् पहली बार 10.50 किलोमीटर लम्बी 04 सड़कों के नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है।

# रोजगार सहायक के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

## रोजगार सहायक के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



रोजगार सहायक के मनमानी एवं दस्तावेजों में छेड़खानी के मामले को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने रोजगार सहायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है । रायपुर जिला तिल्दा विकासखंड क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत सरोरा के पंचायत प्रतिनिधियों ने आज रोजगार सहायक के मनमानी एवं दस्तावेजों में छेड़खानी को लेकर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है ,वहीं आरक्षी केन्द्र तिल्दा में रोजगार सहायक के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग किया है । इस संबंध में ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच बिहारी राम वर्मा ने कहा कि रोजगार सहायक के आतंक से ग्रामीण मजदुर, जनप्रतिनिधि त्रस्त है । उन्होंने कहा कि रोजगार सहायक के इस रवैया को लगातार तीन बरस तक झेला जा रहा है ।ग्राम पंचायत बिहारी राम वर्मा ने आगे कहा कि विगत दिन मेरे द्वारा मस्टररोल के जांच किये जाने पर चौंकाने वाला तथ्य सामने आया , रोजगार सहायक के द्वारा मस्टर रोल के मध्य फर्जी मस्टर रोल लगाकर पेश किया गया था जिसमें देखा गया कि जो मजदुर काम नहीं किया है,वही जहां पर काम नहीं हुआ है ऐसे मस्टर रोल को पेश कर कथित रोजगार सहायक द्वारा चार सौ बीसी करते हुए रकम निकाला गया । सरपंच ने बताया कि जिस मस्टर रोल को मैंने आंफिस कापी में दबा कर रखा था ,जिसे भी पंचायत चौकीदार को बाहर भेजकर संबंधित रोजगार सहायक ने गायब कर दिया है । इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियो ने तिल्दा जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं आरक्षी केन्द्र तिल्दा - नेवरा में शिकायत दर्ज कार्यवाही की मांग किया गया है ।

# विधायक विकास उपाध्याय ने दी मातारानी को भावपूर्ण विदाई

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को जगदम्बा के 9 दिवस सेवा पश्चात् विदाई का अवसर था।आदिशक्ति के शक्ति संचार पश्चात् अगले नवरात्र तक सुखद जीवन की मंगलकामना के साथ सनातनी मां को विदा कर रहे थे । जसगीत के गुंजन के साथ सांग धारण कर हज़ारों की संख्या में भक्तों का सैलाब पवित्र कंकाली तालाब में ज्योत-जंवारा विसर्जन हेतु जा रहे थे। नवयुवक दुर्गोत्सव समिति बढ़ईपारा ने हर वर्ष की भांति माता के स्वागत के लिये विशाल मंच लगाया।सोनू यादव एवं समिति के सदस्यों ने भक्तिभाव के साथ ज्योत-जंवारा को शीश नवाकर विदा किया। समिति के संरक्षक एवं विधायक विकास उपाध्याय जी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में भक्तो के साथ नाचते हुए मातारानी को विदा किया नौ दिन की सेवा के साथ माता रानी को विदा करना एक दुष्कर कार्य है, लेकिन आदिशक्ति के दिये शक्ति से ही भक्त यह कार्य भी आनंदित होकर करते हैं। मातारानी समिति के सभी सदस्यों से अपनी चाकरी हमेशा कराती रहें यही माता से प्रार्थना है।

# प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए तीन सबसे महत्वपूर्ण बातें





पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

30 मार्च को रायपुर के मैट्स यूनिवर्सिटी के प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ट रायपुर द्वारा विशेष सत्र यु.पि.एस.सी. परीक्षा तथ्य एवं मिथक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता दिलराज प्रभाकर आई.एफएस. रायपुर उपस्थित थे। मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.(डॉ.) के.पी. यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ. भाग्यश्री देशपाण्डे ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ. प्रशांत मुंडेजा मैट्स यूनिवर्सिटी के प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ट के प्रमुख ने प्रकोष्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। कुलपति प्रो.(डॉ.) के.पी. यादव ने अपने संबोधन द्वारा प्रतियोगी परीक्षायों के महत्व को बताते हुए यु.पि.एस.सी. परीक्षा की सम्पूर्ण रूपरेखा समझाई और साक्षात्कार में ध्यान रखनें योग्य बातों की जानकारी दी। प्रमुख वक्ता एवं आई.एफएस. ऑफिसर दिलराज प्रभाकर ने तथ्यात्मक विवेचन के माध्यम से छात्रों का उत्साहवर्धन किया और बताया कि प्रतियोगी परीक्षा में सफ्लता के लिए तीन चीज़े सबसे महत्वपूर्ण है ।

### छात्र योजनाबद्ध रूपरेखा बनाएं और उस पर कठोरता से अमल करें

प्रबल इच्छा शक्ति हर असंभव को संभव में बदलती हैं सफ्लता की दास चाबियां होती है, हम्हें चाबी बदल बदल कर ताला खोलने का प्रयास करना चाहिए, प्रतियोगी परीक्षा में लेखन कला व संभाषण कला का विकास अत्यनत आवश्यक हैं, विषय के गहरे ज्ञान के साथ उत्तम लेखन व संभाषण के माध्यम से ही हम प्रतियोगी रूपी किला फ़तह कर सकते है। इस क्षेत्र में प्रमुख चुनोती हैं, सही दिशा में सही समय पर पूरी तैयारी साथ ही उन्होंने अपनी जीवन की संगर्ष यात्रा का जि करते हुए अपनी परीक्षा की तैयारी संबंधी अनुभव को हम सब के साथ साजा किया और कार्य क्षेत्र की चुनोतियों पर भी प्रकाश डाला। इस कार्य म में विशेष रूप से उपस्थित डी.एस.पी. ललिता मेहर ने अपने विचार रखें एवं प्रतियोगी परीक्षा में सफ्ल होने के टिप्स दिए। मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया ने उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलसचिव श्री गोकुलानंदा पंडा ने प्रकोष्ठ के सदस्यों की सराहना की। कार्य म में मैट्स यूनिवर्सिटी के सभी संकायों के छात्र उपस्थित थे तथा सभी संकायों के विभाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ट के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# भारतीय जनता पार्टी विधानसभा की बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा बैठक



**सरायपाली।** विधानसभा के चारों मंडल का संयुक्त बैठक नवीन रेस्ट हाउस में जिला संगठन सहप्रभारी श्रीमती संध्या परगनिहा की उपस्थिति में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों , मंडल अध्यक्षों व अल्पकालिक विस्तारको के साथ भाजपा नेताओं की बैठक हुई। बैठक में जिला सह प्रभारी संध्या परगनिहा , प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा सरला कोसरिया ,प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा कामता पटेल, जिला उपाध्यक्ष विपिन उपवेजा, जिला महामंत्री संजय शर्मा , जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा चंद्र कुमार पटेल , महामंत्री महिला मोर्चा पुष्पलता चौहान मंडल अध्यक्ष सरायपाली धनेश नायक मंडल अध्यक्ष संजय डड़सेना , अध्यक्ष भंवरपुर विद्या चौधरी, झूग्गी झोपड़ी जिला सह संयोजक गोपाल शर्मा , अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रमोद सागर, अजा मोर्चा मंडल महामंत्री नकुल चौहान, एस पी चौहान उपस्थित रहे।

# भाटापारा में धूमधाम से मना राम जन्मोत्सव, विधायक शिवरतन शर्मा भी डीजे की धुन पर थिरके

## भगवामय हुआ भाटापारा : लोगों ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



रामनवमी पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। हिंदू संगठनों की ओर से निकाली गई शोभायात्रा व रैली यज्ञ स्थल नाका नम्बर एक से निकाली गई जो कि पूरे नगर भ्रमण होते हुए राम सप्ताह चौक पर विराम किया गया। इस दौरान शहर मे जय श्री राम का नारा गूंज उठा।शोभायात्रा के रास्ते भर में स्वागत हुआ। जगह-जगह चौक-चौराहों पर पुष्प वर्षाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

शोभायात्रा में जा रहे हैं श्रद्धालुओं का स्वागत शरबत और ठंडे पेय से किया गया। जिस जगह से शोभायात्रा गुजरी, वहां अलग अलग समाज के लोगो द्वारा प्रसाद का वितरण किया। इसके साथ ही शोभायात्रा में शामिल हुए लोगों को शरबत, पानी, मिठाई, फल भी दिया गया। डीजे की धुन पर महिला, बच्चे, पुरुष जमकर थिरके, जनप्रतिनिधि भी डीजे की धुन पर नाचते दिखाई दिये। भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा महारानी चौक से शोभायात्रा के साथ सम्पूर्ण नगर भ्रमण तक पूरे समय शोभायात्रा के साथ रहे, विधायक शिवरतन शर्मा ने राम सप्ताह के पास लगभग 25 फिट भगवा झंडा लहराया,और युवाओं के साथ नाचते हुए उनका उत्साह वर्धन किया. विधायक शर्मा ने रामनवमी पर कहा, भाटापारा नगर में जन्मोत्सव का कार्यक्रम पूरे भव्यता के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ है. उन्होंने कहा, रामनवमी पर पूरे प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों को भव्य सफल आयोजन के लिए बधाई शुभकामनाएं दी।

## राम नाम से बड़ा कोई नाम नहीं : सुशील शर्मा

राम नवमी के अवसर पर विशाल राम शोभा यात्रा का ज़ोरदार स्वागत मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्र साव, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, वरिष्ट कांग्रेसी ईस्वर सिंह ठाकुर, ज़िला महामंत्री अरुण यादव, ज़िला सचिव सचिन शर्मा, किसान नेता हेमंत उपाध्याय, लालू वेसनव, मोहन साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी चौक पर राम भक्तों का ज़ोरदार स्वागत बाजे गाजे, पुस्पवर्षा और आतिशबाज़ी कर ऐतिहासिक स्वागत किया। राम भक्तों को पोहा जलेबी, ठंडा पेय, पानी वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष ने प्रतिनिधि को बताया की राम नाम से बड़ा कोई नाम नही है हम सभी सनातनी हिंदू के लिये भगवान राम गौरव नाम है है हम गर्व से कहते है की हम हिंदू है,सभी राम भक्तों ने इस जुलूस के माध्यम से अपनी एकता और भाई चारा की भावना को प्रदर्शित किया जुलूस में हज़ारों की संख्या में राम भक्त शामिल थे।



# तांदुला से छोड़ा गया पानी, नहर के माध्यम से शहर के तालाबो में पंहुचेगा, मिलेगी राहत

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत तांदुला गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया है।गर्मी के मौसम में आम जनता को होने वाली समस्या को देखते हुए तांदुला से पानी छोड़ा गया है। नहर के माध्यम से नगर निगम के तालाबों को सुचारू रूप से भरे जाने हेतु आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ दीपक नगर तालाब एवं शहर के नहर का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद मीना सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व टीम मौजूद रहें। इसके लिए तालाबो की साफ-सफाई की जा रही है। तालाबो की सफाई के बाद नहर के माध्यम से पानी भरा जा रहा है।नगर निगम द्वारा साफ-सफाई होने से तालाबो में पानी संचित रहेगा एवम बारिश के मौसम में अधिक मात्रा में पानी ठहर पाएगा। तालाब तक पहुचने वाली नालियो की भी सफाई की जा रही है। नहर की विशेष सफाई करवाई गई है। उन्होंने कहा नहर के माध्यम से तालाबो के भरने से लोगो को काफी राहत मिलेगी। तालाबो में साफ पानी भर जाने पर लोगो को निस्तारी में सहूलियत होगी। तालाब में साफ पानी भरने से मवेशियों को पीने के लिए तथा लोगो को निस्तारी में सहायक होगी। निगम ने तालाबो को नहर से पानी भरने में विशेष रुचि दिखाई गई है। इसके अलावा शहर के अन्य प्रमुख तालाबों में भी जलभराव शुरू नहीं होने से विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने नहरों में पानी छोड़ने के लिए जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों को कहा। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कई तालाबों तक गए, जहां उन्होंने जलभराव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पोटिया एवं बोरसी नहर की सफाई भी देखने गए। उन्होंने बतलाया कि तालाबों तक पानी पहुंचाने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले नहर व बड़ी नालियो की विशेष सफाई किया जा रहा है।

# दीपक नगर स्वामी आत्मानंद स्कूल पहुँचे आयुक्त, अधिकारियों के साथ किया स्कूल परिसर का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दीपक नगर स्थित स्वामी आत्मानंद मीडियम स्कूल निर्माण कार्य का आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कार्यपालन अभियंता आरके पांडेय, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं स्कूल की प्राचार्या शेफाली सोनी के साथ लिया जायजा। उन्होंने कहा दीपक नगर स्वामी आत्मानंद स्कूल निर्माण कार्य मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप स्कूल का निर्माण शीघ्र पूरा करने दिये निर्देश। उन्होंने स्कूल भवन के निर्माण कार्य की धीमी गति पर कहा कि सभी कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निर्माणाधीन स्कूल भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्वक और तय समयअवधि के भीतर पूरा करें।उन्होंने दीपक नगर स्कूल के कार्य का जायजा लेते हुए बचे हुए कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। दीपक नगर स्कूल निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने प्राचार्या शेफाली सोनी से शाला के बारे में जानकारी लेते हुए पूछा कि स्कूल में कुछ अलग और कुछ किया जा रहा है। इसमें प्राचार्या शेफाली सोनी ने बताया कि ऊर्जा क्लब अंग्रेजी क्लब, स्मार्ट क्लास द्वारा अध्यापन एवं अलग से पढ़ने व लिखने की आदत बानी रहे इसके लिए कक्षाएं स्कूल में संचालित की जा रही है। आयुक्त ने लैब और लाइब्रेरीन का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्राचार्या एवं शिक्षकों से कहा कि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूलों को आरंभ करने के पीछे राज्य शासन की मंशा है कि हमारे बच्चे जो केवल अंग्रेजी की कमजोरी के कारण पीछे रह जाते हैं उन्हें मौका मिल सके। इसके लिए जरूरी है कि बच्चों में अंग्रेजी का शब्दकोष बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाए।

# भत्ता लेने आज से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है, बेरोजगार

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com





अब बेरोजगार आनलाइन आवेदन कर भत्ता ले सकते है। प्रदेश सरकार ने योजना को एक अप्रैल से लागू कर दिया है। आवेदन सत्यापन व अन्य औपचारिकता को पूरी कर पात्र बरोजगारों के बैंक खाते में 2500 रूपए भत्ता दिया जाएगा। रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर सत्यापन कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को शुक्रवार को प्रशिक्षण भी दिया गया। निगम कार्यालय के सभागार में उपस्थित कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते जिला रोजगार अधिकारी आर.के. कुर्रे ने कहा कि बेरोजगार युवा केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। सत्यापनकर्ता अधिकारी केवल उन्हीं दस्तावेज का मूलप्रति देख सत्यापन करेंगे जो ऑनलाइन आवेदन के साथ प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदनकर्ता से किसी तरह का आवेदन या दस्तावेज सीधे हाथ में न ले। आवेदन सत्यापन के लिए रिसाली निगम ने अलग-अलग वार्डो के लिए कलस्टर तैयार किया है। जहां हितग्राहियों का दस्तावेज सत्यापन कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नोडल अधिकारी देवव्रत देवांगन भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता लेने 18 से 35 वर्ष आयु वाले वेब पोर्टल डब्ल्यू. डब्ल्यू.डब्ल्यू. बेरोजगारीभत्ता. सीजी.एनआईसी.इन पेज में आवेदन कर सकते है।

**यह है आवश्यक-** छत्तीसगढ़ का मूल निवासी, 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण हो, 2 वर्ष पुराना रोजगार पंजीयन हो, बेरोजगारी भत्ता के आवेदनकर्ता का कोई आय न हो, परिवार का वार्षिक आय ढाई लाख से अधिक न हो, आवेदनकर्ता जिस नगरीय निकाय में रहता है वह उसी निकाय में आवेदन कर सकता है, एक परिवार के एक सद्स्य ही भत्ता लेने के लिए पात्र होंगे।

**इन्हें पात्रता नहीं होगी-** बेरोजगारी भत्ता के लिए पूर्व व वर्तमान मंत्री, विधायक, सांसद, महापौर व जिला पंचायत अध्यक्ष के परिवारों के सद्स्य आवेदन नहीं कर सकते। 10 हजार से अधिक मासिक पेंशन पाने वाले परिवार के सद्स्य भी योजना का लाभ नहीं ले सकते। इसके अलावा इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, चार्टड एकाउंटेंट आदि पेसेवर परिवार के युवा सद्स्य भत्ता लेने पात्र नहीं होंगे।

**आवेदन भरते समय रखे ध्यान-** भत्ता लेने वाले बेरोजगार इस बात का ध्यान रखे की आवेदन भरते समय मोबाइल नं. अवश्य दे। ओटीपी नं. के आधार पर ही दस्तावेज का सत्यापन किया जाएगा। आधार नं. बैंक एकाउंट नं. अनिवार्य रूप से दे। परिवार का आय प्रमाण पत्र तहसीलदार या सक्षम अधिकारी द्वारा बनाया गया हो।

# भारत जोड़ो यात्रा : देवेंद्र यादव को प्रदेश में मिला बड़ी जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



युवा विधायक देवेंद्र यादव को प्रदेश कांग्रेस संगठन की ओर से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र को जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के लिए प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आदेश जारी हो गया है। जारी आदेश में कहा गया है।

कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार आपको जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत 31 मार्च को आयोजित लोकतंत्र बचाओं-मशाल शांति मार्च / रेली हेतु प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया जाता है। कृपया, आपसे आग्रह है कि 31 मार्च 2023 को सायं 06:00 बजे प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में स्थानीय ऐतिहासिक स्मारक / स्थलों पर लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च / रैली के आयोजन हेतु समस्त मोर्चा संगठन- प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्षों एवं जिला / शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों से सम्पर्क एवं समन्वय बनाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में समुचित कार्यवाही करें। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आपको बता दें कि विधायक देवेंद्र यादव भारत जोड़ों यात्रा में अहम भूमिका निभा चुके हैं।

उनके बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए संगठन ने यह महत्वपूर्ण काम दिया है। विधायक देवेंद्र इस जिम्मेदारी के बाद काम पर जुट गए हैं। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए अपनी टीम के साथ मैदान में उतर गए हैं।

# निगम परिसर माँ दुर्गा मंदिर में दुर्गा अष्टमी पर हवन, कन्याभोज व प्रसाद का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम में स्थित मां दुर्गा मंदिर में महाअष्टमी का कार्यक्रम रखा गया।कार्यक्रम को विधि विधान से विशेष पूजा अर्चना कर हवन की गई,हवन कार्यक्रम में शामिल हुए नगर निगम अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद थे। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर निगम परिसर में महाप्रसाद का आयोजन कर नव कन्याओं को भोज में आमंत्रित किया गया। प्रसाद वितरण में खीर, पुड़ी, हलवा इत्यादि बनाया गया था। प्रसाद ग्रहण कर निहाल हुए भक्त। इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारी व कर्मचारियों सहित शहरवासियो को महाष्टमी व राम नवमी की बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मौजूद योगेश सूरे, शुभम गोइर, राजू चन्द्राकर, योगेंद्र वर्मा, साक्षी वर्मा, लव कुश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, शशिकांत यादव, नारायण यादव, लता यादव, हेमलता वर्मा, पूर्णिमा तिवारी, वंदना श्रीवास्तव, उषा यादव, सिद्धांत शर्मा, रवि मिश्रा, शांता सोनी के अलावा अन्य नागरिक माँ दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त किये।

# हृदय स्थल सुपेला में सेवन वंडर्स का हो रहा है कायाकल्प

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शहर के हृदय स्थल सुपेला में निर्मित सेवन वंडर्स का कायाकल्प हो रहा है। महापौर नीरज पाल खुद खड़े होकर इसकी मानिटरिंग कर रहे हैं। विगत 3 दिनों से महापौर इस स्थल के सौंदर्यीकरण को लेकर स्वयं मैदान पर उतर गए हैं। भिलाई में धरोहर को सहेजने का कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में सुपेला में निर्मित सेवन वंडर्स जो कि काफी दिनों से अपने मूल स्वरूप में तब्दील होने की राह देख रहा था, अब इस पर कार्य प्रारंभ हो गया है। सुपेला के इस स्थल से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है, इसलिए इसे संवारने का काम शीघ्रता से किया जा रहा है। सेवन वंडर्स स्थित परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य में आर्टिस्टिक पेंटिंग, अलग-अलग आकर्षक लाइट, रेलिंग एवं ग्रिल, फुटपाथ निर्माण आदि पर काम किया जा रहा है। शीघ्र ही यह स्थल अपने भव्य स्वरूप में तब्दील होने वाला है, इसके बाद यह लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। यहां से गुजरने वाले सभी को यह मनमोहक दृश्य का आनंद देगा, वही देश-विदेश के सात अजूबे को लोग एक स्थल पर ही देख पाएंगे। महापौर की मॉनिटरिंग के चलते इसका सौंदर्यीकरण का काम तीव्र गति पर है। विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए महापौर स्वयं जुट गए है।


# कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली
## (सम्पत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/स.क.वि./2023/315 रिसाली, दिनांक 27/03/2023

## // स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना //

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही हो एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका की नगर पालिक निगम रिसाली के सम्पत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | सम्पत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री नवीन सिंह आ.आर.बी सिंह एवं अन्य मैत्री नगर रिसाली, भिलाई तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्री संतोष त्रिपाठी पिता-श्री आर. सी.त्रिपाठी 2.श्रीमती श्वेता त्रिपाठी पति-संतोष त्रिपाठी, पता-म.न.-एल.आई.जी.-251, पद्मनामपुर, दुर्ग तह व जिला - दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | रिसाली, मैत्रीकुन्ज ''मधुरिमा हाईट्स'' फेस-II'' प.ह.नं.-19/22खनं.-77/3 एवं अन्य कुल रकबा-776 व.फी. है। फ्लैट नं.-310 तृतीयतल है। निर्मित क्षेत्रफल-776 व.फी.आवासीय निर्मित है। |
| 2. | मेसर्स आकृति इन्फ्रास्ट्रक्चर्स भिलाई पार्टनर-श्री शिवकुमार साहू आ.-महावीर साहू पता-8/53 राधिका नगर भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती सुनीता कनौजिया पति-श्री धीरज कनौजिया 2. श्री धीरज कनौजिया पिता-रामदास कनौजिया पता-165/3, पीपरमार धरमजयगढ़, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) | बिक्रीनामा | ''आकृति'' रेसीडेन्सी प्रगति नगर रिसाली प.ह.नं.-19/22 ख.नं.-295/1.2.3 कुल रकबा-1384 फ्लैट नं.-408 चतुर्थतल है। निर्मित क्षेत्रफल 1384 वर्गफीट आवासीय है। |
| 3. | मेसर्स आकृति इन्फ्रास्ट्रक्चर्स भिलाई पार्टनर-श्री शिवकुमार साहू आ.-महावीर साहू, पता-8/53 राधिका नगर भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती हेमलता पति-श्री हीरालाल 2. श्री हीरालाल पिता-श्री भरोसा पता-क्वा.न.-5/बी, स.न.-52, सेक्टर-8, भिलाई तह व जिला-(छ.ग.) | बिक्रीनामा | ''आकृति'' रेसीडेन्सी प्रगति नगर रिसाली प.ह.नं.-19/22 ख.नं.-295/1.2.3 कुल रकबा-4000 व.फी है। फ्लैट नं.-401 चतुर्थतल है। निर्मित क्षेत्रफल-1312 व.फी. आवासीय है। |
| 4. | 1. श्रीमती सुषमा जैन पति-श्री जे.एल.जैन आम मुख्तियार-विवेक जैन 2. श्री विवेक जैन पिता-श्री जे.एल.जैन पता-डी-505 पता-डी-505, सफायर पार्क, पार्क स्ट्रीट, वाकड पुणे महाराष्ट्र | 1. श्री रमेश तिम्मला पिता-स्व. टी.सीताराम 2. श्रीटी देवराज पिता-स्व.टी.सीताराम पता-क्वा. न.-26 बी, स.-ऐवेन्यु-बी., सेक्टर-1 तह व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | मैत्रीनगर रिसाली प.ह.न.-19/22 ख.नं-495/77 कुल रकबा-2400 व.फी. है, जिसमें से निर्मित क्षेत्रफल-1300 व.फी. है। |

संपत्तिकर अधिकारी
नगर पालिक निगम
रिसाली


## सेक्टर 1 के पंत स्टेडियम में हो रहा है महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन

# देश के विभिन्न राज्यों के महिला फुटबॉल खिलाड़ी भिलाई में, बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे महापौर नीरज पाल ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com





सेक्टर 1 के पंत स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल मैच का आयोजन हो रहा है। महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का मैच सोमवार को जम्मू कश्मीर एवं मध्य प्रदेश के मध्य खेला गया। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे महापौर नीरज पाल ने खिलाड़ियों का हौसला बुलंद किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ की धरा पर आने की बधाई दी तथा खिलाड़ियों का कुशलक्षेप भी जाना और जीत की शुभकामनाएं दी। बता दे कि 6 अलग-अलग राज्यों की टीम भिलाई में फुटबॉल मैच के लिए पहुंची है। सोमवार को जम्मू कश्मीर एवं मध्यप्रदेश के बीच हुई मैच में मध्यप्रदेश ने 6-0 से जम्मू कश्मीर को शिकस्त देकर विजय हासिल किया। छत्तीसगढ़ 27 वा महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए लद्दाख, दिल्ली, झारखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर एवं मध्य प्रदेश के खिलाड़ी भिलाई में पहुंचे है। प्रतिदिन मैच का आयोजन किया जा रहा है। 8 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जाएगा और मैच समाप्त होगा। छत्तीसगढ़ की भूमि पर आकर अन्य राज्यों के खिलाड़ी काफी प्रसन्नचित्त है। सुबह 8:00 बजे एवं शाम को 4:00 बजे मैच का आयोजन शेड्यूल के अनुरूप हो रहा है। मैच को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्सुकता है तथा हर खिलाड़ी अपने टीम को जिताने की कोशिश में है। महापौर के साथ खिलाड़ियों की हौसला अफजाई के लिए छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव जे.डी. गांधी तथा सहायक महासचिव मोहनलाल भी मौके पर मौजूद रहे।

## साइबर सुरक्षा अच्छी शुरुआत

**अहमदाबाद,** चंडीगढ़, गोहाटी, हैदराबाद, जामतारा, मेवात व विशाखापट्टनम वैसे तो पूरे देश में फैले हैं, पर वे 'साइबर अपराध' नामक एक प्रकार के फलते-फूलते कुटीर उद्योग से आपस में जुड़े हैं। साइबर अपराध के इन गढ़ों से निपटने के लिए केन्द्र सरकार ने सात संयुक्त साइबर क्राइम कोआरडिनेशन टीमों का गठन किया है। हालांकि, उपरोक्त सात कस्बे और शहर ही आनलाइन अपराधियों का एकमात्र ठिकाना नहीं हैं। द पायनियर में प्रकाशित एक खबर के अनुसार दिल्ली से आंध्र प्रदेश तथा गुजरात से असम तक 9 राज्यों के तीन दर्जन से अधिक कस्बों व गांवों में साइबर अपराधियों के गढ़ बन गए हैं, लेकिन इन पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों की कड़ी नजर है। भारत की वित्तीय व्यवस्था तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को चोट पहुंचाने के उद्देश्य से दुश्मन देश भी इस खेल में शामिल हो गए हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि विदेशी साइबर अपराधी मुख्यतः चीन, पाकिस्तान व तुर्किये से हैं। सभी जानते हैं कि साइबर अपराधी अनेक प्रकार की चालबाजियां कर लोगों से उनका पैसा चुरा लेते हैं। वे भोलेभाले लोगों को 'लाटरी' का पैसा स्वीकार करने के नाम पर उनसे एक या दूसरे बहाने से क्रेडिट या डेबिट कार्ड के विस्तृत विवरण प्राप्त कर लेते हैं अथवा लोगों को आकर्षक प्रस्ताव, आदि दिए जाते हैं। हालांकि, साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई होती रहती है, पर अधिकारियों ने अक्सर समन्वय की आवश्यकता अनुभव की है। इसका कारण समझना कठिन नहीं है। चूंकि आनलाइन कनेक्टिविटी पुलिस अधिकार क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, इसलिए पुलिस अधिकारियों के लिए इनकी जांच करना व अपराधियों को पकड़ना कठिन हो जाता है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में आनलाइन धोखाधड़ी के अपराधी को पकड़ने के लिए झारखंड के जामतारा जाना पड़ सकता है। जामतारा साइबर अपराध का गढ़ व प्रतीक इसलिए बन गया है क्योंकि इस पर एक वेब सीरीज़ बनाई गई है।

केन्द्र सरकार को चिन्ता है कि साइबर अपराधियों के नए हाटस्पाट बनने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि अतीत में साइबर अपराधियों से निपटने के समन्वित प्रयास नहीं हुए हैं। 2020 में गृह मंत्रालय के आधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र का गठन किया गया था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में साइबर अपराध के नए-नए गढ़ उभरे हैं। इसके साथ ही साइबर अपराध के शिकार लोगों की संख्या कई गुना बढ़ी है तथा उनमें विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। अब केवल निरक्षर या सूचनाओं से अधिकांशतः अपरिचित व्यक्ति ही आनलाइन ठगों का शिकार नहीं होते हैं, बल्कि इनमें उच्च शिक्षित व काफी सीमा तक तकनीक का प्रयोग करने वाले लोग भी शामिल हैं। उनको अपना पैसा गंवाना पड़ा है। इसलिए इन साइबर अपराधियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समुचित समन्वित प्रयास समय की आवश्यकता हैं। इस संबंध में कुछ बिंदुओं पर गौर करना उचित होगा। पहला, सरकार और अन्य संबंधित अधिकारियों को आम जनता को साइबर अपराध के खतरों और उसके प्रकारों के बारे में जागरूक करना चाहिए। जैसे ही साइबर ठगों की किसी चाल का पता चले, जनता को इसके बारे में सूचना दी जानी चाहिए। दूसरा, कानून के लंबे हाथों को न केवल अपराधियों तक पहुंचना चाहिए, बल्कि यह काम इतनी तेजी से होना चाहिए कि उनको ज्यादा मासूम लोगों को निशाना बनाने का मौका न मिले। तीसरा, संयुक्त टीमों को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषियों को सजा मिले। अभियोजन की उच्च दर लोगों को अपराध संलिप्तता से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इसके साथ ही केन्द्र व राज्य सरकारों को आनलाइन ठगी करने वालों के खिलाफ विशेष अदालतों के गठन पर विचार करना चाहिए। साइबर अपराधियों के अधिकांश शिकार आम लोग होते हैं और उनको भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

# अपराध नहीं है बैंकों का एनपीए

### बैंकों के एनपीए-गैर निष्पादित परिसंपत्तियों को अपराध नहीं माना जाना चाहिए। यह सामान्य बैंकिंग प्रक्रिया का हिस्सा हो सकते हैं।



**दिनेश कुमार त्यागी**
(लेखक, सेवानिवृत्त आईएएस हैं)




मुझे 1999 में बोर्ड आफ इंडियन बैंक में सरकारी निदेशक नियुक्त किया गया था। उस समय इसकी स्थिति अच्छी नहीं थी। यदि यह सार्वजनिक क्षेत्र बैंक न होता तो नियामक भारतीय रिजर्व बैंक ने इसे बंद करने का आदेश दे दिया होता। इस तथ्य को देखते हुए कि आखिरकार भारत सरकार उनकी कर्जदाता होती है, इसलिए सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों को अपना कामकाज जारी रखने की अनुमति थी। हालांकि, उनको समय-समय पर सरकार से पूंजी समर्थन की जरूरत पड़ती थी। इसी कालखंड में योजना आयोग ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इसका गठन एक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ की अध्यक्षता में हुआ था जो बाद में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर बने। इस समति ने तीन कमजोर बैंकों-इंडियन बैंक, यूको बैंक व पंजाब एंड सिंध बैंक की पहचान कर उनको बंद करने की संस्तुति की थी। इस तथ्य के बावजूद कि योजना आयोग के कार्यक्षेत्र में ऐसी संस्तुति करना नहीं आता था, विशेषज्ञ समिति की संस्तुतियों को सुर्खियों में स्थान मिला और विभिन्न मंचों पर इन पर चर्चा हुई। इनको भारतीय बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक आवश्यकता के रूप में देखा गया। यहां तक कि सरकार द्वारा बैंकिंग क्षेत्र के लिए नियुक्त नरसिम्हन समिति ने इस प्रकार कमजोर बैंकों को बंद करने का सुझाव नहीं दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई तथा वित्त मंत्रालय ने विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं की और इसे अनदेखा किया। यह निर्णय उचित था।

सरकार ने कमजोर बैंकों की कार्यक्षमता सुधारने के लिए उनको बोर्डों को सीधे अपने आधीन कर दिया। उस समय इंडियन बैंक में केवल चार निदेशक थे जिनमें एक आरबीआई का प्रतिनिधि, एक सरकार का प्रतिनिधि, एक सीएमडी व एक ईडी शामिल थे। इन बैंकों में सचेतन रूप से एक गैर-स्थानीय सीएमडी भी नियुक्त किया गया था। नवगठित व कम शक्ति वाले बोर्डों को एक निश्चित समयसीमा में बैंकों को पुनर्जीवित करने का खास लक्ष्य दिया गया था। इंडियन बैंक बोर्ड की पहली बैठक में सूचना दी गई कि बैंक उच्च गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए के कारण कर्ज नहीं दे रहा है और बैंक का बोर्ड लगभग निष्क्रिय था। बैंकों का कर्ज उसकी परिसंपत्तियां तथा जमा दायित्व होता है। बैंक केवल दायित्वों पर जीवित नहीं रह सकते हैं। संकुचित बैंकिंग, यानी पहले से चली आ रही या नवगठित पेमेंट बैंकों की व्यवस्था अभी प्रभावित सिद्ध नहीं हुई है। बोर्ड की बैठक में जब पूछा गया कि एनपीए खातों को सुधारा क्यों नहीं गया तो सूचना दी गई कि अधिकांश मामले सीबीआई के पास हैं और उनकी जांच हो रही है। इसलिए इस तथ्य के बावजूद बैंक कुछ नहीं कर सकता था कि अधिकांश मामलों में काफी परिसंपत्तियां या परफारमेंस सिक्यूरिटीज़ जुड़ी थीं। प्रबंधन को इन पर दबाव डालने तथा बकाया धनराशि वसूल करने से डर लग रहा था।

बोर्ड की दूसरी बैठक में मैंने कहा कि सीबीआई केवल आपराधिक मामले देखेगी और वह बकाया धनराशि वसूलने में सहायक नहीं होगी। बैंक को ऐसे में परिसंपत्तियों व उपलब्ध सिक्यूरिटीज़ के आधार पर सभी एनपीए मामलों पर गौर करना चाहिए। लेकिन महिला सीएमडी इस पर हिचक रही थीं। उन्होंने पूछा, 'मेरे कॅरियर का क्या होगा? क्या सीबीआई इस पर आपत्ति नहीं करेगी?' आरबीआई प्रतिनिधि ने इस प्रस्ताव का विरोध नहीं किया। हालांकि, बाद में सीएमडी को समझाया गया कि पूरे बोर्ड की संयुक्त जिम्मेदारी होगी और केवल उनको ही सेटलमेंट निर्णय का दोषी नहीं माना जाएगा। इस बात पर जोर दिया गया कि बैंक का पुनर्जीवन बैंक की एनपीए समस्या सुलझाने से गहन रूप से जुड़ा है। सरकार से इतने अधिक एनपीए के कारण पूंजी का समर्थन प्राप्त करने की उम्मीद नहीं थी। सौभाग्य से बोर्ड के सभी लोगों ने प्रस्ताव पर सहमति जताई। अगले 6 महीनों में बैंक प्रबंधन समिति व बोर्ड का एकमात्र एजेंडा एनपीए मामलों के सेटलमेंट प्रस्ताव को मंजूरी था। सीबीआई को संदर्भित या दूसरे सभी खातों को हर मामले में उपलब्ध सिक्यूरिटी परिसंपत्तियों के आधार पर ठीक किया गया।

इससे बैंक के खाते ठीक हो गए और बैंक फिर से कर्ज देने लगा, जबकि सरकार ने भी पुनर्गठन प्रस्ताव के अंतर्गत पूंजी निवेश किया। इससे बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों में जोश भर गया और इंडियन बैंक पुनर्जीवित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। देश के एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र बैंक-इंडियन बैंक को स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया गया। उसकी बाजार पूंजी अनेक अन्य बैंकों की तुलना में बेहतर थी। इंडियन बैंक का पुनर्जीवन एक केस स्टडी है और उचित ही पूर्व सीएमडी महिला ने इस पर एक पुस्तक भी लिखी। इंडियन बैंक पुनर्जीवन काल में सरकार ने विशेषज्ञों की एक 'निगरानी समिति' गठित की थी जिसमें बाहरी लोग बैंक बोर्ड को निर्देशित करते थे। बोर्ड के साथ निगरानी समिति की पहली बैठक में उन्होंने सिंगापुर में कामकाज बंद करने तथा बैंक की कुछ परिसंपत्तियां बेचने का सुझाव दिया। लेकिन बोर्ड ने इन सुझावों को फौरन अस्वीकार कर दिया। निगरानी समिति ने बोर्ड के असहयोग के बारे में आरबीआई व वित्त मंत्रालय से शिकायत की। मैंने बैंक बोर्ड का दृष्टिकोण मंत्रालय और आरबीआई को बताया। सौभाग्य से इसके बाद निगरानी समिति ने बोर्ड को और सुझाव नहीं दिए।

जिस बैंक को एक समय कमजोर व बंद करने योग्य माना गया था, आज वह भारत के सफल बैंकों का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। परिणामस्वरूप एनपीए को बैंकिंग क्षेत्र का अभिन्न अंग की तरह देखना चाहिए और इसे आपराधिकता से नहीं जोड़ना चाहिए। निजी बैंकों में एनपीए का प्रबंधन किया जा सकता है, उनका पुनर्गठन हो सकता है, उनको घटाया जा सकता है या समय रहते रद्द किया जा सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के लिए जरूरी है कि वे एनपीए संबंधित मामला विजिलेंस विभाग को भेजें। इससे सेटलमेंट प्रक्रिया में विलम्ब होता है, इसके कारण परिसंपत्तियों व सिक्यूरिटीज़ का मूल्य घटता है तथा बैंक को अंतर्निहित परिसंपत्तियों के बावजूद इसका पूरा प्राविधान करना पड़ता है। एनपीए का संबंध आर्थिक वृद्धि चक्र, तकनीकी परिवर्तनों तथा नियामक विचारों से है। बैंकों को हर मामले के आधार पर इन पर विचार करना चाहिए तथा उनके पुनर्गठन, परिवर्तन व सेटलमेंट, आदि का निर्धारण करना चाहिए। लेकिन विजिलेंस को मामला भेजने में ये अनावश्यक हैं। इस कारण बैंक को समयबद्ध तरीके से एनपीए मुद्दे निपटाने में कठिनाई होती है। इस प्रकार के सभी निर्णय प्रबंधन समिति द्वारा किए जाते हैं जिनमें स्वतंत्र निदेशक के साथ ही आरबीआई व सरकार के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। हालांकि, वर्तमान समय में आरबीआई प्रतिनिधि नहीं नियुक्त होते हैं। 1990 का दशक सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के लिए कठिन समय था। 1969 व उसके बाद 1980 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से बैंक सरकार के आधीन हो गए। प्रबंधन के चरित्र में परिवर्तन से उनका कामकाज प्रभावित हुआ। हालांकि, अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए। बैंकों के कर्ज को समतामूलक समाज बनाने के सरकारी दृष्टिकोण से जोड़ा गया। अब तक अनदेखी वाले क्षेत्रों को 'प्राथमिकता क्षेत्र' के रूप में परिभाषित किया गया। कुल कर्ज का 40 प्रतिशत प्राथमिकता क्षेत्रों के लिए रखा गया जिनमें कृषि तथा एमएसएमई क्षेत्र शामिल हैं जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

लेकिन सरकारी नियंत्रण के कारण बैंकिंग क्षेत्र का स्वास्थ्य प्रभावित हुआ तथा आकांक्षी जनसंख्या की इच्छाओं के अनुरूप अद्यतन तकनीक व उत्पादों का समावेश बाधित हुआ। निजी क्षेत्र बैंकों के उभरने के बाद ही ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवायें मिलीं तथा सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों में सुधार शुरू हुआ। बैंकों ने ग्राहक सेवा पर ज्यादा ध्यान देने के लिए तकनीकें अपनाईं। निसंदेह सार्वजनिक क्षेत्र संस्थाओं में अधिकारियों व कर्मचारियों की गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीलेपन और प्रोत्साहनों का अभाव है। बैंक प्रबंधनों को एनपीए से निपटने का अवसर मिलना चाहिए तथा सीबीआई व सीवीसी को उन पर बोझ नहीं डालना चाहिए। बैंकों के पास अपने विजिलेंस विभाग हैं जो ऐसे मामलों से निपट सकते हैं। बैंकों में एनपीए को आपराधिकता से अलग कर उनको सामान्य बैंकिंग कामकाज का हिस्सा समझना चाहिए। कर्ज देने के हर चरण पर जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। समय आ गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों को समान स्तर पर काम करने का अवसर दिया जाए।

# तेजी से बढ़ रहा है एनीमेशन उद्योग

> कौशल और विस्तार के लिए गहरी नजर एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइन के मूल में हैं।



**साहिल चोपड़ा**
(लेखक एक स्तम्भकार हैं)

एनिमेशन उद्योग में तेजी से विकास हुआ है। डिजिटल मीडिया के बढ़ते संपर्क और सम्मोहक दृश्य सामग्री की लगातार बढ़ती आवश्यकता के साथ, कहानी कहने, विज्ञापन और मनोरंजन के लिए एनीमेशन व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले माध्यम के रूप में उभरा है। नतीजतन, कुशल एनिमेटरों की उच्च मांग है, और उद्योग सबसे नई प्रतिभाओं की तलाश कर रहा है। यह पेशेवर विकास और उन्नति के लिए आशाजनक संभावनाओं के साथ एक एनीमेशन कैरियर को एक आकर्षक विकल्प बनाता है। दूसरी ओर, कैनवा और एडोब स्पार्क जैसे डू-इट-योरसेल्फ विज़ुअल डिज़ाइन टूल और प्लेटफ़ॉर्म के उभरने के कारण ग्राफिक डिज़ाइन क्षेत्र एक नींद में गिर गया है। ऐसे ऐप्स के लॉन्च ने व्यक्तियों को पेशेवर ग्राफिक डिजाइनरों के बिना अपने स्वयं के डिजाइन बनाने में सक्षम बनाया है। ग्राफिक डिजाइनरों की स्थायी मांग के बावजूद, यह क्षेत्र अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिससे उद्योग में खुद को अलग करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

एनिमेशन रचनात्मकता और कल्पना के लिए नए द्वार खोलता है। पात्रों, परिवेशों और संसारों का निर्माण करते समय एनिमेटर्स वास्तविकता से प्रतिबंधित नहीं होते हैं। ग्राफिक डिजाइनरों के विपरीत, वे अपनी अवधारणाओं में जान फूंक सकते हैं और गति और ध्वनि के माध्यम से कहानियों को व्यक्त कर सकते हैं। यह उनके काम में भावना और गहराई जोड़ता है। दूसरी ओर ग्राफिक डिजाइन, एक ब्रांड पहचान का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्थिर डिजाइन बनाने पर अधिक केंद्रित है। जबकि ग्राफिक डिजाइन निश्चित रूप से रचनात्मकता की अनुमति देता है, क्या



हासिल किया जा सकता है इसकी सीमाएं हैं। ग्राफिक डिजाइनरों को ब्रांड दिशानिर्देशों और डिजाइन सिद्धांतों का पालन करना चाहिए, जो रचनात्मकता को प्रभावित करते हैं।

एनिमेशन ग्राफिक डिजाइन की तुलना में करियर विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। एनिमेटर्स फिल्म, टेलीविजन, वीडियो गेम, विज्ञापन और शिक्षा जैसे विविध उद्योगों में काम कर सकते हैं। इसके अलावा, वे 2डी एनिमेशन, 3डी एनिमेशन, चरित्र डिजाइन और दृश्य प्रभावों के विशेषज्ञ हैं। संभावनाओं की यह विस्तृत श्रृंखला एनिमेटरों को विभिन्न रास्तों का पता लगाने और उनके कौशल और रुचियों से मेल खाने वाली जगह की खोज करने में सक्षम बनाती है। दूसरी ओर, ग्राफिक डिजाइनर आमतौर पर विज्ञापन, ब्रांडिंग और मार्केटिंग में काम करते हैं, जिसमें प्रकाशन और वेब डिज़ाइन जैसे विभिन्न उद्योगों में कम विकल्प उपलब्ध हैं।

एनीमेशन एक सहयोगी उद्योग है जो आकर्षक परियोजनाओं को बनाने के लिए एनिमेटरों, लेखकों, निर्देशकों और अन्य कलाकारों की टीमों पर निर्भर करता है। यह सहयोगी प्रक्रिया विचारों और दृष्टिकोणों के विविध आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, जिससे एक परिष्कृत और पॉलिश अंतिम उत्पाद तैयार होता है। दूसरी ओर, जबकि ग्राफिक डिज़ाइन में सहयोग भी शामिल हो सकता है, इसके लिए अक्सर व्यक्तिगत ग्राहकों या छोटी टीमों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होती है।

ग्राफिक डिजाइन कार्य की इस प्रकृति का परिणाम कभी-कभी अधिक पृथक कार्य स्थितियों में हो सकता है, जो टीम वर्क पर पनपने वाले व्यक्तियों को चुनौती दे सकता है। एनीमेशन की कला दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर सकती है। जैसे-जैसे ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन चैनल बढ़ते जा रहे हैं, एनिमेटेड कंटेंट में दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचने की क्षमता है। यह एनिमेटरों के लिए व्यापक पैमाने पर पर्याप्त प्रभाव डालने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। वे अपनी कृतियों के लिए विश्वव्यापी पहचान भी अर्जित कर सकते हैं। जबकि ग्राफिक डिजाइन के व्यापक दर्शक वर्ग भी हैं, इसका प्रभाव अक्सर विशिष्ट क्षेत्रों या बाजारों के लिए अधिक स्थानीय होता है। किसी विशेष उद्योग के लिए ब्रांड पहचान बनाने में विशेषज्ञता वाले एक ग्राफिक डिजाइनर की उस क्षेत्र में एक मजबूत प्रतिष्ठा हो सकती है। हालाँकि, उनकी प्रसिद्धि इससे आगे नहीं बढ़ सकती है।

अपने बढ़ते उद्योग और विविध अवसरों के कारण एनिमेशन एक पसंदीदा करियर विकल्प बनता जा रहा है। यह अधिक रचनात्मकता और सहयोग की अनुमति देता है, जिसके परिणामस्वरूप पॉलिश किए गए अंतिम उत्पाद होते हैं। एनिमेटरों की वैश्विक मान्यता और प्रभाव भी है। कुल मिलाकर कला और कहानी कहने के शौकीनों के लिए यह एक आकर्षक करियर है।

## फरमाया



**हमारी** सरकार की हर पहल भारत के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है।

**– नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भारत** और चीन को सीमा से सटे अपने क्षेत्रों में एकतरफा सैन्य ताकत बढ़ाने पर जोर नहीं देना चाहिए।

**– अजीत डोभाल**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार



**मैं** भारत के हर राजनीतिक दल से इस भाजपा सरकार को हटाने के लिए एकजुट होने का आग्रह करती हूं।

**– ममता बनर्जी**
तृणमूल प्रमुख

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## आवारा कुत्ते

**कुत्तों** का मानव के विकास क्रम के साथ साहचर्य का एक अनूठा संबंध रहा है। लेकिन कुत्तों का विकास भेड़िये और उसकी प्रवृत्ति से जुड़ा है। भारत के लिए भले ही यह एक अबूझ पहेली हो, लेकिन बाकी दुनिया के अधिकांश हिस्सों ने आवारा जानवरों के अधिकारों को मान्यता नहीं दी है। यदि ऐसे पशुओं को पट्टे से बांध कर रखा जाता है और पंजीकृत किया जाता है तो उसे पालने वाले उसकी देखभाल करने के लिए बाध्य माने जाते हैं। यदि ऐसा नहीं है तब अंतिम उपाय के रूप में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में उन्हें मार देने के लिए बाध्य है। हालांकि आवारा कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 व अन्य नियमों के अंतर्गत संरक्षित किया जाता है। सभी आवारा कुत्तों में से केवल 15 प्रतिशत को ही टीका लगाया गया है। हालांकि, नियमों को अद्यतन किया जा रहा है ताकि आवारा पशुओं व कुत्तों की आबादी को सीमित किया जा सके। आवारा कुत्तों के काटने के कारण दुनिया भर में रैबीज़ से होने वाली सभी मौतों में एक तिहाई से अधिक भारत में होती है। सड़क पर दौड़ते समय वे दुर्घटना का कारण बनते हैं जिससे अनेक लोगों को चोटें लगती हैं। आवारा कुत्तों से लोगों को बचाना आज जरूरी हो गया है।

**–प्रियंका सौरभ,** हिसार

## भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान

**स्वयं** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीकार कर लिया है कि आज सारे विपक्षी एक मंच पर आकर अगला चुनाव लडने का मन बना रहे हैं। जो विपक्षी एक दूसरे को फूटी आंख नही सुहाते थे तथा जिनकी पार्टी का हर मुखिया अपने आपको प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बताता था आज एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खासतौर से यह भी कहा है कि भ्रष्टाचार में लिप्त रहे सारे चेहरे आज एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने इसे भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान का नाम दिया है। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में भी मोदी जी ने इन सब भ्रष्टाचार में लिप्त पार्टियों को ही हराकर सत्ता हासिल की थी। क्या आज आम जनता इन्हीं सब भ्रष्टाचारियों को सत्ता में आने का मौका दे देगी? हमें तो ऐसा नहीं लगता है। आज के समय में चाहे देश भर के सारे भ्रष्टाचारी नेता भी एकजुट होकर संयुक्त मोर्चा बना ले तो भी अगले आम चुनाव में आम जनता एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को ही वोट देने वाली है। इस तथ्य को कोई अनदेखा नहीं कर सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश असाधारण प्रगति कर रहा है और विकास के लाभ गरीब से गरीब व्यक्ति तक पहुंच रहे हैं।

**–मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## महिला मुक्केबाज

**निकहत** जरीन भारत की दूसरी महिला बॉक्सर बन गयी उन्होंने 2 विश्व चैंपियनशिप गोल्ड मेडल जीते हैं। लेकिन उन्हें वियतनामी बॉक्सर के खिलाफ कड़ा संघर्ष करना पड़ा। लवलीना बोरगोहेन के लिए यह स्वर्ण पदक और भी सुनहरा बन गया क्योंकि न केवल पहली बार उन्होंने कांस्य पदक से बड़ा कोई पदक बड़े मंच पर जीता है बल्कि उन्होंने 5 किलो अपना वजन बढ़ा कर नए वर्ग में मुक्केबाजी भी की। नीतू घणघस इस पूरे टूर्नामेंट में इतने शानदार फार्म में रहीं कि वह अपनी तीन बाउट रेफरी स्टॉप काउंट के आधार पर जीतीं। स्वीटी बूरा पहले राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी रही हैं उन्होंने देश के लिए पहला लाइट हैवीवेट कटेगरी में स्वर्ण पदक जीता। इन चारों मुक्केबाजों के ऐतिहासिक प्रदर्शन ने एक बात साफकर दी है कि मेरी कॉम के बाद भी देश महिला मुक्केबाजों के सुरक्षित हाथों में है। उनका यह प्रदर्शन देश की हजारों युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत साबित होगा। आने वाले एशियाई खेल व पेरिस ओलिंपिक में हम इन महिला मुक्केबाज़ों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं।

**–बाल गोविंद,** नोएडा

# राहुल गांधी पर कार्यवाही सिर्फ इसीलिए की मोदी और अडानी के रिश्ते का पर्दाफाश न हो जाये : लक्ष्मी ध्रुव

## मोदी सरकार में हो रही है लोकतंत्र की हत्या

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

शुक्रवार को प्रदेश भर में राहुल गांधी के समर्थन में मंत्री व विधायकों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इसी के तहत सिहावा नगरी की विधायक व मध्य क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी ध्रुव ने बालोद नगर स्तिथ राजीव भवन में प्रेसवार्ता ली। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए लक्ष्मी ध्रुव में कहा कि जो काम सरकार नही कर सकती उसे जनता तक पहुचाने का काम पत्रकार करते है। चार बार के सांसद रहे राहुल गांधी ने आम जनता के लिए आवाज़ और भ्रष्टाचार के मुद्दों को हमेशा उठाया है। राहुल गांधी के आवास को खाली कराने का आदेश हम लड़ेंगे भी, और जीतेंगे भी। राहुल गांधी के ऊपर इसीलिए कार्यवाही की गई, क्योकि उन्होंने पीएम मोदी की दुखती रख पर हाथ रख दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि राहुल गांधी को संसद में बोलने से रोका गया। उनसे माफी मंगवाने की कोशिश की गई। उनके पत्र तक का जवाब नहीं दिया गया। लक्ष्मी ध्रुव ने न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हुए कहा कि आगे की लड़ाई लड़ेंगे भी और जीतेंगे भी। आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान संसदीय सचिव कुँवर सिह निषाद, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, डोमेन्द्र भेड़िया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, पुरुषोत्तम पटेल, कृष्णा दुबे, चंद्रेश हिरवानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल यादव, धीरज उपाध्याय, यज्ञदेव पटेल सहित अन्य शामिल रहे। सिहावा विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने बताया कि संसद के बजट सत्र के चल रहे दूसरे भाग में, भारत के इतिहास में पहली बार एक सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा संसद को बाधित कर रही थी और इसे काम नहीं करने दे रही है। यह अडानी को बचाने के लिए एक ध्यान भटकाने की साजिश है।



### राहुल के भाषण को संसद के रिकॉर्ड से क्यो हटाया–

लक्ष्मी ध्रुव ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का अडानी से क्या रिश्ता है...? राहुल गांधी ने अडानी के विमान में आराम करते हुए पीएम मोदी की तस्वीर दिखाई। उन्होंने रक्षा उद्योग के बारे में, हवाई अड्डों के बारे में, श्रीलंका में दिए गए बयानों के बारे में, बांग्लादेश में दिए गए बयानों के बारे में ऑस्ट्रेलिया में स्टेट बैंक (भारत के) के चेयरमैन के साथ बैठे नरेंद्र मोदी और अडानी की तस्वीरें, जिन्होंने कथित तौर पर 1 बिलियन का ऋण स्वीकृत किया था। उसके बारे में दस्तावेज दिए। यह सबूत के साथ सवालों का दूसरा सेट था। मोदी सरकार ने सवाल का जवाब तो नहीं दिया उल्टे राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण से अडानी घोटाले के महत्वपूर्ण अंश और राहुल गांधी के भाषण (लगभग पूरी तरह से) को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया क्यों...?

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया

लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में आज आम आदमी की आवाज उठाना, भ्रष्टाचार के खिलाफआवाज उठाना गुनाह हो गया है। देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष 4 बार के सांसद राहुल गांधी जब संसद के अंदर बात करते है। तो उनको बोलने नहीं दिया जाता। उनका माइक बंद कर दिया जाता है। सत्तारूढ़ दल के सांसद बहुमत के अतिवादी चरित्र का प्रदर्शन करते हुये ससद की कार्यवाही नहीं चलने देते है। केंद्रीय मंत्री अपने पद की गरिमा को तार-तार करते हुये अनर्गल बयाबाजी करते हैं और जब इन सबसे भी राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष की आवाज को नहीं दबा पाते तो एक और डियंत्र रचा जाता है।

### कहा से आया 20 हजार करोड़ : लक्ष्मी ध्रुव

लक्ष्मी ध्रुव ने आगे बताया कि राहुल गांधी के ऊपर यह सारी कार्यवाही क्यों की गई...? इसका एक मात्र कारण है की राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री की दुखती रत पर हाथ रख दिया। उन्होंने मोदी के निकट सहयोगी अडानी के घोटालेबाजी और अडानी-मोदी के गठबंधन पर आवाज उठाई। उन्होंने दो सवाल पूछे थे। क्या अडानी की सेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ या 3 बिलियन डॉलर हैं...? अडानी इस पैसे को खुद कमा नहीं सकता क्योंकि वो इंफ्रास्ट्रर बिजनेस में है। यह पैसा कहां से आया...? किसका काला धन है..? ये किसकी सेल कंपनिया है..? ये कंपनियां डिफेंस फील्ड में काम कर रही हैं। कोई क्यों नहीं जानता...? यह किसका पैसा है...? इसमें एक चीनी नागरिक शामिल है। कोई यह सवाल क्यों नहीं पूछ रहा है कि यह चीनी नागरिक कौन है ?

# थानखम्हरिया में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन 7 अप्रैल को

पायनियर संवाददाता ✓ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com




हिंदू धर्म जागरण समिति द्वारा नगर में 7 अप्रैल को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध कवि अपनी रचना पाठ करेंगे। हिंदू नववर्ष के प्रथम माह पर हिंदू धर्म जागरण समिति द्वारा पिछले 7 वर्षो से प्रतिवर्ष अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 7 अप्रैल शुक्रवार को नगर के भारत माता कन्या शाला प्रांगण में यह आयोजन किया जायेगा। इस विराट साहित्यिक आयोजन में अखिल भारतीय स्तर के प्रख्यात कवि एवं टी वी स्टार सुदीप भोला हास्य कवि जबलपुर, हास्य के अंतराष्ट्रीय फेम एवं कवि युद्ध आइकॉन शंभुशिखर हास्य कवि मधुबनि बिहार, मधुर गीत एवं श्रृंगार गजल की प्रसिद्ध मल्लिका पद्मिनी शर्मा श्रृंगार रस दिल्ली, अपने साहित्य से राष्ट्रधर्म एवं हिंदुत्व के अलख जगाने वाले ओजस्वी कवि सुमित ओरछा वीररस मध्यप्रदेश एवं भारत माता एवं देशधर्म का विचार परोसने वाले छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध फायर ब्रांड कवि देवेन्द्र परिहार वीररस मुंगेली छग अपनी उम्दा रचनाओं का पाठ करेंगे।हिंदू धर्मजागरण समिति ने क्षेत्र के सुधि श्रोताओं एवं नागरिकों से अपील की हैं कि ईस्ट मित्रों सहित कार्यक्रम उपस्थिति की अपील की है।

# भाजपा नेता विक्रम धुर्वे के आत्महत्या की जानकारी से पूरे दल्लीराजहरा में पसरा सन्नाटा

## मामले की जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे का 31 मार्च को अचानक निधन हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार राजहरा से लगे चिखलाकसा निवासी सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष विक्रम धुर्वे (45 वर्ष) ने अपने घर के एक कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है । सुबह परिजनों ने साढ़े 11 बजे खिड़की से फांसी की फंदे पर लटकते देखा गया जिसके बाद अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी गई। जिसके बाद खिड़की को तोड़कर कमरे में प्रवेश किया।मामले की सूचना मिलते ही घटना स्थल में राजहरा टीआई उपस्थित हुए। भाजपा से जुड़े लोगों ने बताया कि विक्रम धुर्वे जो कि पार्टी के एक सक्रिय नेता के साथ साथ एक जिंदादिल व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे । 30 मार्च की शाम धुर्वे जामड़ी पाटेश्वर धाम पुण्यतिथि सभा में शामिल हुए थे। वे 31 मार्च को दल्लीराजहरा में होने वाले रामनवमी की शोभा यात्रा में अतिथि भी थे। लेकिन रात भर में ऐसी क्या घटना हुई कि फांसी लगाने जैसे निर्णय लेना पड़ा। इस बात को लेकर समूचे क्षेत्र में चर्चा का विषय है तो वहीं एक जनप्रतिनिधि द्वारा उठाए गए इस कदम को लेकर पुलिस प्रशासन भी मामले की सूक्ष्मता से जांच कर रही है। आत्महत्या करने के पीछे क्या कारण हो सकता है इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। पता चला है कि मृतक के पास एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें उन्होंने आत्महत्या का कारण अपने आप को माना है। लेकिन ऐसी शंका व्यक्त की जा रही है कि विक्रम धुर्वे किसी प्रकार मानसिक परेशानी से गुजर रहे थे।

# पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम संपन्न



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

रामनवमी के पावन पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम नवमी के दिन सम्पन्न हुआ । जिसमें भक्तों ने अपनी श्रद्धा और भावना के साथ यज्ञ में सम्मिलित होकर पूर्णाहुति समर्पित किये । यज्ञ का संचालन एवं मंत्रोच्चार वीणा साहू , ओमिन साहू एवं मांडवी मिश्रा के द्वारा किया गया। मंदिर के परिव्राजक देवप्रसाद आर्य जी एवं हिमांशु साहू परिव्राजक के द्वारा गुरु दीक्षा और विद्या आरम्भ संस्कार कराया गया, जिसमें 4 लोगो ने गुरु दीक्षा और एक बच्चे का विद्या आरंभ संस्कार कराया गया । गायत्री शक्तिपीठ में सभी संस्कार कराए जाते है । यज्ञ संस्कार के पश्चात नवकन्या भोज कराया गया कार्यक्रम के समापन के पश्चात प्रसाद के रूप में भण्डारा का भी आयोजन हुआ । कार्यक्रम में शक्तिपीठ के समस्त ट्रस्टी शिव कलिहारी, रूपराम वर्मा , राधेश्याम साहू , पीताम्बर लाल साहू , बमलेश्वर मिश्रा एवं शक्तिपीठ के परिजनों में प्रमुख रूप से निर्मला कलिहारी, सविता वर्मा,मंजू साहू ,रितु चंद्राकर, वीणा साहू ,हेमपुष्पा साहू, विमला साहू का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# विधायक आशीष छाबड़ा ने भव्य श्री राम मंदिर निर्माण के लिए ग्राम बहेरा में भूमि पूजन किया

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत बेहरा(का) में श्री राम मंदिर निर्माण भूमिपूजन समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा उपस्थित थे ।

विधायक आशीष छाबड़ा ने भगवान श्री रामचंद्र की पूजा अर्चना कर 05 लाख रुपए की लागत से बनने वाली श्री राम मंदिर निर्माण कार्य की नारियल तोड़ भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऐतिहासिक दिन रामनवमी का दिन ग्राम बहेरा का स्वर्णिम दिन इतिहास में दर्ज हो गया, इस पवित्र दिन में भगवान श्री रामचनाद्रजी की भव्य मंदिर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई है,समस्त ग्राम वासियों को इसके लिए बधाई व शुभकामनाए,हम सबके राम और सब में राम श्रीराम हम सबके प्रिय हैं,वास्तव में राम होना कठिन है, हर पल संघर्ष में रहना कठिन है, हर पल को मर्यादा के साथ जीना कठिन है, लेकिन भगवान श्री रामचन्द्र जी का जीवन व्यावहारिक जीवन में दिखने वाली गुत्थियों को सुलझाने की प्रेरणा देता है,वह धर्म की परिभाषा हैं, वह रामराज्य की आत्मा हैं, वह राजधर्म की मिसाल हैं, वह न केवल मनुष्यों अपितु समस्त प्राणी जगत के साथ स्नेह का सूत्र हैं, वह धैर्य गुण के अक्षय स्रोत हैं,इसीलिए राम सबके हैं, एक वनवासी के रूप में लंकेश से युद्ध के लिए वन्य प्राणी, वनस्पति तक उनके सहयोगी हुए,और जब विभीषण ने पूछा कि हे नाथ न आपके पास रथ है, और न तन की रक्षा करने वाला कवच है, वह बलवान रावण से किस प्रकार जीता जाएगा,इस पर श्रीरामचन्द्र ने कहा, हे मित्र जिससे जय होती है, वह रथ दूसरा ही है, श्रीराम सब के मुख पर इसलिए रहते हैं, क्योंकि वह सबके दिल में रहते हैं, निश्चित ही आज जो बहेरा (का) में राम मंदिर का भूमि पूजन हुआ है निश्चित ही समस्त ग्रामवासी के सहयोग से यह राम मंदिर का भूमि पूजन हुआ है समस्त राम भक्तों के सहयोग से राम मंदिर बन के तैयार होगा। साथ ही मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा,बहल सिंह वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति लोलेसरा ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर चेमन नेताम सरपंच प्रतिनिधि, टेकराम साहू पूर्व सरपंच, अशोक निर्मलकर, खिलावन वर्मा उपसरपंच, बलराम साहू समिती अध्यक्ष, बृजमोहन, घनस्याम निषाद, महेत्तर वर्मा,संतोष ध्रुव, हिरा राम सिन्हा, खिलेनद्र पाटिल, सत्यनारायण पाटिल, बीसौहा वर्मा, पुनाराम वर्मा,दशरथ यदु,रवेंद्र वर्मा,संजय वर्मा,रवि सिन्हा, परससिन्हा, पोषण साहू, दाऊ वर्मा, धनराज वर्मा,जगदीश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।



# मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण में प्रभु श्री राम महा आरती व महाप्रसाद का वितण

## रामजन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में प्रभु श्री राम की महा आरती आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रामनवमी के पावन अवसर पर मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण में विधि विधान प्रभु श्री राम के प्रतिमा की स्थापना की गई । इस अवसर पर रामजन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में प्रभु श्री राम की महाआरती उतारी गई । आचार्य कमलेश तिवारी के मार्गदर्शन में महाआरती हुई । इस दौरान समिति के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए । शाम करीब 7 बजे प्रभु श्री राम की महाआरती हुई । इस दौरान भगवान श्री राम के जयकारे से माहौल राममय हो गया । आरती गान से मंदिर में भक्ति का उल्लास छाया रहा । मंत्रोच्चार पश्चात महाआरती हुई । इसके बाद भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया गया । आरती में बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा, किसान नेता योगेश तिवारी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष आदित्य राजपूत समेत अन्य जनप्रतिनिधि व नागरिक शामिल हुए । अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन हमे भाईचारा की शिक्षा देता है, एक ओर जहां लक्ष्मण ने 14 साल भाई राम के साथ वनवास किया । वहीं दूसरे भाई कैकेयी के पुत्र श्री भरत ने राजगद्दी के अवसर को ठुकरा दिया । रामायण का प्रत्येक चरित्र भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, सुमित्रा सभी निःस्वार्थ भाव से त्याग, समर्पण बलिदान एवं अनन्य भक्ति की शिक्षा देते हैं । रामायण का प्रत्येक पात्र हमे बेहतर जीवन जीने का मार्ग बताता है । प्रभु श्री राम के जीवन से सबसे बड़ी सीख, बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत है । बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों ना हो लेकिन अच्छी नियत एवं गुणों के कारण सच्चाई की ही जीत होती है।



### गुणों और कर्मो के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए प्रभु श्री राम

किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि आज भी बड़े-बुजुर्गों के बीच यदि संस्कृति और सदाचार की बात होती है, तो भगवान राम का ही नाम लिया जाता है । भगवान राम गुणों के धनी हैं । व्यक्ति अपने गुणों और कर्मों से ही पहचान बनाता है । भगवान राम भी अपने स्वभाव, गुणों और कर्मों के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए । भगवान राम श्री हरि विष्णु के अवतार माने जाते हैं । उन्होंने राजपाट छोड़ 14 साल वनवास में बिताएं । फिर भी एक श्रेष्ठ राजा कहलाते हैं क्योंकि उन्होंने सत्य, दया, करुणा, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलते हुए राज किया ।

# समाज कल्याण विभाग और भिलाई इस्पात संयंत्र के सौजन्य से 336 दिव्यांग लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग और भिलाई इस्पात संयंत्र के सौजन्य से ग्राम झलमला में समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम मे जिले के 336 दिव्यांग लाभान्वित हुए हैं। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग प्रदान किया गया है। जिसमें 336 दिव्यांगों को 793 उपकरण प्रदान किया गया, जिसकी कुल लागत लगभग 62 लाख रूपये है। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग और भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी व कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद थे।






# सिया राम की सेना द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं महाआरती का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



श्री रामनवमी के अवसर पर सिया राम की सेना के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया । जहां बड़ी संख्या में नगर के विभिन्न वार्डों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों से आए लोगों ने बढ़ चढ़ कर लोक-सांस्कृतिक गाजे बाजे का आनंद लिया ।क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया शोभायात्रा में सम्मिलित हुई , साथ ही विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी , अनिल लोढा , डौन्डी एवं लोहारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यगण भी इस शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए । सिया राम की सेना के तत्वावधान में आयोजित पुराना थाना से निकलने वाली इस शोभायात्रा की अगुवाई प्रख्यात आंगादेव के द्वारा की गई , जिसके बाद बस्तर के सुप्रसिद्ध मांदरी बाजा आकर्षण का केंद्र बना । साज सज्जा के साथ शोभा यात्रा के बीच मे राम जी की सेना अपने वाहन में नज़र आई और फिर महाराष्ट्र से आया धुमाल नगर की जनता के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र बना जिसके बाद नगर के लोकल बैंड ने भी अपना हुनर दिखाया ।भीड़ इतनी की लोग देखते ही रह गए । शोभा यात्रा बस स्टैंड चौक से होकर पुराना बाजार, वीर नारायण चौक से वापिस होते हुए फिर जैन भवन पहुंची , जहां सभी ने महाआरती में शामिल हो कर खुद को गौरवान्वित महसूस किया । तत्पश्चात महाप्रसादी ग्रहण किया । इस कार्यक्रम के आयोजन समिति में नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर , ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर , समस्त पार्षद रोशन पटेल , सूरज विभार , चंद्रप्रकाश सिन्हा , जनक निषाद , स्वप्नील तिवारी , विजय भान , चंद्रप्रकाश बोरकर , विजया लक्ष्मी , रुखसाना बेगम , श्रुति यादव , टी ज्योति , प्रमिला पारकर , ममता नेताम , बृजमोहन , राजेश काम्बले , जस्सू एवं एल्डरमैन प्रमोद तिवारी , ममता पांडेय , महेन्द्रन अप्पू , जी.ईश्वर राव , पूर्व न पा उपाध्यक्ष रवि जायसवाल , युकां जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकडे , अभय सिंह , विवेक मसीह , अनिल कोम्बे , प्रदीप , रामु , पप्पू पंजवानी , जसविंदर गिल , रमेश भगत सहित विभिन्न समाज के मुखिया व अन्य साथियों ने आयोजन को भव्य बनाया और सभी ने मिल कर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर समर्थन कर व इस आयोजन में सम्मिलित हो कर इस शोभा यात्रा को भव्य बनाने नगर वासियों का आभार व्यक्त किया और अगले वर्ष इससे अधिक भव्य आयोजन का वादा किया ।

# 2 महीने का चांवल एकमुश्त मिलेगा अप्रैल में कुपोषण से सुपोषण की ओर एक कदम

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत प्रचलित सभी राशनकार्डधारियों को माह अप्रैल एवं मई 2023 हेतु पात्रता अनुसार निःशुल्क चांवल का आवंटन एवं वितरण एक मुश्त माह अप्रैल 2023 में किया जाएगा। इसके लिये 02 माह के चांवल एवं अन्य राशन सामग्री के भंडारण पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। माह अप्रैल 2023 में 02 माह के भंडारित खाद्यान्न की निगरानी किये जाने हेतु निगरानी समिति एवं संबंधित क्षेत्र के खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है। जिले के प्रत्येक उचित मूल्य दुकान हेतु चांवल उत्सव का आयोजन कर राशनकार्डधारियों को 2 महीने का चांवल माह अप्रैल 2023 में एक मुश्त निःशुल्क वितरण किया जावेगा। चांवल को छोड़कर शेष राशन सामग्री जैसे-शक्कर, नमक केरोसिन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना की माहवार पात्रता अनुसार ही वितरण किया जावेगा। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के समान ही छ.ग. खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जारी अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित निःशक्तजन राशनकार्डो में (एपीएल राशनकार्ड को छोड़कर) फोर्टिफाइड चांवल वितरण किया जाएगा। बेमेतरा जिले में अप्रैल 2022 से फोर्टिफाइड चांवल का वितरण किया जाएगा। फोर्टिफाइड राइस में कई पोषक गुण है क्योंकि इसमें आयरन फोलिक एसिड और विटामिन बी-12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व या माइक्रोन्यूट्रिएंट्स मिलाये जाते हैं। ये पोषक तत्व एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से बचाता है। आयरन एनीमिया से बचाव करता है। फोलिक एसिड भ्रूण निर्माण और खून बनाने में सहायक होता है और विटामिन बी-12 नर्वस सिस्टम के सामान्य कामकाज में सहायक होता है। फोर्टिफाइड चांवल के नियमित सेवन से बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सुनिश्चित होता है। इसमें प्लास्टिक जैसा कुछ भी नहीं होता और यह उपभोग करने के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक है। फोर्टिफाइड चांवल स्वाद सुगंध और दिखने में सामान्य चांवल जैसा ही होता है। इसे सामान्य चावल की तरह ही पकाकर सेवन करना चाहिए। फोर्टिफाइड चांवल पकाने के दौरान अपने पोषक तत्वों को बरकरार रखता है। अत्यधिक पानी में धोने और पकाने के दौरान भी पोषक तत्व अवशेष बरकरार रहते हैं।

# बड़ी व सार्थक सोंच ही सफलता का आधार : सुरुचि सिंह

## सफलता ही दिलाती है आत्मविश्वास और समर्पण

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

समाधान महाविद्यालय एवं समाधान आई. टी. आई. में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कैरियर गाइडेंस एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सुरुचि सिंह(आई.ए.एस.) वर्तमान एस.डी.एम. बेमेतरा उपस्थित रही। छात्रों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने मुख्य अतिथि सुरुचि सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय दिया। इसके पश्चात महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी जी ने अपने संबोधन बेमेतरा जिले की विशेषता व जिले में आयोजित होने वाले प्रतिवर्ष शिक्षक सम्मान और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी के शामिल होने के पल को याद करते हुए बेमेतरा जिले के मुख्य सड़क मार्ग को और समृद्धि विहार कॉलोनी गेट के सामने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम चौक बनवाने की मौखिक मांग किए। छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरुचि सिंह व बेमेतरा एस.डी.एम. ने कहा कि मैं आप सभी से अनौपचारिक रूप से बात करना चाहती हूं आप लोगों को जिस विषय व क्षेत्र में रुचि व लगन हैं उसे पूरी ईमानदारी पूर्वक कार्य कर उस पर सफलता प्राप्त किया जा सकता है। इसके पश्चात सुरुचि सिंह द्वारा अपना परिचय दिए। ह्रूस बनने से पूर्व एडवोकेट के रूप में दो वर्ष के तक कार्य किए उन्हें आई.ए.एस. बनने में चार वर्ष का समय लगा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुवे उन्होने कहा कि आप अपने करियर के बारे में गंभीर रूप से सोचना प्रारंभ कर दीजिए और जो भी कार्य करें उसे आधे मन से ना करें बल्कि उस कार्य को पूरे मन और लगन के साथ कीजिए तभी सफलता हासिल होगी। जीवन में असफलता भी हमें बड़ी सीख दे जाती हैं असफलता से ही व्यक्ति सशक्त होता हैं असफलता से सिख लेकर ही आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में बड़ा सोच व सार्थक सोच ही सफलता का आधार है। आप अपने लोगों से बात कीजिए वह अपने जीवन में क्या बनना चाहते हैं कोचिंग संस्थान से सफलता नहीं मिलती बल्कि इस संस्थान के माध्यम से हम स्वयं का सही आकलन कर पाते हैं कि हम कितने गहरे पानी में हैं। जीवन में कभी भी फेल होने का डर नहीं होना चाहिए। आई.ए.एस. की तैयारी के लिए मुख्य बातें कहीं 1. फेल होने का डर नहीं होना चाहिए, 2. फायर होना चाहिए, 3. जो भी हो जाए करना चाहिए।



# हमारी लड़ाई मोदी से नहीं हमारी लड़ाई अडानी के 20 हजार करोड़ की जेपीसी जांच को लेकर: विनय जायसवाल

## जिला मुख्यालय शक्ति में कांग्रेस ने करी 31 मार्च को पत्रकार वार्ता

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जय भारत जय सत्याग्रह आंदोलन के तहत 31 मार्च को शक्ति जिला मुख्यालय के शासकीय विश्राम गृह में शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मनेंद्रगढ़ के कांग्रेस विधायक विनय जायसवाल, शक्ति शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू,ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल कंवर, विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाड़ीन, कृषि उपज मंडी सक्ति के अध्यक्ष रूपनारायण साहू, महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती गीता देवांगन, वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, नगरपालिका के विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, महंत समर्थक उगेंद्र अग्रवाल पप्पू, हरिश्चंद्र अग्रवाल कालू,अमीर अनिरुद्ध अग्रवाल, पार्षद श्रीमती चांदनी सहिस,पार्षद दीपक रिकको सेवक प्रमुख रूप से मौजूद थे,पत्रकार वार्ता का संचालन करते वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज पत्रकार वार्ता आयोजित की जा रही है, वही पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मनेंद्रगढ़ के विधायक विनय जायसवाल ने कहा कि आज चार बार के सांसद रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की सदस्यता लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई, हमें न्यायालय से इस संबंध में कोई शिकायत नहीं है, आज केंद्र में भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के साथ जो व्यवहार कर रही है आज उन्ही बातों को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरे देशभर में जय भारत जय सत्याग्रह आंदोलन कर रही है, एवं कांग्रेस ने संसद सत्र के दौरान मांग की थी कि अडानी के सैल खाते में 20000 हजार करोड़ रुपए कहां से आए उसकी जांच करवाई जाए, किंतु भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की इस मांग को नहीं माना तथा हमारी लड़ाई सिर्फ राष्ट्रहित के लिए है,एवं कांग्रेस के नेताओं को संसद में बोलने नहीं दिया जाता एवं देश में आज लोकतंत्र समाप्त हो रहा है,मनेंद्रगढ़ विधायक विनय जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक में नीरव मोदी एवं अन्य मोदियो जो कि इस भारत का पैसा लेकर भाग गए हैं के बारे में कुछ बातें कही थी, किंतु आज भारतीय जनता पार्टी ने उसे पूरे देश में ओबीसी वर्ग के अपमान की बात कह कर प्रचारित किया किंतु राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में ऐसा कोई भी बयान नहीं दिया था, विधायक विनय जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी हम सब के सम्माननीय नेता हैं तथा आज गांधी परिवार देश की सेवा करते जा रही है, एवं हम आजादी के पहले ब्रिटिश कंपनी के गोरो से लड़ते थे तथा अब हमें 80 साल बाद भी अब गोरो को छोड़कर चोरों से लड़ने की स्थिति आ गई है,वही विनय जायसवाल ने कहा कि गांधी कभी माफी नहीं मांगते एवं गांधी सदैव असहयोग आंदोलन में सहयोग देते हैं, तथा वर्ष 2014 के पहले इस देश में लोकतंत्र था किंतु आज नरेंद्र मोदी की सरकार की कार्यशैली को देखते हुए लोकतंत्र की समाप्ति हो गई है,विधायक जायसवाल ने कहा कि जय भारत जय सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी यह मांग करती है कि अडानी के सेल खाते में आए 20000 करोड रुपए की जांच करवाई जाए तथा कांग्रेस पार्टी ने सदैव इस राष्ट्र के विकास के लिए, राष्ट्र की तरक्की के लिए काम किया है, विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के नाम पर एक मकान तक नहीं है तथा वे आनंद भवन में रहते थे वह भी आज शासन के अधीन है, श्री जायसवाल ने कहा कि शक्ति जिला मुख्यालय में आज आयोजित पत्रकार वार्ता के माध्यम से हम सभी आने वाले दिनों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सत्याग्रह आंदोलन को गति देंगे तथा कांग्रेस कमेटी ने हमेशा सत्याग्रह के माध्यम से विजयश्री प्राप्त की है।

# अतिक्रमण हटाओ स्थल पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष महंत, कलेक्टर को दिए अतिक्रमण से प्रभावित लोगों के व्यवस्थापन के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ सक ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत 31 मार्च को शक्ति नगर पालिका क्षेत्र के बुधवारी बाजार में विगत दिनों प्रशासन द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान स्थल पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे, इस दौरान शक्ति कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना भी मौजूद रही, विधानसभा अध्यक्ष महंत ने अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात करते हुए उनकी बातें सुनी, उपरोक्त जानकारी नगरपालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्यामसुंदर अग्रवाल ने देते हुए बताया कि साथ ही इस दौरान कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को पूरे अभियान से प्रभावित परिवारों एवं दुकानदारों के शीघ्र ही व्यवस्थापन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए है,इस दौरान प्रभावित परिवारों ने भी विधानसभा अध्यक्ष महंत से गुहार लगाई कि वे सालों- साल से यहां बसे हुए थे, किंतु आज उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा इन सब बातों को सुनकर विधानसभा अध्यक्ष महंत ने आवश्यक दिशा- निर्देश दिए हैं, साथ ही विधानसभा अध्यक्ष महंत ने सक्ति कलेक्टर को उपरोक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद खाली हुए स्थान पर आवश्यकता अनुरूप कार्रवाई करने की भी बात कही है, इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल,दादू जायसवाल, पिंटू ठाकुर, गिरधर जायसवाल विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश गेवाडीन, आनंद अग्रवाल सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे, वहीं विधानसभा अध्यक्ष महंत ने शक्ति के जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया इस दौरान मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सूरज सिंह राठौर को स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने एवं सरकारी अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त करने के संबंध में निर्देश दिए इस दौरान शक्ति कलेक्टर ने भी शक्ति जिले में स्वास्थ्य विभाग को लेकर चलाए जा रहे विशेष मिशन की भी जानकारी दी जिस पर विधानसभा अध्यक्ष महंत ने भी शक्ति कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रशंसा की साथ ही उन्होंने पूरे जिले तथा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य के मामले में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रखने तथा स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले लोगों को छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग की मंशानुरूप सभी सुविधाएं बिना किसी परेशानियों के मिले ऐसी व्यवस्था बनाने की बात कही है, उल्लेखित हो कि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत 31 मार्च को अपने विभिन्न कार्यक्रमों के प्रवास के तहत शक्ति पहुंचे थे तथा उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की।

# चांपा नगर में रामनवमी के अवसर निकाली गई भव्य शोभायात्रा





पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

चांपा रामनवमी के अवसर पर चांपा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों संख्या में लोग शामिल हुए। हिंदू संगठनों की ओर से निकाली गई रैली में चांपा की जनता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इसमें जय श्री राम की जय जयकार नारे लगाकर जोर शोर से शोभायात्रा निकाली गई चांपा शहर में रैली की शुरुआत रेलवे स्टेशन से शुरू होकर बरपाली चौक, लायंस चौक, थाना चौक, मोदी चौक होते हुए सदर बाजार से परशुराम चौक तक रैली का समापन हुआ। समापन के बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। रैली में युवाओं ने विशाल भगवा झंडे लहराए।रैली में भगवान राम, लक्ष्मण, जानकी, शिवजी की लिंग सहित कई तरह की झांकियां निकाली गई। वहीं बैंड बाजे और डीजे की धुनों पर सफेद वस्त्रों में भगवा धारण किए युवा झूमते नाचते चल रहे थे।इस बार की रैली की खास बात रही कि बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया। इस रैली में लगभग चांपा की महिला एवं युवक-युवतियों हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ पड़े जय श्रीराम के नारे हजारों की संख्या में युवक युवतियों और महिलाओं के द्वारा गूंज उठा माँ समलेश्वरी मंदिर, दुर्गा वाहिनी सहित कई जगहों में युवतियां रैली में शामिल हुई। रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। और गली मोहल्लों में फ्टाके फ़ोड़े गऐ कई जगहों पर कई संगठनों के द्वारा पेय पदार्थ की व्यवस्था के साथ स्वागत किया गया। पूरे स्टेशन रोड पर बस स्टैंड से लेकर पूरे नगर तक की बड़ी रैली से पूरा बाजार और शहर भगवामय हो गया। जिसे देखकर लोग मनमोहक झूम उठे और जय श्रीराम के नारे कहने लगे। भगवान राम की सजीव झांकियों की विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पूजा की। इस दौरान कई साधु साध्वियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। समापन पर युवाओं ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए विशाल भगवा झंडे लहराकर माहौल को भगवामय बना दिया। जिसमे खास योगदान चांपा पुलिस की कानून व्यवस्था बनी रही।

# 1 अप्रैल को जननायक बिसाहूदास महंत की जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जननायक स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति 1 अप्रैल 2023 दिन- शनिवार को कचहरी परिसर शक्ति में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें उपस्थित डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण किया जाएगा,इससे पूर्व सुबह 9:00 बजे से मातृ शिशु अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति में श्रद्धांजलि सभा एवं मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों नागरिकों एवं अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा स्वर्गीय बिसाहूदास महंत जी के व्यक्ति त्व एवं कृतित्व का पुण्य स्मरण किया जाएगा तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। उक्त कार्य म के संयोजक अधिवक्ता राकेश महंत सदस्य जीवनदीप समिति ने उक्त कार्य मों में आम जनता को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है, वही 1 अप्रैल को शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में बिसाहूदास महंत की जयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा भी अनेकों कार्य मों का आयोजन किया गया है, शक्ति के हटरी चौक स्थित स्वर्गीय बिसाहूदास महंत उद्यान में भी जहां बिसाहू दास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा अनेकों सेवा के काम तथा रचनात्मक कार्य होंगे तो वही शक्ति विधानसभा छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत का गृह मुख्यालय एवं शक्ति जिला बनने के बाद स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की जिला मुख्यालय में यह पहली जन्म जयंती का कार्य म होगा, जिसे लेकर कांग्रेस जन भी उत्साहित हैं एवं स्वयं डॉ चरणदास महंत इस जयंती कार्यक्रम को एक सेवा के रूप में देख रहे हैं।

# अनुकम्पा नियुक्ति देने के पूर्व डीईओ ने मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की छानबीन के क्रम में एक सप्ताह में आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल दो आवेदकों ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। डीईओ ने बताया कि मस्तूरी विकासखंड के शा.प्रा.शाला जुनवानी के दिवगंत प्रधान पाठक स्व. श्री रामसागर कश्यप के आश्रित परिवार की सूची में से श्रीमती पूर्णिमा कश्यप की नियुक्ति के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार शा.प्रा.शाला तेलियापुरान में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत दिवगंत कर्मचारी स्व. कृष्णकांत बंजारे के आश्रित परिवार के सदस्य बंधवापारा सरकण्डा निवासी उनके पुत्र श्री सत्येन्द्र बंजारे ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आमजनों की जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रित परिवारों में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे 7 दिवस के भीतर पुरानी कम्पोजिट स्थित कक्ष क्र. 25 जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के जरिए जानकारी दे सकते हैं ताकि नियमानुसार पात्र व्यक्ति को ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जा सके।

# ऑपरेटर रजक के विरुद्ध प्रबंधकों से एमएसपी लेखा मिलान के नाम से राशि लिए जाने की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कुछ माह पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डिंडोरी ,जिला मुंगेली द्वारा जिला यूनियन बिलासपुर में पदस्थ डाटा एंट्री ऑपरेटर रजक के विरुद्ध प्रबंधकों से एमएसपी लेखा मिलान के नाम से राशि लिए जाने की शिकायत , मय प्रमाण की गई थी जिस पर विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। शिकायत में इस बात का भी उल्लेख है, कि रजक के रवैया से प्रबंधक वनोपज खरीदी में दिलचस्पी नही दिखा रहे । जिसका प्रभाव इस वनोपज सत्र में दिखा,ज्ञात हो कि गत वर्ष में कोदो मिलेट का संग्रहण पूरे बिलासपुर यूनियन में लगभग 1500क्विंटल हुई थी, लेकिन इस वनोपज सत्र में पूरे बिलासपुर यूनियन में मात्र लगभग 600 से 700 क्विंटल ही कोदो मिलेट्स खरीदी की गई। इसका कारण फसल की कमी नही ,बाबू के कमीशन खोरी का प्रभाव है - क्षेत्रीय किसानों से जानकारी मिली की कोदो का फसल गत वर्ष की अपेक्षा कम तो हुआ लेकिन इतना भी कम नही था,उनसे जानकारी मिली की अपनी फसल उन्होंने स्थानीय व्यापारी को 20-25/- मे विक्रय किया है। गरीब किसानों को तथा शासन को हुई इस हानि की जिम्मेवार कौन होगा । स्पष्ट है यदि जिला कार्यालय का बाबू का रवैया अधीनस्थ प्रबंधकों से सही होता तो यह स्तिथि निर्मित नही होती। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है, कि प्रबंधकों द्वारा अपनी समस्या ,क्षेत्र में आ रही समस्या संबंधी पत्राचार उन्ही के टेबल से गुजरता है । जो उच्च अधिकारी तक पहुंच ही नहीं पाता।

## सतीश कुमार को 31 मार्च तक कार्यभार ग्रहण करने हेतु आदेश जारी

**मुंगेली।** कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवा सतीश कुमार पिता कार्तिक राम जाति बैगा ग्राम कंचनपुर तहसील लोरमी को संबंधित पदांकन कार्यालय में 31 मार्च 2023 तक कार्यभार ग्रहण करने कहा गया है। जारी आदेश में आवेदक को अपनी शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ कार्यभार ग्रहण हेतु संबंधित कार्यालय में अपनी उपस्थिति देने कहा है। बता दें कि राज्य शासन के निर्देशानुसार विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं को नियुक्ति दिये जाने हेतु जिला स्तरीय गठित समिति द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों के समीक्षा एवं जांच उपरांत पाये गये पात्र आवेदकों की उपलब्ध सूची अनुसार सतीश कुमार को कार्यालय कलेक्टर जिला मुंगेली में पदांकन किया गया है।

# बेरोजगारी भत्ता योजना की मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा अनुरूप बिलासपुर सहित पूरे राज्य में राज्य सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की महत्वाकांक्षी योजना 1 अप्रैल से शुरू हो रही है। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा योजना के पर्यवेक्षण एवं जिला स्तर पर योजना की मॉनिटरिंग करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश अनुसार समिति में कलेक्टर अध्यक्ष होंगे। सीईओ जिला पंचायत को उपाध्यक्ष, जिला रोजगार अधिकारी को सदस्य सचिव, नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित मुख्य महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र, उप संचालक, जिला जनसंपर्क कार्यालय, लीड बैंक मैनेजर, सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, सहायक परियोजना अधिकारी एवं लाईवलीहुड कॉलेज निपनिया के प्राचार्य को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने हेतु रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण व अपीलीय अधिकारी नियुक्त

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने पंचायत उप निर्वाचन 2023 हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली पुनरीक्षित किये जाने हेतु राजस्व अधिकारियों को मुंगेली, लोरमी, पथरिया लालपुर थाना और जरहागांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है। विकासखण्ड मुंगेली अंतर्गत ग्राम पंचायत डोड़ा, कोलिहा, जल्ली, चिरौंजपुर, कंचनपुर, धरमपुरा, जमकोर तथा उमरिया के सभी वार्डों के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुंगेली को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार मुंगेली को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# शक्ति नगर पालिका क्षेत्र में सरकार के बेरोजगारी भत्ता को लेकर अमल हुआ प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने विगत दिनों विधानसभा सत्र के दौरान राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को एक अप्रैल 2023 से 2500/-रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी तथा सरकार ने इस घोषणा पर तत्काल अमल करते हुए 1 अप्रैल से इस कार्य को परिणित करने की दिशा में पहल प्रारंभ कर दी है, नगर पालिका क्षेत्र सकती मे नगर पालिका प्रशासन द्वारा प्रत्येक वार्डों में ऐसे शिक्षित बेरोजगारों के सत्यापन हेतु वार्डवार समिति का गठन किया गया है जो कि प्रत्येक वार्डों में जा- जाकर ऐसे शिक्षित बेरोजगारों का सत्यापन करेगी एवं 1 अप्रैल से ऑनलाइन यह बेरोजगारी भत्ता सीधे उनके खाते में प्राप्त हो सकेगा,उपरोक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने बताया कि स्थानीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष जी ने पूरी सक्रियता के साथ राज्य सरकार की इस घोषणा को तथा इसका लाभ शिक्षित बेरोजगार तक पहुंचाने की दिशा में पूरे विधानसभा क्षेत्र में कार्य प्रारंभ कर दिया है, तथा प्रशासन द्वारा पूरी तत्परता के साथ इस दिशा में कार्य किया जा रहा है,एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी 1 अप्रैल से सीधे बेरोजगारों के खाते में पैसा आने की बात कही है जो कि अपने आप में अनुकरणीय पहल एवं ऐतिहासिक निर्णय है, विधायक प्रतिनिधि नरेश ने बताया कि राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को ?2500/- प्रतिमाह का बेरोजगारी भत्ता मिलने से जहां उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा तो वही आज तक किसी भी सरकार ने इस कार्य को नहीं किया किंतु कांग्रेस की सरकार ने अपने वायदे के अनुरूप आज शिक्षित बेरोजगारों को इस अभूतपूर्व निर्णय का लाभ दिलाया है विधायक प्रतिनिधि गेवाडीन ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने भी सभी शिक्षित बेरोजगारों को इस योजना का लाभ मिले तथा कोई भी वंचित न हो इसके सख्त निर्देश विभागों को दिए हैं, तथा नगरपालिका क्षेत्र में भी गठित टीम के कर्मचारी इस कार्य को गति देने में लगे हुए हैं, विधायक प्रतिनिधि श्री गेवाड़ीन ने सभी ऐसे शिक्षित बेरोजगार भाइयों को ऑनलाइन अपने पात्रता संबंधी समस्त दस्तावेजों को अपलोड करने तथा किसी भी जानकारी के लिए संबंधित विभाग तक जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

## जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के बनाए गए प्रदेश कंट्रोल वार रूम छत्तीसगढ़ के प्रभारी

# कन्हैया को मिली नई राजनीतिक जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के प्रदेश कंट्रोल वार रूम समिति के प्रभारी रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के छाया कांग्रेस विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ महामंत्री कन्हैया अग्रवाल रायपुर को बनाया गया है, उपरोक्त नियुक्ति का आदेश छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री (प्रशासन) रवि घोष ने जारी करते हुए प्रमुख प्रभारी के रूप में कन्हैया अग्रवाल रायपुर एवं समन्वयक के रूप में सलाम रिजवी, महेंद्र छाबड़ा की नियुक्ति की है, साथ ही लोकसभा क्षेत्रों के जय सत्याग्रह आंदोलन के प्रभारी के रूप में सरगुजा लोकसभा निवेदिता चटर्जी, रायगढ़ लोकसभा दिसेश चटर्जी, जांजगीर-चांपा लोकसभा चंद्रावती साहू, कोरबा लोकसभा गीता सिंह, बिलासपुर लोकसभा प्रेमलता बंजारे, राजनांदगांव लोकसभा दिनेश निर्मलकर, दुर्ग लोकसभा पल्लवी सिंह, रायपुर लोकसभा प्रेरणा सिंह, महासमुंद लोकसभा पूजा देवांगन, बस्तर लोकसभा रेहान खान, कांकेर लोकसभा महमूद अली को बनाया गया है, प्रदेश महामंत्री रवि घोष ने नियुक्ति आदेश जारी करते हुए कहा है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस द्वारा चलाए गए जा रहे विभिन्न गतिविधियों को लेकर इस समिति का गठन किया गया है, एवं यह समिति जिला स्तर पर कमेटियों से समन्वय बनाकर दैनिक प्रतिवेदन के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत कराएगी,कन्हैया अग्रवाल को प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कुशल नेतृत्व में इस कार्य को गति मिलने की बात कही है,वही कन्हैया अग्रवाल ने भी कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिस विश्वास के साथ उनको यह जिम्मेदारी सौंपी है वह पूरी सजगता के साथ इसका निर्वहन करेंगे, साथ ही प्रदेश में चल रहे जय भारत जय सत्याग्रह आंदोलन को लेकर वे बूथ स्तर तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट कर कार्य करेंगे,उल्लेखित हो की कन्हैया अग्रवाल वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ महामंत्री, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के छाया कांग्रेस विधायक के साथ-साथ राजनीति में राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, तथा छत्तीसगढ़ की तत्कालीन डॉ रमन सिंह की सरकार में भी राज्य सरकार के कार्यों का पुरजोर विरोध करने में कन्हैया अग्रवाल कभी पीछे नहीं हटते थे, तथा वे निरंतर रायपुर शहर सहित पूरे प्रदेश में जनहित तथा आम नागरिकों के सुख-दुख में खड़े होकर कार्य करते हैं, एवं जिसके चलते आज रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कन्हैया अग्रवाल एक लोकप्रिय कांग्रेस नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं,तथा उन्होंने विगत वर्षों में रायपुर शहर में सुंदर नगर टोल प्लाजा को लेकर जन आंदोलन किया तथा सुप्रीम कोर्ट तक इस मामले को ले जाकर इसमें सफलता हासिल की, वहीं उन्होंने इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले के खातेदारों को भी न्याय दिलाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी, जिससे आज एक आम जनता भी उनके साथ जुड़ी हुई है ,तथा कन्हैया अग्रवाल राजनीति के साथ-साथ पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्यों में भी राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पदों पर सजगता के साथ निर्वहन कर रहे हैं,वे वर्तमान में वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक,सहित विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं एवं चेंबर नेता के रूप में भी उनकी व्यापारियों में गहरी पैठ बनी हुई है, तथा कन्हैया अग्रवाल को विगत वर्षों उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी बनारस वाराणसी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई थी।

# डेयरी उद्यमिता योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रदान किया गया अनुदान राशि का चेक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विगत दिनों नगर पंचायत सरगांव में आयोजित ''भरोसे का सम्मेलन'' कार्यक्रम के दौरान पशुधन विकास विभाग के संचालक चंदन संजय त्रिपाठी और अपर संचालक डॉ. के. के. ध्रुव द्वारा राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता योजना के अंतर्गत हितग्राही विनय कुमार अंचल, नेत्रपाल ध्रुव, भुनेश्वर जोगवंशी एवं उमेन्द्रराम को 03 लाख 49 हजार 720 रूपए की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। इससे पहले अधिकारियों द्वारा विभागीय स्टाल में व्यक्तिमूलक योजनाओं के अंतर्गत व्हाइट पीकिंग नस्ल की बत्तख, आर.आई.आर. ब्लैक अस्ट्रालार्प तथा कड़कनाथ नस्ल के मुर्गी-मुर्गा व जापानी बटेर एवं बीटल नस्ल के बकरा-बकरी तथा उनके मेमनों का अवलोकन किया गया।

विभाग के उपसंचालक डॉ. आर. एम. त्रिपाठी ने बताया कि स्टाल में पशुओं के पोषण एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए हरा चारा खिलाने हेतु नेपियर घास का भी प्रदर्शन किया गया तथा घास की उपयोगिता के बारे में लोगों को मौखिक जानकारी के साथ पाम्पलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. आर. के. पात्रे, शत्रुहन सिंह, डॉ. के. पी. मरावी, डॉ. जया शास्त्री, रामनाथ शर्मा, व्ही. भास्कर सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# केंद्र सरकार पर कांग्रेस ने लगाया आरोप, राहुल गांधी की आवाज दबाने की कोशिश, ईडी का दुरुपयोग

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार राहुल गांधी सहित विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए ईडी और सीबीआई जैसी केन्द्रीय एजेंसियों का खुल कर दुरूपयोग कर रही है। उक्त बातें चंद्रपुर के कांग्रेसी विधायक रामकुमार यादव ने कही। वे जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव ने नगरपालिका के भ्रष्टाचार के मामले को लेकर आने वाले दिनों में कांग्रेस की ओर से बड़े आंदोलन शुरू करने के संकेत दिए। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि राहुल गांधी,संसद से लेकर सड़क तक,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उद्योगपति अडानी के संबंधों को लेकर सवाल उठाते रहें है। उन्होनें प्रधान मंत्री और केन्द्र सरकार से कई बार इस सवाल को उठाया है कि आखिर दोनों के बीच में कैसा संबंध है? और अडानी के पास इतनी दौलत कहां से आई कि वे दुनिया के तीसरे सबसे अधिक धनाढ्य व्यक्ति हो गए। राहुल गांधी के इन्ही सवालों से बौखला कर,केन्द्र सरकार विपक्ष की आवाज को कुचलने के लिए तरह तरह के जतन कर रही है। उन्होनें राहुल गांधी की संसद की सदस्यता समाप्त करने की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि न्यायालय ने उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। ऐसे में केन्द्र सरकार को सदस्यता समाप्त करने की जल्दबाजी क्यों थी? उन्होनें कहा कि जब कांग्रेस और यूपीए की केन्द्र में सरकार थी तो विपक्ष के नेता रहे अटल बिहारी बाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी को केन्द्र सरकार ने विभिन्न अवसरों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया था। उस समय केन्द्र सरकार और विपक्ष के बीच स्वस्थ लोकतांत्रिक संबंध थे। लेकिन,इस परम्परा को वर्तमान की मोदी सरकार ने खत्म कर दिया है। विधायक यादव ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस किसी भी प्रकार से दबने या डरने वाली नहीं है। राहुल गांधी के विरूद्व जो असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक कार्रवाई की गई है,उसके खिलाफ कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल एकजुट हो कर संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। यह मामला सिर्फ राहुल गांधी का नहीं,देश और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाए रखने की है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए विधायक ने कहा कि भारतयी जनता पार्टी इस पूरे मामले में घिरने के बाद,इसे जाति का रूप देकर,बचने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी के बयान का बचाव करते हुए उन्होनें कहा कि राहुल गांधी ने सिर्फकुछ नामों का उल्लेख अपने बयान में किया था। कभी किसी भी जाति या सरनेम के बारे में विपरीत टिप्पणी नहीं की। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होनें कहा कि जिस पिछड़ा वर्ग के अपमान करने का दावा भाजपाई कर रहे हैं,वे इस बात को भूल रहें है कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान,दोनों ही राज्यों में पिछड़ावर्ग के व्यक्ति को ही मुख्यमंत्री के पद पर बैठाया है। बीते दो तीन सालों से जिले में उठ रहे भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के मामलों पर कांग्रेस की ओर से साध कर रखी गई चुप्पी को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए,पार्टी के जिलाध्यक्ष सागर यादव ने कहा कि नगरपालिका में हुई गड़बड़ियों के मामले में जिला प्रशासन ने जांच समिति गठित कर कार्रवाई की है। उन्होनें कहा कि मामला नगर पालिका में भ्रष्टाचार का मामला हो या अनुकंपा नियुक्तियों में गड़बड़ियों का। कांग्रेस इस तरह के मामलों को कभी बर्दास्त नहीं करेगी। जिलाध्यक्ष ने नगरपालिका के मामले को लेकर जल्द ही आंदोलन के संकेत भी दिये। इस दौरान जशपुर के विधायक विनय भगत,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हीरू राम निकुंज,सूरज चौरसिया,उर्मिला भगत,स्हस्त्रांशु पाठक सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### एल्डरमैन ने कहा बैठक की सूचना ही नहीं मिलती

कांग्रेस के पत्रकार वार्ता में परिषद की सामान्य सभा की बैठकों में कांग्रेस के एल्डरमैन के शामिल न होने का मामला उठने पर,पत्रकार वार्ता में मौजूद एल्डमैन सूरज चौरसिया ने दावा किया कि नगरपालिका की ओर से उन्हें सामान्य सभा की बैठकों का सही तरीके से जानकारी ही नहीं दी जाती है।

# 'महाकालीबाड़ी विद्यामंदिर' पंडरी के तत्वाधान में विद्यार्थियो के लिए ड्राईंग प्रतियोगिता का आयोजन 9 अप्रैल को

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर।
www.dailypioneer.com

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 9 अप्रैल (रविवार) को समिति द्वारा परिचालित स्कूल 'महाकालिबाड़ी विद्यामंदिर' के तत्वावधान में बच्चों के लिए 'चित्रकला (ड्राइंग) प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ,जो मंदिर प्रांगण में ही आयोजित होगा! प्रतियोगिता को 3 वर्गो में बांटा गया है एवं प्रत्येक वर्ग के लिए चित्र कला का विषय भी अलग अलग होंगे जैसे वर्ग क,में कक्षा पांचवी वीं तक के विद्यार्थी विषय कोई भी कार्टून चरित्र वर्ग ख कक्षा छठवीं ,से कक्षा आठवीं के विद्यार्थी विषय वैश्विक उष्णता (ग्लोबल वार्मिंग) का प्रभाव वर्ग ग, कक्षा नवमीं से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए, विश्व शांति विषय पर ड्राईंग बनाना होगा, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन फी केवल 10/- रु की राशि रखी गई है. नियम एवं शर्तें- शिक्षण सत्र 2022-23 में जिस कक्षा में रहें हैं उसी कक्षा के हिसाब से ही वर्ग में सम्मिलित किया जायेगा, पिछली कक्षा के मार्कशीट की फोटो प्रति लाना आवश्यक होगा. सिवाय ड्राइंग शीट के, ड्राइंग के लिए आवश्यक सभी सामग्री प्रतियोगी को ही लाना होगा। ड्राइंग शीट (35ष्ढ*28ष्ढ) संस्थान द्वारा दी जावेगी. प्रतियोगिता का समय 10.30 से 12.00 बजे तक है. परन्तु सभी प्रतियोगी रजिस्ट्रेशन एवं अन्य प्रस्तुति के लिए प्रतियोगीता स्थल पर सुबह 10 बजे से पूर्व अवश्य पहूंचे. सभी स्कूल के छात्र- छात्रायें प्रतियोगिता में भाग ले सकते है. प्रतियोगी अपना नाम एवं कौन से वर्ग में भाग लेना चाहते हैं, 06-04-2023 तक स्कूल सचिव रंजन बैनर्जी के व्हाट्सएप नंबर- 9893535739 पर सेंड करें. किसी भी जानकारी के लिए भी उन्हीं से सम्पर्क करें. आप सभी से अनुरोध है कि अपने बच्चों को उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

# ग्राम टीला में कैंसर रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत




**पायनियर संवाददाता/रायपुर।** ग्राम टीला में सामुदायिक कैंसर रोकथाम कार्यक्रम और सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गाँव के सामुहिकमहिला भवन मे जागरूकता सभा का आयोजन किया गया. डॉक्टरस ऑन स्ट्रीट (दोस्त) की टीम में इस कार्यक्रम के संयोजक सिस्टर अनुपमा ने सभा में कैंसर के विभिन्न प्रकार के बारे में जानकारी देते हुए कहा सामान्य परीक्षण से कई प्रकार के कैंसर की जानकारी हो जाती है. समय रहते ईलाज से मरीज़ों की जान बचाई जा सकती है. मानसिक स्वास्थ्य की ट्रेनर सिस्टर भुमी ने ग्रामीणों को मनोरोग के लक्षणों को बताकर समझाया कि ऐसे मरीज़ सही इलाज से ठीक हो जाते हैं. सही काँउसलिंग और मदद से आत्मघाती लोगों की जान बच सकती है। इस अवसर पर मुख्यअतिथी के रूप में डॉ सत्यजीत साहू ने कहा कि कार्यक्रम को दोस्त की टीम ने एक माडल के रूप में शुरू किया है।

# अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान कूल ऑफर्स के साथ गर्मी को दें मात

**रायपुर।** गर्मियों का मौसम शुरू होने के साथ, पौष्टिक खाद्य पदार्थों के साथ अपने आप को हाइड्रेट और पोषित रखना जरूरी है। 1 से 7 अप्रैल तक चलने वाले सुपर वैल्यू डेज के दौरान पूरे महीने के लिए शानदार ऑफर्स के साथ अपने पसंदीदा आवश्यक चीजों का स्टॉक तैयार करें। सुविधाजनक डिलीवरी विकल्प के साथ सीजन के ताजा फल जैसे आम, तरबूज, अंगूर आदि से लेकर सब्जियों के साथ फॉर्च्यून, पैम्पर्स, दावत, टाटा आदि लोकप्रिय ब्रांड्स के घरेलू सामान पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाया जा सकता है। प्राइम ग्राहकों को उनके पहले अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 250 रुपए तक का कैशबैक प्राप्त होगा और सामान्य अमेजन ग्राहक अपने पहले अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 200 रुपए तक का कैशबैक हासिल कर सकेंगे। अमेजन ने मैंगो फीस्ट फेस्टिवल की भी घोषणा की है जहां सफेदा, बादामी, बंगनपल्ली, तोतापरी और अल्फांसो सहित सभी लोकप्रिय वैरायटी के स्वादिष्ट कार्बाइड मुक्त आमों की विस्तृत वैरायटी को एक साथ पेश किया जाएगा। ग्राहक 1 से 4 अप्रैल 2023 तक आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड से न्यूतनम 2500 रुपए की खरीदारी पर 10 प्रतिशत का इंस्टैंट डिस्काउंट और 300 रुपए तक की छूट हासिल कर सकते हैं।

# आखिरकार अब ख़त्म हुआ इंतज़ार! KFC के चिकन फीस्ट वीक में अपनी चिकन क्रेविंग्स पूरी करें

**रायपुर।** यदि आपने पिछले कुछ दिनों में अपने पसंदीदा क्रिस्पी चिकन को मिस किया है और अब आप और इंतजार नहीं कर सकते, तो तैयार हो जाईये क्योंकि आप ही के जैसे फैंस के लिए KFC ला रहा है द चिकन फीस्ट वीक, जिसमें लज़ीज़ क्रिस्पी स्वाद को चखने के लिए सीमित अवधि का ऑफर सिर्फ 31 मार्च से 9 अप्रैल तक है। इस ऑफर में चिकन प्रेमियों को उनके KFC फेवरीट्स पर 40% तक की छूट मिलेगी। तो अब चिकन के बारे में सिर्फसपने देखना करें बन्द और KFC कॉम्बो की वैरायटी में से अपनी पसंदीदा चुनें मात्र 149/- में। सभी फैन्स मेनु आईटम पर दी गयी इस बेहतरीन डील का मज़ा ले सकते हैं। और स्वादिष्ट विकल्प जैसे कि क्रिस्पी हॉट विंग्स, पॉपकॉर्न चिकन बिरयानी, या जिंजर बर्गर, फ्राइज़, डिप्स और पेप्सी को एन्जॉय करें । KFC की हर चीज की तरह ही इस ऑफर पर भी KFC का 5X सुरक्षा प्रॉमिज़ -सैनिटाईज़ेशन, स्क्रीनिंग, सोशल डिस्टैंसिंग, और वैक्सीनेटेड टीमों द्वारा कॉन्टैक्टलेस सर्विस-उपलब्ध होगा। यह KFC के सिग्नेचर स्वाद के साथ फूड की ज्यादा सुरक्षा व स्वच्छता का भरोसा भी प्रदान करेगा।

# मंडल के 26 रेल परिवार के सदस्य हुये सेवानिवृत्त

### सम्मान समारोह में दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत् 26 रेल परिवार के सदस्य माह मार्च 2023 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए। मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आर.शंकरन व सहायक मंडल वित्त प्रबंधक अविनाश जाधव द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज़, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन कल्याण निरीक्षक तथा कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 26 रेलकर्मियों मे परिचालन विभाग से 08, इंजीनियरिंग विभाग से 02, यांत्रिक विभाग से 01, विद्युत विभाग से 07, वाणिज्य विभाग से 04, सुरक्षा विभाग से 01, लेखा विभाग से 01 तथा चिकित्सा विभाग 02 कर्मचारी शामिल हैं। इस अवसर पर अधिकारियों ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी गौरवशाली रेल सेवा के लिए बधाई दी तथा सेवानिवृत्त लाइफ को आनंदपूर्वक व्यतीत करने की बात कही।

# हाईकोर्ट के नव नियुक्त चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कार्यभार संभाला



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने शुक्रवार को सुबह 10.15 बजे अपना कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान एक ओवेशन हुआ जिसमें सभी न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारी, एडवोकेट जनरल व अधिवक्ता उपस्थित थे। उन्होंने जस्टिस अरुप कुमार गोस्वामी की जगह ली है जो इसी महीने सेवानिवृत्त हुए हैं। इस बीच कार्यवाहक चीफ जस्टिस का कार्यभार जस्टिस गौतम भादुड़ी संभाल रहे थे। जस्टिस सिन्हा ने गुरुवार को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने रायपुर में शपथ दिलाई थी। शपथ ग्रहण के बाद कल बिलासपुर पहुंचने पर हाईकोर्ट आवासीय परिसर में न्यायाधीशों, एडवोकेट जनरल और न्यायिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। 5 सितंबर 1964 को जन्मे जस्टिस सिन्हा ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से 1990 में स्नातक की डिग्री हासिल की और 1990 में प्रैक्टिस शुरू की। 21 नवंबर 2011 को वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त हुए और 6 अगस्त 2013 से वहां स्थायी न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे।

# 2 अप्रैल को राजीव भवन में आयोग-निगम-मंडल-बोर्ड के पदाधिकारियों की बैठक

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छ.ग. प्रभारी डॉ. चंदन यादव तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव एवं छ.ग. सह-प्रभारी विजय जांगिड की उपस्थिति में दिनांक 02 अप्रैल 2023 को दोपहर 12 बजे राजीव भवन रायपुर में आयोग-निगम-मंडल-बोर्ड में नियुक्त समस्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों की अति महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी 13

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मोटोरोला ने अपनी जी सीरीज की फ्रेंचाइजी में अपने नये स्मार्टफोन मोटो जी13 को लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे बेहद किफ़ायती कीमत पर बेजोड़ एक्सपीरियंस के साथ प्रीमियम और मॉडर्न डिज़ाइन देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। स्मार्टफोन में ऐक्रेलिक ग्लास (पीएमएमए) की बॉडी तथा अल्ट्रा-थिन और प्रीमियम डिज़ाइन के फीचर्स मौजूद है। कैमरा हाउसिंग से शुरू करते हुए हर डिज़ाइन के डिटेल पर बड़ी ही बारीकी से ध्यान दिया गया है और बेहद सोच-समझकर तैयार किया गया है - एक्सपीरियंस करने को लेकर यह वाकई में बेहद आकर्षक है। इसकी स्लिम प्रोफाइल और लाइटवेट बॉडी इसे केरी करने में आसान बनाता है, साथ ही इसका वाइब्रेंट कलर भी इसे भीड़ से काफी अलग करता हैं। इसके अलावा, फ़िंगरप्रिंट सेंसर को फ़ोन के किनारे की तरफपर रखा गया है जो कि इसे काफी एक्सेसिबल बनाने के साथ साथ इसे एक स्ट्रीमलाइन्ड लुक बनाए रखने में भी मदद करता है। मोटो जी13 में 4जीबी एलपीडीडीआर 4एक्स रैम के साथ मैसिव 128जीबी की स्टोरेज मौजूद है जो कि लेटेस्ट नियर स्टॉक एंड्रॉइड 13 के साथ आता है। मोटोरोला अपने सभी कंज्यूमर्स के लिए शानदार सॉफ्टवेयर एक्सपीरियंस करने को एंड्रॉइड 14 और 3 साल के सिक्योरिटी अपडेट के अपग्रेड का भी आश्वासन देता है। यह डिवाइस 64जीबी के स्टोरेज वैरिएंट में भी उपलब्ध है। मीडिया टेक हीलियो जी85 प्रोसेसर द्वारा संचालित, मोटो जी13 अपने पूर्ववर्तियों और सेगमेंट में मौजूद तमाम फोनों की तुलना में काफी फास्ट और अधिक एफिशिएंट है। इन सब के अलावा अब इसके गेमिंग या मल्टीटास्किंग के दौरान यूजर्स स्मूद और लैग-फ्री परफॉर्मेंस की उम्मीद कर सकते हैं। फोटोग्राफी के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए मोटो जी13 में 50एमपी का क्वाड पिक्सल कैमरा सिस्टम है, जो कि आपको अविश्वसनीय रूप से शानदार एवं डिटेल्ड पिक्चर्स लेने की सुविधा देता है, जो कि आपके सोशल मीडिया हैंडल पर प्रदर्शित होने के लिए तैयार हैं।

# बीजेपी नेता और जशपुर जनपद उपाध्यक्ष राजकपूर राम को आरक्षक से मारपीट मामले में 2 वर्ष की सजा

### जमानती धारा 325 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने सुनाया फैसला

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



लगभग 3 वर्ष पुराना एक मारपीट के मामले में बीजेपी नेता और वर्तमान जशपुर जनपद उपाध्यक्ष राजकपूर राम उर्फ रामू को 2 वर्ष सजा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनिल कुमार चौहान ने सुनाया है। इस संबंध में कोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक 1 अक्टूबर 2019 को ग्राम पंचायत जुरगुम में ही आरक्षक ओमप्रकाश पैंकरा, चेतन बरेठ और परमेश्वर राम को गाली-गलौज करते हुए लकड़ी से मारपीट कर घायल कर आरोपी राजकपूर राम और उसके भाई शशि भगत ने घायल कर दिया। इस दौरान ओम प्रकाश पैंकरा ने खुद को पुलिस होना बताया बावजूद इसके राजकपूर राम ने उसके साथ मारपीट की और बेहोशी के हालत में पहुंच जाने के बावजूद भी मारपीट करते रहने का आरोप लगाया गया। मामले की सुनवाई लगातार 3 सालों तक चलती रही और अंततः 31 मार्च को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट राजकपूर राम के खिलाफ सजा सुनाते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 325 के तहत 2 वर्ष की सजा और 5000 रुपए को जुर्माना लगाया है। वहीं उसके भाई शशिकपूर भगत को धारा 323 के तहत 1 वर्ष की सुजा सुनाई गई है।

# सोच ने लॉन्च किया अपना नया 'समर कलेक्शहन 2023'



**पायनियर संवाददाता/रायपुर।** भारत के सबसे बड़े ऑकेज़न एण्डो ईवनिंग वियर ब्राण्ड 'सोच' ने अपना नया स्प्रिंग समर कलेक्शिन 2023 लॉन्चक किया है। सोच का यह नया कलेक्शंन पारंपरिक भारतीय कला एवं शिल्पक की समृद्ध विरासत से प्रेरित है, जिसे देश के हर कोने में पाया जा सकता है। गुजरात के पेचीदा म्युकरल क्राफ्ट्स से लेकिर इकट की प्राचीन बुनाई की तकनीकों और डोर फ्रंट में सजावटी कला की समृद्ध परंपरा तक, यह कलेक्शान उन पारंपरिक कला रूपों की विविधतापूर्ण श्रृंखला - कोलम, लिप्पिन आर्ट और इकट को सम्मापन देता है, जो सदियों से भारतीय संस्कृति का हिस्साद रहे हैं। कोलम एडिट'' रंगोली के रूप में सफेद चावल के चूर्ण से घर पर रोजाना उकेरी जाने वाली ज्याकमितीय आकृतियों से प्रेरित है। इस कलेक्शवन में पेचीदा ज्याजमितीय आकृतियाँ और कोलम की कला से प्रेरित एम्ब्रॉ इडरी हैं। 'म्युरस ऑफमिरर्स'' कैप्सूल गुजरात के कच्छ के पारंपरिक लिप्प न म्युमरल क्राफ्ट से प्रेरित है। इसके पेचीदा पैटर्न्सय हर कपड़े की गर्दन, बांह, बॉर्डर और रूपरेखाओं को उम्दा? बनाते हैं। आखिर में, 'इकट इम्प्रेशंस'' की साड़ियाँ पारंपरिक इकट बुनाई से प्रेरित हैं। इस कलेक्शकन में टाइ-डाइ और बुनाई की पेचीदा और काफी मेहनत मांगने वाली तकनीक से बने पैटर्न्स हैं। इसमें सम्भ लपुरी, पोचमपल्लीन और पटोला के सिंगल और डबल इकट प्रिंट्स शामिल हैं।

# ताज रायपुर के दस्तखत के साथ आईएचसीएल ने छत्तीसगढ़ में रखा कदम

**रायपुर।** भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) ने ताज ब्रांड के होटल के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में अपनी शुरुआत की आज घोषणा की। यह होटल एक ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट है। इस अवसर पर आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत छटवाल ने कहा, ''यह हस्ताक्षर आईएचसीएल के उस ध्येय के अनुसार है जिसके तहत कंपनी देश के हर राज्य की राजधानी में अपनी उपस्थिति कायम करना चाहती है। छत्तीसगढ़ भारत के सबसे तेज़ी से विकसित होते राज्यों में से एक है। रायपुर प्रदेश के लिए और केन्द्रीय भारत के लिए भी एक बड़ा वाणिज्यिक केन्द्र है। ताज ब्रांड को शहर में लाने के लिए हम व्यापक ग्रुप की कंपनी कृष (रायपुर) होटल्स प्रा. लि. के साथ साझेदारी से बहुत खुश हैं। 152 कमरों वाला यह लक्ज़री होटल रायपुर हवाई अड्डे से थोड़ी ही दूरी पर सबसे व्यस्त सड़क अटल पथ ऐक्सप्रैसवे पर स्थित है। एक ओर यह मार्ग नई राजधानी ''नया रायपुर'' से शहर को कनेक्ट करता है तो दूसरी तरफ कनेक्टिविटी के मामले में बहुत सुविधा प्रदान करता है। यहां पर एक ऑल डे डाइनिंग रेस्टोरेंट, एक स्पेशलिटी रेस्टोरेंट, एक लॉबी लाउंज और बार होंगे। इस होटल में 1300 वर्ग मीटर से अधिक आकार का बैंक्विटिंग स्पेस होगा, साथ में एक बड़ा कॉन्फ्रेंस हॉल, दो विशाल मीटिंग रूम, ब्रेकआउट रूम व एक बिज़नेस सेंटर भी होगा। यहां शहर का पहला सभागार भी होगा।

# विश्व रंगमंच दिवस पर लोक गायिका जयंती यादव सम्मानित



**रायपुर।** विश्व रंगमंच दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य शासन की ओर से लोक कला में उत्कृष्ट योगदान के लिए देय सर्वोच्च पुरस्कार दाऊ मंदराजी से विभूषित लोक गायिका जयंती यादव का सम्मान छत्तीस छटा और पेड़ प्रहरी संस्थान के संचालक विजय मिश्रा 'अमित' सहित अन्य सदस्यों ने किया। जयंती जी विगत पांच दशक से छत्तीसगढ़ की शीर्ष संस्था चंदैनी गोंदा, सोनहा बिहान, नवा बिहान, दौना पान के अलावा आकाशवाणी के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोक गीतों, पारंपरिक रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित प्रतिष्ठित करने में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। विश्व रंगमंच दिवस पर वरिष्ठ लोक-हिंदी रंगकर्मी विजय मिश्रा सहित कपिल सोनी, अभिजीत शर्मा, गुलाल साहू,राधिका वर्मा, संजय यादव, घासीदास जोशी आदि ने जयंती जी के गीतों और उनकी कला यात्रा अनुभव- स्मरण को सुना। उन्होंने कला यात्रा में कठोर अभ्यास को ही सफलता का मंत्र कहा। इस अवसर पर विजय मिश्रा ने बताया कि जयंती यादव के पचास वर्ष पूर्व गाए अनेक गाने बेहद लोकप्रिय हैं। आज भी आकाशवाणी या अन्य माध्यम से उनके गीतों को सुनना मनभावन होता है।

**10 वी अंकसूची की जांच की गई जिसमें 17 वर्ष 5 माह 5 दिन होना पाया गया**

# प्रशासन द्वारा रोका गया बाल विवाह

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते अनीता अग्रवाल जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सूर्यकांत गुप्ता ,जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग से समन्वय करते हुए ग्राम पुछेली में बालिकाओ के घर जाकर बालिका के उम्र सत्यापन हेतु अंकसूची की 10 वी अंकसूची की जांच की गई जिसमें 17 वर्ष 05 माह 05 दिन होना पाया गया। बारात आ चुकी थी, दोनो पक्षो को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया एवं समझाईस के पश्चात सरपंच एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में दोनों वर पक्ष तथा वधु पक्ष की सहमति से बालिका का विवाह रोका गया है। दल में जिला बाल संरक्षण इकाई से जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेंद्र सिंह जायसवाल पुलिस विभाग से सहा उप निरीक्षक संतोष बंजारे प्रधान आरक्षक ओम प्रकाश अजगल्ले आरक्षक इंद्रजित सिंह कवंर थाना बम्हनीडीह शामिल थे। ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में बाल विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह करने वाले माता-पिता, विवाह में सम्मिलित होने वाले रिश्तेदार, विवाह कराने वाले पंडित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। अधिनियम के तहत 02 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 01 लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाने का प्रावधान है।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली
जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनंत सिंह पिता चंदन जाति मरार निवासी ग्राम मोखापुटका तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम मोखापुटका दिनांक 16/10/2001 को आवेदक के दादा फुलसाय की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 05/04/2023 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक : 17/03/2023
मुहर
तहसीलदार
सरायपाली

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक/2961/लो.क.वि./न.पा.नि./2023 — **// ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना //** — रायगढ़, दिनांक 31/03/2023

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु.लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 129386 | REPAIRING OF BT ROAD FROM SHANI MANDIR TOWARDS LOKSEVA KENDRA (MARINE DRIVE) AT WARD NO. 20 | 40.09 | 24-04-2023 |
| 2 | 129389 | REPAIRING OF BT ROAD NEAR SHAHID CHOWK TO KELO PUL TO LALIT SCHOOL AT WARD NO. 29 | 43.07 | 24-04-2023 |
| 3 | 129392 | REPAIRING OF BT ROAD FROM RIYAPARA CHOWK TO NEAR SABARI SPRE PAINTING SHOP CHANDMARI (RAMPUR MAIN ROAD) AT WARD NO. 08/09, REPAIRING OF BT ROAD FROM SATTIGUDI CHOWK TO JINDAL TEXTILE AT WARD NO. 14 AND REPAIRING OF BT ROAD FROM S.P.BANGLA TO SARASWATI PRATIMA AT WARD NO. 15 | 28.27 | 24-04-2023 |
| 4 | 129393 | REPAIRING OF BT ROAD FROM GADHI CHOWK TO KEWADABADI BUS STAND CHOWK (JOHAL PALACE) AT WARD NO. 15/17/13 | 32.38 | 24-04-2023 |
| 5 | 129396 | REPAIRING OF BT ROAD FROM HANDI CHOWK TO ANATHALAYA, RANKI TO DURGA TAILORS LAL TANKI AT WARD NO. 17 AND REPAIRING OF BT ROAD FROM SATTIGUDI CHOWK TO KOTRA ROAD THANA AT WARD NO. 16/39/40 | 36.47 | 24-04-2023 |
| 6 | 129402 | REPAIRING OF BT ROAD BELADULA SLRM CENTER AND INFRONT OF SHRIRAM COLLECTION TO KHARRAGHAT BRIDGE TOWARDS PRAGATI COACHING AT WARD NO.21 | 42.04 | 24-04-2023 |
| 7 | 129404 | REPAIRING OF BT ROAD INFRONT OF NIGAM OFFICE TO TULSI HOTEL TO UNDER BRIDGE AND INFRONT OVER BRIDGE AT WARD NO. 18/19 AND REPAIRING OF BT ROAD FROM MAIN ROAD TO KALLU KHAN HOUSE AT WARD NO. 34 | 37.19 | 24-04-2023 |
| 8 | 129407 | REPAIRING OF BT ROAD FROM TRANSFORMER TO BENIKUNJ GATE TO MAIN ROAD AT WARD NO. 37 | 42.56 | 24-04-2023 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

"स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें"

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़

# बजट में उम्मीदें शामिल नहीं : शहर को पॉलिश करने पर फोकस्ड बजट के लिए करोड़ों के प्रावधान, आय बढ़ाने, कर घटाने के लिए कुछ भी नहीं

## पूर्व के बजट की अधूरी घोषणाओं पर घिरी कांग्रेस, इस बजट में शामिल कई घोषणाओं पर भी संशय की स्थिति

■ कई घोषणाएं तर्कसंगत नहीं, प्लानिंग और सुझावों का असर नहीं दिखा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




महापौर हेमा देशमुख के चौथे बजट ने सभी वर्गों को निराश किया है। इसमें शहर के वास्तविक विकास, प्रबंधन और राहत से जुड़ी उम्मीदें शामिल नहीं है। शुक्रवार को पेश इस बजट में शहरवासियों को न ही किसी तरह की राहत दी गई है और न ही निगम की आय बढ़ाने के क्षेत्र में कोई फै सले लिए गए हैं। महापौर आज गोबर से तैयार ब्रीफकेस लेकर पहुंची थी।

आर्थिक चुनौतियों से जुझने के बीच प्रबंधन में सुधार और नये प्रयासों के अभावों वाले बजट में प्रतिमाओं, स्वागत द्वारों, सूचक पटलों, सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों के लिए करोड़ों का प्रावधान किया गया है जिसे हजम कर पाना मुश्किल है। कुल मिलाकर, यह बजट शहर को पॉलिश करनेपर फोकस्ड दिखाई देता है।

बीते तीन बजट के प्रावधानों को पूरा कर पाने में असमर्थ रही निगम की सत्ता ने इस बार भी बजट से शहर की उम्मीदें छीन ली हैं। वित्तिय प्रबंधन में पूरी तरह कमजोर नगर निगम के बजट में करोड़ों के प्रावधान ऐसे कार्यों के लिए किए गए हैं जिसकी जरुरत ऐसे हालातों पर तो नहीं है जहां प्राथमिकता निगम की आय बढ़ाना और शहर को व्यवस्थित करना हो।

मसलन, महापौर ने अपने बजट में प्रवेश द्वार निर्माण के लिए एक करोड़, चौक चौराहो पर शेड निर्माण के लिए 50 लाख, वार्डो में आगंतुको के लिये पथ प्रदर्शक एवं महत्वपूर्ण स्थलों के सूचक के लिए एक करोड़का प्रावधान किया गया है। यही नहीं शहर में सड़कों पर जेब्रा क्रासिंग पर 50 लाख रुपए खर्च करने की घोषणा की गई है।

पहले से उजाड़ पड़ी निगम की दुकानें, फुड कोर्ट और मौजूद संसाधनों का उपयोग कर पाने में फे ल साबित हो रहे निगम ने किसी तरह का सबक नहीं लिया है। इन मसलों को लेकर आज बजट के लिए आयोजित विशेष सभा के दौरान जमकर हंगामा भी हुआ। कांग्रेस ने अपने बचाव में भाजपा के 15 साल बनाम चार साल के मुद्दे को आगे किया। वहीं भाजपा ने बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण में भ्रष्टाचार पर दोषियों के खिलाफ एफआईआर न किए जानेसहित तमाम मुद्दों पर कांग्रेस को घेरा। बजट पर चर्चा शुरु होने के बादकई बार इसमें खलल पड़ता रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष लगातार एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सभापति से दखल की मांग करते रहे। इस बीच सदन में कांग्रेस मोदी-अडानी का मामला भी ले आई। जिस सदन में शहर के विकास को लेकर चर्चा होनी थी कांग्रेस ने उसे केंद्रीय राजनीति के संघर्ष से जोड़कर काफी समय तक प्रदर्शन किया।

### कांग्रेसियों ने घेरा तब पढ़ा गया बजट

सदन में बजट पेश करने के दौरान ऐसी स्थिति बनी की भाजपाईयों के हो-हल्ले और विरोध के बीच महापौर अपना बजट भाषण नहीं पढ़ पा रही थी। लगातार खलल के बाद कांग्रेसियो ने महापौर के चारों ओर घेरा बनाया जिनके बीच महापौर हेमा देशमुख ने अपना बजट भाषण पढ़ा। पूर बजट भाषण के दौरान यह स्थिति बनी रही। भाजपा पूर्व के बजट और शहर के तमाम मामलों को लेकर विरोध करती रही।

### कई घोषणाओं पर संशय

बजट में शामिल कई योजनाओं के शुरु होने और पूरा होने पर भी संशय की स्थिति है। कुछ घोषणाएं तर्क संगत भी नहीं मालूम पड़ती है। महावीर चौक और आम्बेडकर चौक में 50 लाख रुपए की लागत से जनता के लिए शेड निर्माण का प्रावधान किया गया है। जबकि यह निर्माण संभव ही नहीं है। क्यूंकि इन चौराहों पर पहले ही यातायात का दबाव काफी ज्यादा है और निर्माण के लिए यहां पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। अलबत्ता ऐसे निर्माण से यातायात व्यवस्था और भी ज्यादा प्रभावित होगी। वहीं इन चौराहों पर फ्लाई ओवर के नीचे लोगों को आश्रय के लिए पर्याप्त स्थान मुहैया हो जाता है। निगम इस हिस्से का अब तक सहीं इस्तेमाल नहीं कर सका है।

**गुमटियां नहीं दे सके अब ई-कार्ट की घोषणा :** पिछले साल महापौर हेमा देशमुख ने अपने तीसरे बजट में फुटकर व्यवसायियों के लिए गुमटी निर्माण की घोषणा की थी। इसके तहत रोड के किनारे व्यवसाय करने वाले फुटकर व्यवसायियों के लिए फ्लाई ओवर के नीचे चलित गुमटी का निर्माण किये जाने 50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया था। यह घोषणा तो रद्दी की टोकरी में चली गई। अलबत्ता सड़क किनारे व्यवसाय कर रोजी-रोटी कमाने वालेफुटकर व्यवसायियों से उनका रोजगार छीन लिया गया। बूढ़ासागर किनारे पार्क में शिवाजी की प्रतिमा स्थापना और फुड कोर्ट तैयार किए जाने के नाम पर दर्जन भर फुटकर व्यवसायियों को हटा दिया गया। अब महापौर ने अपने चौथे बजट में चौपाटी वेन्डरों के लिये ई-कार्ट की घोषणा की है। इसके तहत चौपाटी में अस्थाई दुकानों के लिये चौपाटी वेंडरों को ई-कार्ट प्रदाय किये जाने हेतु 2.00 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

### कहां मिलेगी 11 एकड़ भूमि

अपने बजट में महापौर ने लिगेसी वेस्ट सेन्टर का निर्माण की भी घोषणा की है। इसके लिए निगम क्षेत्र में 11 एकड भूमि चिन्हांकित कर लिगेसीवेस्ट नई पद्धति के माध्यम से निष्पादन हेतु 2.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है।बजट के दौरान ही निगम प्रशासन और सत्तापक्ष के पार्षद ये बातचीत करते रहे कि आखिर निगम को 11 एकड़ की भूमि मिलेगी कहां।

### सुझावों की झलक नहीं दिखी

व्यवसायिक परिसरों के निर्माणऔर व्यवस्थापन को लेकर बजट में किसी तरह का उल्लेख नहीं किया गया है। शहरवासियों को कर से राहत देने के विषय चर्चा तक नहीं की गई। आवश्यक संसाधनों पर भी कोई प्रावधान बजट में शामिल नहीं है। निगम ने बजट के लिए नागरिकों से सुझाव मांगे थे लेकिन बजट में इसकी झलक कहीं नहीं दिखती।

### क्या है बजट में

- शहरी अर्बन यूपा के जरियेरीपा की तर्ज पर महिला समूहों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु 2.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- ई-रिक्शा चार्जिंग सेन्टर निर्माण के लिए शहर के 10 स्थानों पर चार्जिंग सेन्टर निर्माण हेतु 20.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- नगर में ट्यूबलर पोल लगाये जाने - नगर में सुगम विद्युत व्यवस्था के लिये 51 वार्डो में ट्यूबलर पोल लगाये जाने हेतु 2.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- छत्तीगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापना किये जाने हेतु 50.00 लाख का प्रावधान रखा गया है।
- सड़क, चौक चौराहों का सौदर्यीकरण के लिए 4.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- शहर के बड़े नालो को कव्हर कर सड़क समतली करण के लिये 1.00 करोड रूपये प्रावाधान रखा गया है।
- प्रमुख चौक चौराहो में हाईमास्ट लाईट के लिए 2.00 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- शहर में विभिन्न वार्डो की सड़कों में डामरीकरण के लिए 15.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- चौक चौराहों में जेब्रा क्रासिंग के लिये जेब्रा क्रासिंग हेतु 50.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- आवारा कुतो की नसबंदी के लिए ऐनीमल बर्थ कंट्रोल केन्द्र का निर्माण किये जाने हेतु 25.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- हर घर से कचरा पृथक्क रण व व्यवस्था सुदृढ़ के लिये 10.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।

# भगवान रामचंद्र जन्मोत्सव पर शहर श्रीराम के जयकारों से गूंजा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com






रामनवमीं के बाद शहर में भगवान रामचंद्र जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। सनातनी घरों से निकलकर हजारों की संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक डॉ. रमन सिंह ने भी रैली की अगवानी की।

मुख्य यात्रा महावीर चौक स्थितहनुमान मंदिर से शुरु हुई। जबकि शहर के अलग-अलग हिस्सों से निकली शोभायात्रा आखिर में इससे ही जुड़ती गई। युवतियां, युवा सहित बुजुर्ग और पुरुष-महिलाएं यात्रा में शामिल हुए। भक्तों ने भगवा रंग के वस्त्र पहने हुए थे।

रामजन्मोत्सव पर इस आयोजन की तैयारियां नवरात्रि की शुरुआत से ही की जा रही थी। विभिन्न हिंदूव धार्मिक संगठनों ने मिलकर कार्यक्रम की रुप रेखा तैयार की थी। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के अलावा सामाजिक संघ भी इसमें शामिल थे। डीजे और बैंड बाजा के साथ झांकिया भी यात्रा में शामिल थी।

यात्रा के सामने चलते युवा श्रीराम के नारों से शहर को गुंजयमान कर रहे थे। इसके लिए शहर में अलग-अलग स्थानों पर सजावट भी की गई थी। महावीर चौक में रौशनी से जगमग फ्लाई ओवर काफी आकर्षक रहा। श्रीराम, माता सीता, अनुज लक्ष्मण और भक्त हनुमान का रुप धरे बच्चे रथ पर सवार थे।

## कोविड को लेकर चौकस हुआ स्वास्थ्य अमला, टेस्टिंग बढ़ाई जा रही



**राजनांदगांव।** हालही में शहर में तीन नए कोविड के मामले सामने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। एक बार फिर शहर में कोविड जांच शुरु किए जाने के आदेश जारी हुए हैं। स्वास्थ्य अमला जांच बढ़ाने के प्रयास कर रहा है। लक्षणों पर जांच बेहद जरुरी भी है। कोविड-19 के बढते हुये प्रकरणो को देखते हुये राजनांदगांव शहरी क्षेत्रो में अलग अलग स्थानों पर जांच केंद्र बनाए गए हैं। यह केंद्र प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तकसंचालित होंगे। इनमें शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखोली, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, टू-नॉट लैब पुराना जिला चिकित्सालय जमातपारामें टेस्ट फिर शुरु किए गए हैं। इसके अलावा जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में कोविड टेस्टिंग शुरु कर दी गई है।

**बेरोकटोक आवाजाही जारी :** देश में कोविड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। म्यूटेंट वायरस किस हद तक प्रभावित कर रहा चिकित्सक इसकी जांच कर रहे हैं। मेट्रो शहरों व दीगर राज्यों से लोगों की आवाजाही बेरोकटोक जारी है। जांच की अनिवार्यता खत्म होने के बाद कोविड टेस्टिंग भी नहीं हो रही है। ऐसे में बढ़ते मामलों के बीच संक्रमण फैलने का खतरा ज्यादा है। इसे देखते हुए भी प्रशासन जांच बढ़ाने पर जोर दे रहा है।

**लक्षणों के नज़र अंदाज न करें :** सर्दी के मामूली लक्षणों पर भी कोरोना की जांच करवाई जानी चाहिए। खांसी, बुखार, शरीर में दर्द और इस तरह के सामान्य लक्षण भी कोरोना का संक्रमण के कारण हो सकते हैं। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि किसी भी तरह तबीयत बिगड़ने पर लापरवाही न बरतें और इसे महज मौसमी बीमारियां न समझें। खासकर बुजुर्ग और निमोनिया, सांस की समस्या से जुझने वालों को इस स्थिति में विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए।

# रियासतकालीन राम मंदिर में मना श्रीराम जन्मोत्सव, महाप्रसादी का हुआ वितरण

■ रानी मंदिर और केवट समाज के मंदिर में भी मनाई गई रामनवमी

पायनियर संवाददाता < छुईखदान
www.dailypioneer.com



चैत्र नवरात्रि के नवमी के दिन भगवान राम का जन्म उत्सव मंदिरो मे भक्तो की उपस्थिति मे मनाया गया। भगवान राम के भक्त सुबह से ही भजन-कीर्तन के बीच श्रीराम के प्रकट होने की प्रतिक्षा कर रहे थे। दोपहर 12 बजे संख-घंटा बाजा के साथ आरती गाकर मयार्दा पुरुषोत्तम की आरती की गई। भगवान की आरती मे भारी संख्या मे भक्त राम मंदिर मे उपस्थित रहे।

भगवान की आरती पूजन के बाद भक्तो के लिए राम मंदिर मे प्रसाद के रूप मे भंडारे का आयोजन किया गया। राम मंदिर के पुजारी पंडित मनोज चौबे ने बताया कि यह प्राचीन रियासत कालीन मंदिर है। वर्षो से मैं यहा पूजा कर रहा हूं। नवमी के अवसर पर राम जन्मोत्सव पर यहां भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमे भक्त बड़ी संख्या में प्रसाद पाने के लिए पहुंचते हैं। राम मंदिर के अलावा प्राचीन कालीन रानी बाई मंदिर और केवल समाज के राम मंदिर में भी भगवान राम का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। यहां भी महा प्रसादी का भोग लगाया गया और प्रसाद भक्तो में बांटा गया। भगवान के जन्म उत्सव पर सभी राम मंदिरो मे भजन कीर्तन चलता रहा। शाम 4 बजे श्रीराम गौ सेवा समिति के सदस्यों द्वारा बाजार लाइनकेवट समाज के राम मंदिर से रामउत्सव शोभायात्रा निकाली गई। भक्त भगवा झंडा लहराते हुए जय श्रीराम के नारे लगाते हुए थिरकते नजर आ रहे थे। शोभा यात्रा राम मंदिर से निकलकर शांति लाल चौक, बाजार लाइन चौक, बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक, टिकरी पारा, वैष्णव देवी मंदिर, जमुना चौक, बिजली ऑफिस, राजमहल चौक, जमातपारा, कडरा पारा, महोबिया पारा, देना बैंकचौक होते हुए राम मंदिर पहुंची। भगवान राम के भक्तजनों में से प्रमुख रूप से राजेश चौबे, आदित्यदेव वैष्णव, शैलेंद्र तिवारी, लुकेश्वरी श्रवण जंघेल, देवराज किशोरवैष्णव,राजेश मिश्रा, रोशन श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, संजीव दुबे, शेषनारायण देवांगन, युवराज महोबिया, अंकित महोबिया, आलोक वैष्णव, डॉ हरी महोबिया, प्रेम किशनश्रीवास, शरद श्रीवास्तव, पील्लू यादव, राजा यादव, रोशन चंद्राकर, जग्गू रजक, दीपक देशमुख, धीरज देशमुख, सत्यम महोबिया, मानव रजक, विमल चंद्राकर, अजय यादव, शरद वैष्णव, सचिन महोबियासहित राम भक्त शामिल हुए।

## हर समाज और वर्ग में सामुहिक विवाह के आयोजनों की दरकार

# सामुहिक विवाह में 7 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, विधायक ने दिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




विखं छुरिया के ग्राम खोभा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आदर्श सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 7 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इन जोड़ों की छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी गई। उक्त कार्यक्रम में विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू शामिल हुई। उन्होंने नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए वैवाहिक जीवन में उन्हें एक-दूसरे को समान सम्मान देने और सुख-दुःख साझा करने की सलाह दी।

महिला व बाल विकास विभाग के सामुहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक छन्नी साहू ने कहा कि- हमारे सरकार की यह पहल प्रशंसनीय है। हर समाज और वर्ग में सामुहिक विवाह के आयोजनों की दरकार है। इससे दुल्हा-दुल्हन के परिजनों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ हल्का होता है। बगैर किसी खर्च के मांगलिक कार्य पूरे होते हैं और परिवारों में खुशियां आती है। मैं हमेशा ऐसे आयोजनों और पहल की पक्षधर रही हूं।

उन्होंने कहा कि- दिखावे के फे र में न फंसकर सामुहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंध जाना भी समाज को बड़ा संदेश देता है। इससे आपको अपनी जिम्मेदारियों और लोगों की आपसे अपेक्षाओं का भी आभास होता है। यह रीत चलती रहनी चाहिए। उन्होंने नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें वैवाहिक जीवन के आरंभ पर शुभकामनाएं दी।

**सामुदायिक भवन का भी किया भूमिपूजन :** खोभा में ही कंवर आदिवासी समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक श्रीमती छन्नी चंदु साहू जी के कर कमलों से सम्पन्न हुआ,भवन के लिए समाज के पदाधिकारियों ने मांग की थी जिसपर विधायक जी ने सहमति प्रदान करते हुए स्वीकृति प्रदान की है व साथ ही साथ भूमिपूजन भी बुधवार को सम्पन्न हुआ जिसके बाद सामाजिकजनो में हर्ष व्याप्त है।

## आज गुड मॉर्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम स्थगित

**राजनांदगांव।** प्रत्येक माह आयोजित होने वाली गुड मॉर्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम प्रतिकूल मौसम को देखते हुए स्थगित कर दी गई है। ज्ञातव्य हो कि 1 अप्रैल 2023 को सुबह 7 बजे पुष्प वाटिका राजनांदगांव में गुड मॉर्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था।

## सात दिवसीय स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर आज से

**राजनांदगांव।** शरीर शुद्धि, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा व यज्ञ चिकित्सा एवं पंचगव्य-आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन 1 अप्रैल से 7 अप्रैल 2023 तक माँ पंचगव्य चिकित्सा एवं गौरक्षा अनुसंधान केन्द्र बसंतपुर महामाया चौक राजनांदगांव में किया जाएगा। शिविर में वैदिक योग महाविद्यालय हरियाणा एवं वैदिक गुरूकुल जुनागढ़ गुजरात के आचार्य तथा नाड़ी वैद्य विशेषज्ञ विक्रम सिंह झाला द्वारा सभी तरह साध्य व असाध्य रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिया जाएगा।

# सर्वेक्षण और बेरोजगारी भत्ता का कार्य संवेदनशीलता के साथपूरा करें : कलेक्टर

■ किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न ना हो, इसका विशेष ख्याल रखें

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डोमन सिंह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 और बेरोजगारी भत्ता पंजीयन के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 और बेरोजगारी भत्ता पंजीयन का कार्य बेहद संवेदनशीलता के साथ गंभीरतापूर्वक करें।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई चूक ना हो, जिससे अप्रिय स्थिति न बने इसका विशेष ख्याल रखें। कलेक्टर में बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि इस कार्य में बुजुर्ग दिव्यांग या बीमार व्यक्ति की ड्यूटी ना लगाएं।

कलेक्टर ने बैठक में इस महत्वपूर्ण कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का कार्य बेहद महत्वपूर्ण है। इस कार्य के माध्यम से व्यक्ति के आर्थिक-समाजिक का आकलन किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए लगे प्रकरणों को सभी बारिकियों के साथ प्रशिक्षण दिया जाए। इसी प्रकार बेरोजगारी भत्ता पंजीयन के लिए आवश्यकतानुसार क्लस्टर बनाने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विकासखंड और नगरीय निकाय क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पर्याप्त कलस्टर पर बेरोजगारी भत्ता पंजीयन के कार्य किया जाए।

# स्कूलों में शिक्षको की कमी, जिले में कई स्कूल इतने जर्जर, जान जोखिम में डालकर बच्चे पढ़ाई कर रहे

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षको की कमी बनी हुई है वही जिले में कई स्कूल इतने जर्जर हो गये है कि वहॉ जान जोखिम में डालकर बच्चे पढ़ाई कर रहे है। कई गांव में तो कक्षाएँ लगाने के लिए विकल्प भी नही है इन्ही में शामिल है मुंगेली ब्लाक के अंतर्गत माराडबरी और लालपुर की शालाएँ लालपुर का पुराना स्कूल भवन काफी जर्जर हो चूका था इसी लिए 9-10 माह पूर्व उसे तोड़ दिया गया है और नया स्कूल भवन बना नही है विवश होकर शिक्षको को एक छोटे से मंगलभवन में कक्षाएँ लगानी पड़ रही है विडंबना यह है कि मंगलभवन भी बच्चो के लिए सुरक्षित नही है क्योकि वह भी काफी जर्जर हो चूका है लगभग यही आलम माराडबरी की भी है वही के निवासी संतोष यादव ने बताया कि जर्जर स्कूल भवन को तोड़ दिया गया है लेकिन लालपुर और माराडबरी में नया स्कूल भवन बनवाने के प्रति न तो जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे है और न ही शिक्षा विभाग की ओर से पहल की जा रही है वैकल्पिक व्यवस्था नही होने के कारण शिक्षको को जर्जर मंगल भवन एवं आंगनबाड़ी में बच्चो का भविष्य गढ़ना पड़ रहा है। प्रशासन और प्रतिनिधियो से शिकायत करने के बाद भी शिक्षको और बच्चो की सुरक्षा जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नही दिया। सुरक्षा व्यवस्था की इस बदहाली से सुविधाओं की कमी का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

कौन है जिम्मेदार - पंचायत के मुखिया और ग्रामीणो ने कलेक्टर के जनदर्शन और संबंधित अधिकारीयो से कई बार उक्त दोनो गांव में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली से अवगत करा चूके है बताया जा रहा है कि जनपद पंचायत नया स्कूल भवन उक्त गांवों में बनवाने की प्रस्ताव भेज चूकि है लेकिन नवीन भवन निर्माण की ओर कोई जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नही दे रहे है। आंगनबाड़ी के बच्चो की गतिविधिया भी प्रभावित - एक ओर केन्द्र और राज्य सरकार शिक्षा के लिए करोड़ो रूप्या पानी की तरह बहा रही है दूसरी तरफ आलम यह है कि मुंगेली ब्लाक के ही ग्राम माराडबरी में भी जिले में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली की पोल खोल रही है यहॉ आंगनबाड़ी केन्द्र में कक्षा लग रही है। क्योकि स्कूल भवन अत्यंत जर्जर होने के कारण 9-10 माह पूर्व तोड़ दिया गया था पर नया स्कूल भवन नही बनवाया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र में स्कूल संचालित होने के कारण आंगनबाड़ी के बच्चो की गतिविधिया भी प्रभावित हो रही है। इससे अभिभावको में शिक्षा विभाग के प्रति नाराजगी है।

जोखिम में बच्चो, शिक्षको की जान - शासकिय प्राथमिक शाला लालपुर की दर्ज संख्या 50 है जो कि जर्जर मंगलभवन में संचालित हो रही है वही शासकिय प्राथमिक शाला माराडबरी की दर्ज संख्या 38 है। जो कि आंगनबाड़ी केन्द्र में पढ़ाई करने में मजबुर है इन बच्चो और शिक्षक शिक्षिकाएँ अपने जान जोखिम में डालकर अपने दायित्वो का निर्वहन कर रहे है। सरंपच प्रतिनिधि केशली कला रूप चंद जांगड़े और अभिभावको ने दोनो गांव में शिक्षा व्यवस्था बदहाली बयॉ करते हुयें सचेत किया है कि किसी भी हादसे के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। दोनो गांव के स्कूलो की दूर्दशा के संदर्भ में प्रतिनिधि एवं अभिभावको ने कलेक्टर जनदर्शन में कई बार आवेदन दिये है और जनपद एवं शिक्षा विभाग से उच्च अधिकारियो से संपर्क किया। लेकिन किसी ने भी संतोषप्रद या आशाजनक जवाब नही दिया।

**जानकारी लेकर कि जायेगी कार्यवाही** - ग्राम लालपुर और माराडबरी स्कूल भवन जर्जर होने के चलते अन्य दुसरे भवन में स्कूल संचालित किये जाने की जानकारी मिली है इस संदर्भ में जानकारी लेकर अतिशिघ्र कार्यवाही की जावेगी।

**अजयनाथ,** प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली

# प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सभी शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी हैं नगर निगम: महापौर

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिला नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि नगर निगम कोरबा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की समस्त फ्लैगशिप व जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी हैं, निगम द्वारा इन योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी इच्छाशक्ति व निष्ठा के साथ किया जा रहा है तथा पात्र लोगों तक इनका लाभ पहुंच रहा है। उन्होने कहा कि पीएमएवाई के एएचपी घटक अंतर्गत 3265 एवं बीएलसी अंतर्गत 1744 आवासगृहों का निर्माण पूर्ण किया गया है, वहीं बीएलसी के 1047 आवासगृह प्रगति पर हैं एवं 744 के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे।

नगर निगम महापौर श्री प्रसाद ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासहीन लोगों को पक्के मकान उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम कोरबा ने योजना का सफल क्रियान्वयन करते हुए इस दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियॉं हासिल की हैं। उन्होने बताया कि पीएमएवाई योजना के एएचपी घटक अंतर्गत पूर्व में 481 आवासगृहों का निर्माण कराया गया था, इनमें से 293 आवासगृह मुड़ापार हेलीपेड के समीप, 24 रामपुर में, 32 लाटा में एवं 129 आवासगृह कापरिशन साईट में बनाए गए थे, इन 481 पूर्व निर्मित आवासगृहों में से 368 आवासगृहों का आबंटन हितग्राहियों को कर दिया गया है तथा शेष 113 आवासगृहों का आबंटन प्रक्रिया में है। महापौर प्रसाद ने आगे कहा कि योजना के एएचपी घटक के ही अंतर्गत दादर में 2784 आवासगृहों का निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया गया है, एक बड़ी आवासीय कालोनी के रूप में निर्मित इन 2784 आवासगृहों के लिए सड़क, पानी, बिजली, उद्यान, प्रवेशद्वार, सौदंर्यीकरण सहित सभी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध होंगी, आवासगृहों की डेंटिंग, पेंटिंग व सुविधाओं पर किया जा रहा कार्य भी अपने अंतिम चरण में हैं, साथ ही इन आवासगृहों के आबंटन की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

**बीएलसी घटक में 1774 मकान पूर्ण**
नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे घटक बीएलसी घटक के अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा शासन से प्राप्त अनुदान के माध्यम से अपनी जमीन पर स्वयं मकान बनाए जाते हैं, उन्होने बताया कि नगर निगम कोरबा द्वारा बीएलसी घटक अंतर्गत 1774 आवासगृहों का निर्माण कार्य पूरा कराया गया है, वहीं वर्तमान में 1047 आवासगृहों का निर्माण प्रगति पर है, साथ ही 744 आवासगृहों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा।

**हितग्राहियों को समय पर भुगतान**
महापौर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक अंतर्गत मकान बनाने वाले हितग्राहियों को समय पर राशि उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम कोरबा पूरी तत्परता व सजगता के साथ कार्य कर रहा है, हितग्राहियों द्वारा जैसे-जैसे विभिन्न स्तर पर आवासगृह का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाता है, वैसे-वैसे प्रत्येक स्तर का भुगतान निगम द्वारा त्वरित रूप से कराया जा रहा है एवं भुगतान में किसी प्रकार का विलंब नहीं हो रहा है। बीएलसी घटक अंतर्गत शासन से प्राप्त अनुदान राशि का क्रमशः भुगतान हितग्राहियों को मकान के फाउण्डेशन लेवल, लिन्टल लेवल, रूफलेवल के कार्य पूर्ण होने पर तथा अंतिम भुगतान सम्पूर्ण कार्य की पूर्णता पर किया जाता है।

# 45 मिनट चली महाआरती में उमड़ा समूचा कुसमुंडा क्षेत्र

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा शहर के कोरबा पश्चिम के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर मां दुर्गा पंडाल में शारदीय नवरात्र की भांति ही चैत्र नवरात्र में भी मां आदि शक्ति भवानी की भव्य प्रतिमा की पूरे नौ दिन विधि-विधान से पूजा आरती होती है। इसी कड़ी में महाअष्टमी के दिन मां दुर्गा की भव्य महाआरती का आयोजन दुर्गा समिति की ओर से किया गया।

इस महाआरती में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी सम्मिलित होने पंहुचे। मां जगदम्बे की पूजा की जिम्मेदारी संभाल रहे भरत तिवारी महाराज पर इस भव्य महाआरती को पूर्ण कराने का जिम्मा था। जो बीते 48 घंटे पूर्व ही इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए थे। वहीं उनके आदेशानुसार मां दुर्गा पूजा समिति भी महाआरती लिए जरूरी सभी व्यवस्थाओ में लगी हुई थी। महाआरती के लिए पूजा पंडाल परिसर में ही अलग-अलग 5 मंच बनाए गए थे, जिसमें खड़े होकर भरत तिवारी महाराज के साथ और 4 पंडितो ने भव्य महाआरती की। लगभग 45 मिनट तक चली इस महाआरती में पूरा कुसमुंडा क्षेत्र उमड़ पड़ा। महाराज भरत तिवारी ने बताया कि गंगा आरती की तरह ही मां दुर्गा की भी महाआरती करने की बड़ी मंशा थी। जिसे लेकर मां दुर्गा समिति और क्षेत्र के पार्षद अमरजीत सिंह से चर्चा की गई। जिन्होंने आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियों को उठाते हुए पूरे आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया। जिस वजह से कुसमुंडा क्षेत्रवासियों को यह भव्य महाआरती देखने सौभाग्य प्राप्त हुआ। निश्चित रूप से कुसमुंडा क्षेत्र में इस तरह का यह पहला आयोजन था जिसके लिए सभी ने आयोजन समिति की तारीफ की।

# 2 वर्ष पुराने पंजीयन वाले ही बेरोजगारी भत्ते के लिये पात्र

**रायगढ़।** सूचना मिल रही है कि बेरोजगारी भत्ते के आवेदन के लिए रोजगार कार्यालयों में पंजीयन कराने के लिये बहुत सारे लोगों की भीड़ लग रही है। जिसमें से बहुत से लोग ऐसे हैं जो अपने पंजीयन के नवीनीकरण के लिए पहुंच रहे हैं या नया पंजीयन करवाने के आ रहे हैं। इस संबंध में रोजगार विभाग ने स्पष्ट किया है कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिये रोजगार कार्यालय में नया पंजीयन कराने की आवश्यकता नही है। क्योंकि बेरोजगारी भत्ते की पात्रता केवल उन्हीं व्यक्तियों को है जिनका पंजीयन कम से कम 2 वर्ष पुराना है। नया पंजीयन कराने वालों को बेरोजगारी भत्ते की पात्रता नही है। पंजीयन के लिये रोजगार कार्यालय आने की आवश्यकता नही है। ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर घर बैठे किया जा सकता है। 3 वर्ष पुराने पंजीयन का नवीनीकरण अंतिम तारीख बीत जाने के बाद भी 2 माह के भीतर कभी भी कराया जा सकता है, इसलिये नवीनीकरण के लिये भी किसी प्रकार की जल्दीबाजी करने की आवश्यकता नही है। बेरोजगारी भत्ते के लिये आवेदन का ऑनलाइन पोर्टल 1 अप्रेल से खुलेगा। आवेदन किसी भी स्थान से ऑन लाइन पोर्टल पर किया जा सकता है। चॉइस सेंटरों पर भी आवेदन किया जा सकता है।

# पूर्ववर्ती जिला सहकारी कृषि व ग्रामीण विकास बैंक (भूमि विकास बैंक) के लिए एकमुश्त समझौता योजना लागू

**रायगढ़।** पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा पूर्ववर्ती जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (भूमि विकास बैंक) द्वारा कालातील ऋणों (एनपीए खातों)के लिए एकमुश्त समझौता योजना (ओटीएस)लागू की गई है। अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी सुनील सोढ़ी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके लिए हितग्राही को समझौता राशि का 25 प्रतिशत राशि जमा कर शेष राशि 10 समान किस्तों में 10 माह के भीतर जमा करना होगा। इस योजना का उद्देश्य ऐसी ऋणी जिनकी अचल संपत्ति ऋण जमानत स्वरूप रखी हुई है या अचल संपत्ति पर बिक्री जारी हो चुकी है उन्हें पुनरू अपनी संपत्ति प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने तथा वसूली से संबंधित कानूनी मामलों में कमी लाना है साथ ही ऐसी ऋणी जिनकी मृत्यु हो चुकी है यह ऋणी का कोई अता-पता नहीं है प्रकरण में उत्तराधिकारीध्गारण्टर को बैंक ऋण चुकाने का अवसर प्रदान करना है योजना की अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक)शाखा में संपर्क कर सकते है।



**मुंगेली।** सुखनंदन कालेज के 7 छात्राओं ने विश्वविद्यालय मेरिट सूचि सत्र 2021-22 के टाप टेन ने अपना जगह बनाया जिसमें से ललिता पटेल ने बीसीए टाप टेन में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसको महामुहिम राज्य पाल द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। एवं दुसरे स्थान में राजीम, तीसरे स्थान पर शिवानी शर्मा, चैथे स्थान पर केवरा यादव, रिना देवी, लक्ष्यद्विप चतुर्वेदानी एवं बीएससी गणित संकाय से शुभम यादव ने 5 वां रैक प्राप्त किया जिसपर सुखनंदन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. आभा चैबे व प्रशासनिक अधिकारी गौरव सप्र ने बधाई दी तथा वाईस प्रिसिंपल डॉ रमाकांत चन्द्राकार एवं समस्त स्टाप ने सभी छात्राओ को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।



**मुंगेली।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन भी शामिल हुए, जहां उन्होने होनहार छात्रो प्रमाणपत्र व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया, इस अवसर पर जिले आशीष सिंह क्षत्रिष को मास्टर ऑफ़ आर्ट्स (अर्थशास्त्र) में राज्यपाल के हाथों सवर्ण पदक मिला । वर्तमान में आशीष मुंगेली जिले में पटवारी पद पदस्थ है। आशीष सिंह आर्दश कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष आत्मसिंह क्षत्रिय के सुपुत्र है ।

# श्रीरामचरितमानस मानस सम्मेलन 1 अप्रेल से प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

श्रीरामचरितमानस सम्मेलन समिति मुंगेली द्वारा आयोजित मानस सम्मेलन 1 अप्रेल से प्रारंभ होने जा रहा है। इस वर्ष समिति द्वारा खास आकर्षण के तौर पर श्रीरामचरितमानस सम्मेलन के अलावा श्रीरामचरितमानस यज्ञ का भी आयोजन 1 अप्रेल से प्रारंभ हो रहा है। वहीं कार्यक्रम में आंशिक परिवर्तन करते हुए समिति द्वारा सम्मेलन कार्यक्रम के स्थान पर एकल मंचीय प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। श्रीरामचरितमानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष तरुण किशोर सिंह ने बताया कि कनिष्ठ शंकराचार्य जगद्गुरू स्वामी आत्मानंद सरस्वती कि हौमुखनाथ आश्रम पथरिया म प्र द्वारा कार्यक्रम में शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिदिन 1 से 9 अप्रेल तक श्रीरामचरितमानस का प्रवचन किया जाएगा। वहीं 1 अप्रेल से प्रतिदिन सुबह 10 बजे से यज्ञ हवन एव पूजन कार्य यज्ञाचार्य रवीश पांडेय द्वारा कराया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की भांति बीआर साव स्कूल मैदान में इस वर्ष भी श्रीरामचरितमानस का आयोजन 1 अप्रेल से प्रारंभ होने जा रहा है। समिति के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम में मानस सम्मेलन के अलावा श्रीरामचरितमानस यज्ञ का भी आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। 1 अप्रेल को कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा के साथ होगी जिसमें समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कलशयात्रा में कलश के लिए पात्र लेकर कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर कलश यात्रा कार्यक्रम को दिव्यतम रूप देने में माता एवं बहिने सहयोग प्रदान करेगी। साथ ही प्रतिदिन यज्ञ एव श्रीरामचरितमानस प्रवचन का लाभ उठाने सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने इहलोक और परलोक दोनों को सुधारने का कार्य करें ।

# बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेंगे 2500 रूपये

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो रही है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा। बेरोजगारों को साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। बेरोजगारी भत्ता योजना का लाभ लेने आवेदक के पूरे परिवार की आय सलाना 2.50 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। परिवार से तात्पर्य पति-पत्नी, आश्रित बच्चे और आश्रित माता-पिता से है।

**पात्रता की शर्तें-** बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन किए जाने वाले वर्ष के 1 अप्रैल को आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम हायर सेकेण्डरी यानी 12वीं कक्षा पास हो। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला रोजगार एवं स्व-रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष की 1 अप्रैल की स्थिति में हायर सेकेण्डरी या उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की स्वयं का आय का कोई स्रोत न हो और आवेदक के परिवार के सभी स्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपए से अधिक न हो। पारिवारिक आय हेतु तहसीलदार या उससे उच्च राजस्व अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र बेरोजगारी भत्ता की आवेदन तिथि से 1 वर्ष के अंदर ही बना हो।

**कौन होगा अपात्र-** बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक के परिवार के एक से अधिक सदस्य यदि पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं तो परिवार के एक ही सदस्य को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा। ऐसी स्थिति में बेरोजगारी भत्ता उस सदस्य को स्वीकृत किया जाएगा, जिसकी उम्र अधिक हो। उम्र समान होने की स्थिति में रोजगार कार्यालय में पहले पंजीयन करने वाले सदस्य को बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र किया जाएगा। उम्र और रोजगार पंजीयन की तिथि, दोनों समान होने की स्थिति में उस सदस्य को पात्र किया जाएगा जिसकी शैक्षणिक योग्यता अधिक हो। आवेदक के परिवार का कोई भी सदस्य केंद्र या राज्य सरकार की किसी भी संस्था या स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या फिर ग्रुप डी को छोड़कर अन्य किसी भी श्रेणी की नौकरी में होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा। यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय अथवा निजी क्षेत्र में किसी नौकरी का ऑफर दिया जाता है, परंतु आवेदक ऑफर स्वीकार नहीं करता है तो वह योजना के लिए अपात्र हो जाएगा। पूर्व और वर्तमान मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और संसद या राज्य विधानसभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्य, नगर निगमों के पूर्व और वर्तमान महापौर और जिला पंचायतों के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। साथ ही ऐसे पेंशनभोगी जो 10 हजार रूपए या उससे अधिक की मासिक पेंशन प्राप्त करते हैं, उनके परिवार के सदस्य भत्ते के लिए अपात्र होंगे। साथ ही इनकम टैक्स भरने वाले परिवार के सदस्य, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, चार्टड एकाउंटेंट और पेशेवर निकायों के साथ पंजीकृत आर्किटेक्ट के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे।

**आवेदन की प्र्रि या-** बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए प्रतिवर्ष संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। इच्छुक आवेदकों से बेरोजगारी भत्ता लेने के लिए https://berojgaribhatta.cg.nic.in/ में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। वेबसाइट में आवेदक को सबसे पहले अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करना होगा। रजिस्ट्रेशन के समय ओटीपी की एंट्री करनी होगी। ओटीपी सत्यापन के बाद आवेदक को अपना लॉग-इन पासवर्ड बनाना होगा और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के आधार पर पोर्टल में आवेदन के लिए लॉग-इन करना होगा। आवेदक को अपनी सभी मूलभूत जानकारी निर्धारित फार्मेट के अनुसार पोर्टल में अपलोड करनी होगी। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन में पते के रूप में उसी जनपद पंचायत या नगरीय निकाय का पता देना होगा, जहां से उसका छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र जारी हुआ है। ताकि उसे प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए उसी पंचायत या निकाय क्षेत्र में बुलाया जा सके। विवाहित महिलाओं को अपने पति के निवास प्रमाण पत्र से संबंधित क्षेत्र के निवास का पता देना होगा।

ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदक को आवेदन का प्रिंट निकालकर उस पर हस्ताक्षर करना होगा और उसके साथ अन्य सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ उसे सत्यापन तिथि को निर्धारित समय और स्थान पर आना अनिवार्य होगा। सत्यापन तिथि, स्थान और समय की जानकारी पोर्टल के डैशबोर्ड पर उपलब्ध कराई जाएगी।



**मुंगेली।** चैत्र नवरात्रि की अष्ट्मी को देर शाम तक मंदिरो में हवन के बाद नवमी के दिन मंदिरो में बोये गए जवारा का विसर्जन होना प्रारभ हो गया,, जो देर शाम तक चलता रहा,, दाऊ पारा की महामाया मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकले जवारा का अगर नदी तट पर विसर्जन हुआ,, वही पंडरिया रोड़ स्थित शक्ति माई मंदिर, अंगार मोती मंदिर, दुर्गा मंदिर, से निकले जवारा का विसर्जन सिटी कोतवाली के पीछे आगर नदी के तट पर किया गया,, सोनार पारा स्थित प्राचीन महामाया मंदिर का जवारा अपनी पुरानी परम्परा अनुसार देर रात निकले की प्रथा है।

## कोयला उत्पादन में बढ़ोत्तरी के बाद भी नंबर 1 से दूर

# एमसीएल ने एसईसीएल को फिर पछाड़ा, दूसरे नंबर से करना होगा संतोष

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



एक समय एसईसीएल कोल इंडिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादन कंपनी हुआ करती थी। कंपनी के सिर से यह तमगा अब छिन चुका है। इस वित्तीय वर्ष भी कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल नंबर वन कोयला उत्पादन कंपनी नहीं होगी। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने एसईसीएल को पछाड़ दिया है। 190 मिलियन टन से ज्यादा कोयला उत्पादन और डिस्पैच के साथ एमसीएल नंबर वन कंपनी है। एसईसीएल को दूसरे पायदान से संतोष करना पड़ेगा। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कोल इंडिया को 700 मिलियन टन कोयला उत्पादन का टारगेट मिला हुआ है। इसके अनुसार कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों का टारगेट तय किया गया था। जिसमें सबसे अधिक कोयला उत्पादन और डिस्पैच का टारगेट 182 मिलियन टन एसईसीएल को मिला था। जिसके बाद एमसीएल को 176 मिलियन टन का टारगेट था। शुरुआत से ही एमसीएल ने कोयला उत्पादन और उठाव में तेजी पकड़ ली थी। शुरू से एमसीएल इस मामले में अव्वल रही। जिसका परिणाम रहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के अंतिम माह तक एमसीएल ने सभी कंपनियों को पछाड़ दिया। अब वित्तीय वर्ष की समाप्ति में चंद दिन शेष हैं। 27 मार्च तक की स्थिति में एमसीएल ने 176 मिलियन टन के मुकाबले 190.85 मिलियन टन उत्पादन और 190.46 मिलियन टन कोयला डिस्पैच कर लिया है। लक्ष्य से कहीं अधिक उत्पादन और उठाव का कीर्तिमान एमसीएल ने स्थापित कर दिया है। वही सबसे अधिक टारगेट की चुनौती लेकर उतरी एसईसीएल की कोयला उत्पादन और डिस्पैच की रफ्तार शुरुआत से ही लक्ष्य अनुरूप नहीं रही। उक्त तिथि तक 182 मिलियन टन लक्ष्य के मुकाबले एसईसीएल ने 163.61 मिलियन टन उत्पादन और 157.5 मिलियन कोयला का उठाव किया है। शेष बचे 4 दिनों मे लक्ष्य तक पहुंचना भी मुश्किल है। जिसके परिणाम स्वरूप लगातार दूसरे साल एसईसीएल अनुषंगी कंपनी एमसीएल से पिछड़ गई है। हालांकि एसईसीएल ने सर्वाधिक कोयला उत्पादन और उठाव का रिकॉर्ड बनाते हुए ग्रोथ भी हासिल किया है। पुनः एमसीएल के सिर सबसे बड़ी उत्पादन कंपनी का ताज सजेगा। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए एसईसीएल को 200 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन का टारगेट तय है। ऐसे में उम्मीद होगी कि आगामी वित्तीय वर्ष में पुनः एसईसीएल अपने नंबर वन रैंकिंग को हासिल कर लेगी। एमसीएल और एसईसीएल के बाद 100 मिलियन टन क्लब में एक अन्य कंपनी एनसीएल शामिल है, जो 129.68 मिलियन टन कोयला उत्पादन और 132.01मिलियन टन डिस्पैच कर लक्ष्य 122 से आगे निकल चुकी है।कोल इंडिया को मौजूदा वित्त वर्ष में 700 मिलियन टन कोयला उत्पादन और उठाव का लक्ष्य है। इसके मुकाबले 27 मार्च तक की स्थिति में कंपनी ने 691.32 मिलियन कोयला उत्पादन और 685.47 मिलियन कोयला का उठाव कर लिया है। कंपनी अपने लक्ष्य के काफी करीब है। 4 दिनों में कंपनी के लक्ष्य तक पहुंचने की उम्मीद है। एमसीएल के लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन और उठाव के कारण कोल इंडिया की स्थिति बेहतर हुई है। अन्य कुछ कंपनियों ने भी टारगेट से अधिक कोयला उत्पादन उठाव किया है।




# नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों ने नगर को स्वच्छ बनाए रखने की ली शपथ

**मुंगेली।** नगरपालिका परिषद कार्यालय मुंगेली में नगरपालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी की उपस्थिति में कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने नगर को साफ और स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली। मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनुभव सिंह ने बताया कि शपथ के बाद लोगों को स्वच्छता हेतु जागरूक करने नगरपालिका परिषद् मुंगेली की टीम द्वारा पड़ाव चैक से होते हुए बस स्टैंड तक स्वच्छता मशाल मार्च निकाला गया। जिसका मुख्य उद्देश्य नगरवासियों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता लाना है।

# पॉवर कंपनी के ईडी प्रद्युम्न पांडे को दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (ईंधन प्रबंधन) प्रद्युम्न पांडे को को सेवानिवृत्त उपरान्त कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे एवं जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एस.के.कटियार ने उन्हें सेवा प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रद्युम्न पांडे के साथ अपने कार्य अनुभवों को साझा करते हुए उनके विनम्र व्यवहार और मिलनसारिता का उल्लेख किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रद्युम्न पांडे ने अपने कार्य अनुभव को साझा करते हुए बताया कि लंबा समय संयंत्र में काम करते हुए बीता तो दूसरी ओर मुख्यालय में पॉवर कंपनी के अधिकांश विभागों के कार्यों का व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया। प्रबंध निदेशकों ने सेवानिवृत्त अभियंताओं की सेवाओं को प्रदेश के विद्युत विकास के लिए महत्वपूर्ण निरूपित करते हुए उनके द्वारा विद्युत मंडल एवं कंपनी में दिये गये योगदान की सराहना की तथा उनके उज्जवल एवं सुखमय भविष्य की कामना की। इसके अतिरिक्त पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी कृपा शंकर तिवारी, जनरेशन कंपनी के सहायक प्रबंधक (वित्त) मानिक राव सिलारे एवं अनुभाग अधिकारी नारद सिंह चंदेल को भी संबंधित कार्यालयों में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) गोविंद पटेल एवं सहायक प्रकाशन अधिकारी अनामिका मंडावी ने किया।

# एक लाख 84 हजार से अधिक बीपीएल राशन कार्डधारियों को आज से किया जाएगा फोर्टिफाईड चावल का वितरण

**महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण एवं एनीमिया को दूर करने के लिए फोर्टिफाईड चांवल अत्यंत उपयोगी**

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रचलित बीपीएल श्रेणी के राशन कार्डधारियों को शनिवार से फोर्टिफाईड चांवल का वितरण किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि इसके अंतर्गत ऐसे कार्डधारी जो बीपीएल श्रेणी में आते है। वे पोषण युक्त फोर्टिफाईड चांवल अपने समीप के शासकीय उचित मूल्य के दुकान से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 469 शासकीय उचित मूल्य की दुकाने संचालित है। जहां एक लाख 84 हजार 968 बीपीएल श्रेणी के राशन कार्ड प्रचलित है। जिले के बालोद विकासखण्ड में 28 हजार 201 गुरूर विकासखण्ड में 30 हजार 297 , गुण्डरदेही विकासखण्ड में 50 हजार 337, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में 42 हजार 772 एवं डौण्डी विकासखण्ड में 33 हजार 361 राशन कार्डधारी फोर्टिफाईड चांवल से लाभान्वित होंगे।

### छत्तीसगढ़ में 65 प्रतिशत आबादी का भोजन चांवल

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बच्चों में कुपोषण एवं एनीमिया को दूर करने हेतु पोषण युक्त फोर्टिफाईड चांवल बहुत ही उपयोगी है। फोर्टिफाईड चांवल को सामान्य चांवल आटे के साथ आयरन, विटामीन, बी-12 एवं फोलिक एसीड निर्धारित मात्रा में मिलाकर बनाया जाता है। इस फोर्टिफाईड चांवल को सामान्य चांवल में 01 प्रतिशत वितरण कर उपयोग हेतु वितरण की जा रही है। छत्तीसगढ़ में 65 प्रतिशत आबादी का भोजन चांवल है। चांवल में ऊर्जा व पोषक तत्वों का मिश्रण है। जिसे फोर्टिफाईड चांवल को मिलाकर उपयोग किए जाने से कुपोषण एवं एनीमिया को दूर भगाने हेतु बहुत ही कारगर साबित हो रहा है।

### हितग्राही अप्रैल एवं मई दो माह का एक मुश्त चावल कर सकते है प्राप्त

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने हितग्राहियों को फोर्टिफाईड चांवल को प्लास्टिक चांवल कहने के संबंध में किसी भी प्रकार की अफवाह में नहीं आने को कहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में राज्य के 12 जिलों में फोर्टिफाईड चांवल प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया गया था। अब 1 अप्रैल से राज्य के सभी 33 जिलों में प्रारंभ की जा रही है। अप्रैल माह में एपीएल कार्डधारी को छोड़कर अन्य राशन कार्डधारी हितग्राही अपने निकट के शासकीय उचित मूल्य के दुकानों से अप्रैल एवं मई दो माह का एक मुश्त चांवल प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा अन्य राशन सामग्री शक्क र, नमक एवं केरोसीन पूर्व माह की भांति प्राप्त कर सकेंगे।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403